रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4

PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 194] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 28, 2007/आश्विन 6, 1929

No. 194] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 28, 2007/ASVINA 6, 1929

भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स संस्थान

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 सितम्बर, 2007

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स)

सं. 1-सीए(5)/58/2007.—चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट अधिनियम, 1949 की धारा 18 की उप धारा (5ख) के अनुसरण में, भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स संस्थान की परिषद् के 31 मार्च, 2007 को समाप्त हुए वर्ष के लिए संपरीक्षित लेखाओं और रिपोर्ट की एक प्रति जनसाधारण की जानकारी के लिए एतद्द्वारा प्रकाशित की जाती है ।

58वीं वार्षिक रिपोर्ट

भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स संस्थान की परिषद् को 31 मार्च, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष की 58वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है । भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स संस्थान (आईसीएआई), जिसकी स्थापना, 1 जुलाई, 1949 को संसद् के अधिनियम द्वारा की गई थी, इस वर्ष के दौरान अपनी स्थापना के 58वें वर्ष में प्रवेश कर गया है । परिषद् इस संस्थान की इस प्रतिष्ठा के लिए सदस्यों और छात्रों की प्रशंसा करती है, जो चार्टर्ड एकाउन्टेन्सी वृत्ति को आज समाज में प्राप्त है । इसे सभी सदस्यों और छात्रों द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्टता, स्वतंत्रता, और सत्यनिष्ठा के परिणामस्वरूप प्राप्त किया गया है ।

इस परिप्रेक्ष्य में, रिपोर्ट में परिषद् और इसकी विभिन्न समितियों की वर्ष 2006-2007 की तथा संक्षेप में मध्य अगस्त, 2007 तक की महत्वपूर्ण गतिविधियों का उल्लेख किया गया है । रिपोर्ट में वर्ष के दौरान सदस्यों और छात्रों से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाएं तथा सांख्यकीय रूप रेखा भी सम्मिलित की गई है । रिपोर्ट में, आयोजित की गई संगोष्ठियों/सम्मेलनों, संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा सदस्यों और वर्ष 2006-2007 के संस्थान के लेखाओं के ब्यौरों को भी समाविष्ट किया है ।

वर्ष के दौरान वृत्तिक के संबंध में जो एक अत्यधिक महत्वपूर्ण घटना घटी है वह चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट अधिनियम, 1949 में संशोधनों के माध्यम से बहुप्रतीक्षित परिवर्तन करना है । इस संबंध में, यहां यह उल्लेख करना अनिवार्य है कि चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स (संशोधन) अधिनियम, 2006 को 23 मार्च, 2006 को भारत के राष्ट्रपति की सम्मति के पश्चात् केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया था ।

उक्त संशोधन अधिनियम द्वारा किए गए संशोधन वस्तुतः अत्यधिक स्पष्टीकारक और व्यापक हैं । संशोधन अधिनियम, 2006 के माध्यम से केन्द्रीय सरकार द्वारा की गई महत्वपूर्ण पहलों में से कुछ में संस्थान के प्रशासन से संबंधित विभिन्न विषयों में संस्थान को स्वायतता प्रदान करना ; एक और अधिक सक्रिय तथा प्रभावी अनुशासनात्मक तंत्र स्थापित करना ; एक क्वालिटी पुनर्विलोकन बोर्ड का गठन करना ; और निर्वाचन संबंधी सुधार करना सम्मिलित हैं ।

नई प्रणाली के अधीन विरचित किए जाने के लिए अपेक्षित नियमों को संशोधन अधिनियम, 2006 द्वारा लाए गए संशोधनों से उदभूत होते हुए प्रवृत्त किया गया है । यद्यपि कतिपय विद्यमान विनियमों का संशोधन करना अपेक्षित है, वहीं नए विनियम बनाना भी आवश्यक हो गया है । इस प्रयोजन के लिए, संस्थान ने केन्द्रीय सरकार को अपने ब्यौरेवार और व्यापक प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं जो उसके सक्रिय विचाराधीन हैं ।

यह आशा की जाती है कि उक्त कानून में किए गए संशोधन परिषद् को उसके कर्तव्यों और कृत्यों का अधिक प्रभावी रीति से निर्वहन करने में समर्थ बनाएंगे ।

सरकार, उद्योग संगम और निगम का, बिना किसी अपवाद के यह दृढ़ विश्वास है कि देश में सुदृढ़ अवसंरचना बनाए जाने के लिए एक सुदृढ़ लेखांकन वृत्ति महत्वपूर्ण कुंजी है और यह प्रत्यक्षतः उस देश और व्यष्टिक कंपनियों की समर्थता से संबंध रखती है । इन रूपरेखाओं पर, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 210क के अधीन गठित लेखांकन मानकों संबंधी राष्ट्रीय सलाहकार समिति ने कंपनी अधिनियम के अधीन विहित किए जाने के लिए लेखांकन मानक 1-29 (एएस 8 को छोड़कर, जिसे एएस 26 के साथ समामेलित किया गया है) की सिफारिश की थी । संस्थान द्वारा जारी इन लेखांकन मानकों की विधि मंत्रालय के परामर्श से समीक्षा की गई थी और उन्हें कंपनी अधिनियम, 1956 के अधीन अधिसूचना सं.739(अ), तारीख 7 दिसम्बर, 2006 के माध्यम से विहित किया गया है । यह पांच वर्षों के लंबे प्रयासों का मधुर परिणाम है और यह कार्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार और साथ ही आईसीएआई की एक प्रमुख संयुक्त उपलब्धि है जिसके द्वारा सर्वोत्तम अंतरराष्ट्रीय व्यवहारों को सम्मिलित करते हुए भारतीय लेखांकन मानकों को विकसित और अधिसूचित किया गया है ।

जैसे-जैसे भारत विश्व के आर्थिक नक्शे पर आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, यह आवश्यक है कि हमारे देश के पूंजी बाजारों में पूरे विश्व के निवेशकों का अटूट विश्वास बनाए रखने के लिए देश की प्रगति का पोषण किया जाए । यद्यपि सरकार, निगम क्षेत्र के प्रचालनों में वृहत्तर नमनीयता और खुलापन उपलब्ध कराके उस विश्वास का पोषण करने के अपने प्रयास जारी रखे हुए है, वहीं पश्चातवर्ती ने स्वयं एक लंबे समय से कारबार में आचार और बेहतर शासन व्यवहारों को रखने के फायदों को मान्यता दी है । भारतीय निगम भी इस तथ्य को मान्यता देते हैं कि एक उचित, पारदर्शी और विश्वसनीय वित्तीय रिपोर्टिंग विश्वास को मजबूत करती है और आर्थिक विकास के जटिल रास्ते को अनिवार्य रूप से सरल बनाती है । इस संबंध में, आईसीएआई, राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भारत सरकार के इस प्रयास का समर्थन करती है कि भारत विश्व में न केवल विश्वस्तरीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों के माध्यम से अपितु उसके द्वारा विरचित अंतरराष्ट्रीय रूप से मान्यताप्राप्त लेखांकन मानकों के माध्यम से भी, उत्कृष्ट और सर्वोत्तम निवेश स्थान के रूप में उभरे ।

1. परिषद्

उन्नीसवीं परिषद्, जिसका गठन 5 फरवरी, 2004 से तीन वर्ष की अवधि के लिए किया गया था, का कार्यकाल 4 फरवरी, 2007 को समाप्त हो गया ।

बीसवीं परिषद् के लिए 16 दिसंबर, 2006 को, और जहां कहीं आवश्यक था (केवल महानगरों में) 15 और 16 दिसंबर, 2006 को केन्द्रीय सरकार द्वारा चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स अधिनियम, 1949 [चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स (संशोधन) अधिनियम, 2006 द्वारा यथासंशोधित] के अधीन विनिर्दिष्ट चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स (परिषद् का निर्वाचन) नियम, 2006 के अनुसार सफलतापूर्वक निर्वाचन कराए गए थे । चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स अधिनियम, 1949 की धारा 9 की उपधारा (2) के उपबंधों के, जो 5 सितंबर, 2006 से प्रवृत्त किए गए हैं, निबंधनों के अनुसार 5 फरवरी, 2007 से तीन वर्ष की अवधि के लिए 32 निर्वाचित सदस्यों और चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स (परिषद् में सदस्यों का नामनिर्देशन) नियम, 2006 के अनुसार केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्देशित 8 सदस्यों वाली बीसवीं परिषद् का गठन किया गया था । उन्नीसवीं परिषद्, जिसने 4 फरवरी, 2007 तक कार्यभार संभाला, की और बीसवीं परिषद्, जिसका गठन 5 फरवरी, 2007 को किया गया था, की संरचना पृथक रूप से दर्शित की गई है ।

परिषद्, उन्नीसवीं परिषद् के सदस्यों, विशेषकर उन सदस्यों, जो परिषद् से सेवानिवृत्त हुए हैं, द्वारा उसके विचार-विमर्शों और अन्य वृत्तिक विकास गतिविधियों में किए गए मूल्यवान सहयोग के लिए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती है ।

2. परिषद् की समितियां

परिषद् ने चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स अधिनियम, 1949 की धारा 17, (परिषद् की समितियां) और चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 21घ, जो 17 नवंबर, 2006 से प्रवृत्त है, के परिवर्ती उपबंधों के अनुसार वृत्ति संबंधी विषयों के बारे में चार स्थायी और विभिन्न अस्थायी समितियों का गठन 5 फरवरी, 2007 को किया । तत्पश्चात् विज़न दस्तावेज, 2021 बनाने के लिए एक विशेष प्रयोजन समिति का गठन किया गया । 31 मार्च, 2007 को समाप्त वर्ष के दौरान, परिषद् की विभिन्न समितियों की 155 बैठकें आयोजित की गई, जबकि 31 मार्च, 2006 को समाप्त वर्ष के दौरान 182 बैठकें आयोजित की गई थीं ।

3. संपरीक्षक

सीए. मनु चड्ढ़ा एफसीए और सीए. गुरमीत एस. ग्रेवाल, एफसीए वित्तीय वर्ष 2006-2007 के लिए आईसीएआई के संयुक्त संपरीक्षक थे । परिषद् उनकी सेवाओं की प्रशंसा करती है ।

4. स्थायी समितियां

4.1 कार्य समिति

यह समिति छात्रों/सदस्यों/फर्मों से संबंधित विभिन्न रजिस्टर रखने, सदस्यों के प्रवेश, हटाए जाने और उनके पुनःस्थापन के कार्य की देख-रेख करती है, जिसमें व्यवसाय प्रमाण-पत्र के निर्गमन समेत सदस्यों से संबंधित विषयों पर, छात्रों से संबंधित सब विषयों पर जिनमें उन्हें अनुज्ञा देना, जहां अपेक्षित हो, छात्रों/सदस्यों/फर्मों की ओर से किए गए विलम्ब की माफी, भी शामिल है, शाखाओं से संबद्ध विषयों, जिनमें नई शाखाएं खोलना, नए चैप्टर खोलना और विदेशों में कार्यालय खोलना तथा कर्मचारियों से संबंधित विषयों, लेखा रखने आदि विषयों पर भी विचार करती है ।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान समिति द्वारा परिषद् को की गई कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशें निम्नलिखित विषयों से सबंधित हैं :

- प्रारूप विनियम - नए/चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स (संशोधन) अधिनियम, 2006 से उदभूत होने वाले, विद्यमान विनियमों में संशोधन और अन्यथा " विद्यमान विनियमों के पुनर्विलोकन संबंधी कार्य समूह" द्वारा तैयार किए गए ।
- चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स (संशोधन) विनियम, 2006 द्वारा लाई गई नई शिक्षा स्कीम के क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप प्ररूप 103 (आर्टीकलों के रजिस्ट्रीकरण के लिए प्ररूप) और प्ररूप 102 (आर्टीकल विलेख) में प्रस्तावित रूपांतरण ।
- शिक्षा और परीक्षा की नई स्कीम के लिए पद्धतियां और क्रियान्वयन अनुसूचियां ।
- एक्सबीआरएल इंडिया लिमिटेड में आईसीएआई की भागीदारी ।
- चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स विनियम, 1988 के अधीन आर्टीकलों को द्वितीय करने के ब्यौरे प्रस्तुत करने के लिए प्ररूप ।
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार विधियों और डब्ल्यूटीओ में पश्च अर्हता पाठ्यक्रम की पुनःसंरचना ।
- बीमा और जोखिम प्रबंधन में पश्च-अर्हता पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण ।
- संस्थान के सदस्यों के लिए समूह बीमा स्कीम बिरला सनलाइफ द्वारा सीएवीएफ के माध्यम से उपलब्ध कराई गई ।
- संस्थान के विद्यार्थियों के लिए समूह बीमा स्कीम ।
- आईसीआईसीआई बैंक द्वारा आईसीएआई के सदस्यों को को-ब्रांडिड क्रेडिट कार्ड जारी करना ।
- भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स संस्थान और युनाइटेड स्टेट्स तथा कनाडा के सरकारी वित्त अधिकारियों की एसोसिएशन के बीच संबंधन करार का निष्पादन ।
- आचार मानकों संबंधी समिति के निर्देश-निबंधनों का पुनरीक्षण ।
- दक्षिणी क्षेत्र में नेल्लौर और मध्य क्षेत्र में बिलासपुर में शाखाओं की स्थापना ।
- सदस्यता फीस में वृद्धि ।
- सिडनी, आस्ट्रेलिया में संस्थान के चैप्टर की स्थापना ।
- अध्ययन सर्कलों का गठन आज्ञापक बनाकर और अध्ययन सर्कलों से सतत वृत्तिक शिक्षा (सीपीएल) के कार्य को आरंभ करने की अपेक्षा करके, छात्र एसोसिएशनों की शाखाओं के कार्यकरण को अधिक प्रभावी बनाने की साध्यता का पता लगाना ।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान समिति द्वारा लिए गए कुछ महत्वपूर्ण विनिश्चय निम्नलिखित से संबंधित हैं:-

1. कड़ी मानव संसाधन पहलों को तैयार करना और कार्यान्वित करना, जिसके अंतर्गत नई योग्यता को आकर्षित करने तथा पुरानी योग्यताओं को बनाए रखने के उद्देश्य से एक त्वरित प्रोन्नति स्कीम भी सम्मिलित है ।
2. छात्रों के लिए विभिन्न छात्रवृत्तियों की रकम में वृद्धि ।
3. वृत्तिक सक्षमता पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति स्कीम ।
4. कार्रवाई में मारे गए सेना और अर्द्ध सेना कार्मिकों के बालकों को रजिस्ट्रीकरण और ट्यूशन फीस से संदाय से छूट ।

5. भारत से बाहर आईसीएआई के चैप्टरों के कार्यकरण संबंधी दिशा-निर्देशों का पुनर्विलोकन ।

6. संस्थान द्वारा जारी किए जाने वाले प्रमाणपत्रों के लिए एक नया प्ररूप विकसित करना ।

7. गैर-शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन करते समय क्षेत्रीय परिषदों और उनकी शाखाओं द्वारा अपनाए जाने वाले प्ररूप दिशा निर्देश ।

8. 8 और अधिक तलों वाले आईसीएआई भवनों को 'आईसीएआई टॉवर' कहा जाए और अन्य सभी आईसीएआई भवनों को 'आईसीएआई भवन' कहा जाता रहेगा ।

4.2 वित्त समिति

परिषद् की यह स्थायी समिति चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स (संशोधन) अधिनियम, 2006 द्वारा किए गए संशोधनों के कारण अस्तित्व में आई । केन्द्रीय सरकार को प्रस्तावित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स विनियमों में संशोधनों का अनुमोदन लंबित रहने के दौरान, यह समिति, पूर्व में केन्द्रीय बजट और वित्त समिति को समनुदेशित कृत्यों और ऐसे किसी अन्य कृत्य का निष्पादन करेगी, जिसे समय-समयय पर समनुदेशित किया जाए ।

4.3 परीक्षा समिति

चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट फाइनल, वृत्तिक शिक्षा-II और वृत्तिक शिक्षा- I परीक्षाएं नवंबर, 2006 में दुबई और काठमाण्डू के अतिरिक्त देश भर के 102 शहरों में क्रमशः 151, 171 और 150 केन्द्रों पर आयोजित की गई और मई, 2007 में अबूधाबी, दुबई और काठमाण्डू के अतिरिक्त 102 शहरों में क्रमशः 159, 177 और 133 केन्द्रों पर आयोजित की गई । प्रथम वृत्तिक सक्षमता परीक्षा का आयोजन मई, 2007 में 32 केन्द्रों पर किया गया था । प्रथम सामान्य प्रवीणता परीक्षा (सीपीटी) का आयोजन नवंबर, 2006 में किया गया था और तत्पश्चात् फरवरी और मई, 2007 में 108, 98 और 112 शहरों में क्रमशः 146, 164 और 182 केन्द्रों पर आयोजित की गई ।

नवंबर, 2006 में आयोजित फाइनल, वृत्तिक शिक्षा-II और वृत्तिक शिक्षा- I परीक्षाओं में बैठने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या क्रमशः 24667, 49220 और 16089 और मई 2007 में क्रमशः 23470, 56624 और 6194 थी ।

उपरोक्त छात्र परीक्षाओं के अलावा, वर्ष के दौरान सितंबर और दिसंबर, 2006 तथा मार्च और जून, 2007 में सूचना पद्धति संपरीक्षा पर अर्हतोत्तर पाठ्यक्रम निर्धारण परीक्षाएं भी आयोजित की गई । साथ ही, निगमित प्रबंध पाठ्यक्रम (भाग-I) और कर प्रबंध पाठ्यक्रम (भाग-I) की परीक्षाओं के अलावा, जो मई, 2007 में छात्रों की परीक्षाओं के साथ आयोजित की गई प्रबंध लेखाक्रम पाठ्यक्रम (भाग-I) की परीक्षाएं नवंबर, 2006 और मई, 2007 में आयोजित की गई । बीमा जोखिम प्रबंध में अर्हतोत्तर पाठ्यक्रम परीक्षा का सफल आयोजन नवंबर, 2006 और मई, 2007 में किया गया । अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विधियों और विश्व व्यापार संगठन (आईटीएल और डब्ल्यूटीओ) में अर्हतोत्तर पाठ्यक्रम परीक्षा का सफल आयोजन नवंबर, 2006 और मई 2007 में हुआ ।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित सुविधाएं जारी रही :-

- अहमदनगर, इरोड, कोलम, कुंभकोनम और पांडिचेरी में नवंबर, 2006 की परीक्षा से नए परीक्षा केन्द्रों को स्थापित किए गए थे ।

- मुख्य परीक्षा के लिए स्थापित परीक्षा केन्द्रों के अलावा सामान्य प्रवीणता परीक्षा के लिए आनंद, बेलारी, करनाल, सोनीपत, राउरकेला, तिरूपुर और तुतीकोरिन में नए परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए थे ।

- नवंबर, 2006 और मई, 2007 की परीक्षाओं में भी अहमदाबादे और बैंगलोर के परीक्षा केन्द्रों को विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित किया गया जिनके अंतर्गत उन शहरों के विभिन्न अवस्थान आते हैं ।

- नवंबर, 2006 और मई, 2007 परीक्षाओं के लिए भी ओएमआर प्रारूप में परीक्षा आवेदन पत्र जारी रखे गए और अभ्यर्थियों को प्रवेश-पत्र दिए गए जिनमें उनके स्कैंड फोटो चित्र और नमूना हस्ताक्षर थे । इससे अभ्यर्थियों को अलग से पहचान पत्र जारी करने की आवश्यकता नहीं रही ।

- परीक्षा आवेदन पत्र संस्थान के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और क्षेत्रीय परीषदों की शाखाओं के अलावा, दिल्ली, कोलकाता, और मुम्बई महानगरों में विभिन्न स्थानों पर उपलब्ध कराना जारी रखा गया । अभ्यर्थियों को ओएमआर आवेदन पत्र में उनके द्वारा बताए गए निजी पहचान संख्यांक (पिन) का प्रयोग करके वेबसाइट से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने की सुविधा को आगे बढ़ाया गया ।

- परीक्षाफल और अंकों को राष्ट्रीय सूचना केन्द्र की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया । वेबसाइट पर योग्यता-सूची से संबंधित सूचना को भी परीक्षाफल की घोषणा के साथ ही प्रदर्शित किया गया ।

- संस्थान के क्षेत्रीय कार्यालयों और क्षेत्रीय परीषदों की शाखाओं द्वारा परीक्षाफल और अंक डाउनलोड करने की सुविधा परीक्षाफल की घोषणा के साथ ही उपलब्ध कराई गई ।

- घोषणा होने पर, परीक्षा फल का पता लगाने के लिए अग्रिम अनुरोध दर्ज करने की सुविधा जारी रखी गई है और उसे दर्ज कराने वाले अभ्यर्थियें को परीक्षा फल की घोषणा के तुरंत बाद ई-मेल से उनके परीक्षाफल उपलब्ध कराए गए ।

- नवंबर, 2006 और मई 2007 परीक्षाओं के प्रवेश कार्ड को ई-मेल के द्वारा विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाना जारी रखा गया ।

- नवंबर, 2006 और मई, 2007 की परीक्षाओं के परिणाम एसएमएस तरीके से उपलब्ध कराने जारी रखे गए ।

- नवंबर, 2006 और मई, 2007 परीक्षाओं के लिए वृत्तिक शिक्षा परीक्षा- I के छात्रों को परीक्षा आवेदन पत्र ऑन लाइन फाइल करने की सुविधा प्रदान करना जारी रखा गया ।

परीक्षा प्रणालियों और प्रक्रियाओं में कुछ विदेशी संस्थाओं को बराबर परामर्श दिया जाता रहा । नेपाल चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स संस्थान (आईसीएएन) ने आइसीएआई की तकनीकी विशेषज्ञता के निरंतर सहयोग से जून, 2006 में फाइनल परीक्षा सफलतापूर्वक संचालित की । श्रीलंका चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स संस्थान ने संस्थान की तकनीकी विशेषज्ञता के सहयोग से सितंबर, 2006 और मार्च, 2007 में सूचना प्रणाली संपरीक्षा (आईएसए) निर्धारण परीक्षा सफलतापूर्वक संचालित की ।

नोएडा स्थित संस्थान के कार्यालय में इन-हाउस आंकड़ा प्रबंध केन्द्र ने पूर्ण रूप से कार्य प्रारंभ कर दिया ।

4.4 अनुशासन समिति

यह समिति आईसीएआई द्वारा प्रदत्त वृत्तिक अर्हता का स्तर और मानक बनाए रखने में परिषद् की सहायता करती है । **1 अप्रैल, 2006 से 31 मार्च, 2007** की अवधि में उन सदस्यों के खिलाफ जिनके मामले प्रथम दृष्टया राय पर परिषद् द्वारा उसके पास भेजे गए हैं, अनुशसनिक जांच करने के अपने कृत संकल्प उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के लिए समिति ने देश के विभिन्न भागों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर **36** दिन तक **22** अवसरों पर अपनी बैठकें कीं । पुनरीक्षणाधीन वर्ष के दौरान, समिति ने **95** मामलों में अपनी जांच पूरी की, यह एक रिकार्ड संख्या थी । इसमें वे मामले भी शामिल थे जो परिषद् द्वारा पूर्व वर्षों में भेजे गए थे ।

5. तकनीकी और वृत्तिक विकास

5.1 लेखांकन मानक बोर्ड

उच्च गुणवत्ता के सही और विश्वसनीय लेखांकन तथा वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली को किसी भी देश द्वारा उच्च और दीर्घकालीन आर्थिक विकास प्राप्त करने के लिए एक आधारिक अपेक्षा माना जाता है । भारत में आईसीएआई प्रमुख लेखांकन निकाय है और वह निरंतर इस दिशा में कार्य कर रहा है । इस प्रयोजन के लिए वर्ष 1977 मे लेखांकन मानक बोर्ड का गठन किया गया था । तब से यह नए लेखांकन मानकों को उपलब्ध कराके और साथ ही समय-समय पर विद्यमान लेखांकन मानकों को, उन्हें अंतरराष्ट्रीय लेखांकन मानकों (आईएएस)/अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (आईएफआरएस) के अनुरूप बनाने के लिए पुनरीक्षण करके देश में सही और विश्वसनीय लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहा है । लेखांकन मानक बोर्ड, विभिन्न लेखांकन मानक निर्वचन और घोषणाएं भी तैयार करता है, जिससे कि लेखांकन प्रणाली का एक समान उपयोजन सुनिश्चित किया जा सके और लेखांकन मानकों के क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दों पर मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा सके ।

संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानकों को, कंपनी अधिनियम, 1956 में धारा 211(3क), (3ख) और (3ग) के अंतःस्थापन के साथ ही अक्तूबर, 1988 में विधिक मान्यता प्राप्त हुई थी । अधिनियम की धारा 211 (3ग) यह उपबंध करती है कि आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानकों को केन्द्रीय सरकार द्वारा एनएसीएएस के परामर्श से विहित किया जा सकेगा और धारा का परंतुक यह उपबंध करता है कि सरकार द्वारा लेखांकन मानकों को अधिसूचित किए जाने तक, कंपनियों से संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानकों का अनुपालन करने की अपेक्षा की जाती है । हाल ही में, भारत सरकार के, कंपनी कार्य मंत्रालय (जो अब कार्पोरेट कार्य मंत्रालय है) ने राजपत्र में अपनी तारीख 7 दिसम्बर, 2006 की अधिसूचना द्वारा लेखा मानक 1 से 7 और 9 से 29 को विहित किया है, जो इन लेखांकन मानकों के प्रकाशन की (अर्थात् 7 दिसंबर, 2006) या उसके पश्चात् की लेखांकन अवधियों के संबंध में प्रभावी होंगे ।

अर्थव्यवस्था के उदारीकरण और वैश्वीकरण तथा पूरे विश्व में कारबार के प्रसार के साथ, किसी उद्यम के वित्तीय विवरणों के उपयोक्ता किसी एक देश तक ही सीमित नहीं हैं और वे विभिन्न देशों की जीएएपी अपेक्षाओं में अंतरों का मूल्यांकन करने में समर्थ नहीं हो सकेंगे । अतः उच्च गुणवत्ता वाले लेखांकन मानकों के एकल सेट की आवश्यकता को मान्यता दी गई है । इसे ध्यान में रखते हुए, विश्व भर में अनेक देश या तो आईएएस/आईएफआरएस अपना रहे हैं या उन्हें रूपांतरित कर रहे हैं । इस दिशा में अग्रसर होते हुए, आईसीएआई का लेखांकन मानक बोर्ड, आईएफआरएस के आधार पर भारतीय लेखांकन मानकों (एएस) को भी विरचित करता है और यथाशक्य रूप में उन्हें उनके साथ एकीकृत करने का प्रयास करता है । इस अवधि के दौरान, आईसीएआई ने अपने लेखांकन मानक बोर्ड के माध्यम

से *वित्तीय लिखतें : मान्यता और माप* से संबंधित लेखांकन मानक (एएस) 30 का उदभासन प्रारूप और प्रस्तावित लेखांकन मानक (एएस) 31, *वित्तीय लिखतें : प्रस्तुतिकरण* का पुनःउदभासन प्रारूप और 8 लेखांकन मानकों अर्थात् एएस 2, एएस 11 (पुनरीक्षित 2003), एएस 21, एएस 23, एएस 26, एएस 27, एएस 28 और एएस 29 के प्रस्तावित पारिणामिक सीमित पुनरीक्षण जारी किए हैं । दोनों उदभासन प्रारूप व्यापक रूप से तत्समान अंतरराष्ट्रीय लेखांकन मानकों पर आधारित हैं । इन दो लेखांकन मानकों के अलावा एएस 10, *संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर* को आईएएस 16 के अनुसार पुनरीक्षित किया गया है और एएस 12, *सरकारी अनुदानों के लिए लेखांकन और सरकारी सहायता का प्रकटन* के उदभासन प्रारूप को जनता की टिप्पणियों के लिए जारी किया गया है, जो आईएएस 20 के अनुरूप है । पूर्वोक्त के अतिरिक्त, बोर्ड ने लेखांकन मानक निर्वचन (एएसआई) 14, विक्रय संव्यवहारों से राजस्व का प्रकटन (एएस 9, *राजस्व मान्यता*) का पुनरीक्षण किया है ।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान लेखांकन मानक बोर्ड की अन्य गतिविधियों का संक्षिप्त पर्यावलोकन निम्नानुसार है :

5.1.1 लेखांकन मानकों के आईएफआरएस के साथ समाभिरूपता के लिए कार्य बल का गठन

आईएफआरएस के साथ समाभिरूपता करने के लिए आईसीएआई ने सदैव प्रयास किया है । हाल ही में, यह विनिश्चय किया गया है कि आईएफआरएस के साथ पूर्ण समाभिरूपण किया जाना चाहिए और इस प्रयोजन के लिए आईएफआरएस के साथ समाभिरूपण के प्रति नीति का पता लगाने के लिए और भारत को आईएफआरएस-अनुवर्ती बनाने के लिए आईएफआरएस के साथ समाभिरूपण प्राप्त करने के लिए कार्य योजना अधिकथित करने के लिए तत्कालीन अध्यक्ष सीए एस.सी.वसुदेवा की तत्वावधानता में एक कार्य बल का गठन किया गया है ।

भारत में आईएफआरएस के साथ समाभिरूपण संबंधी एक अवधारणा पत्र को अंतिम रूप दिया गया है । यह विनिश्चय किया गया है कि सूचीबद्ध अस्तित्वों और अन्य लोक हित के अस्तित्वों जैसे कि बैंक, बीमा कंपनियों और अन्य बड़े आकार के अस्तित्वों के संबंध में । अप्रैल, 2011 को या उसके पश्चात् आरंभ होने वाली लेखांकन अवधियों से अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (आईएफआरएस) को अंगीकृत किया जाए ।

5.1.2 कार्यान्वयन मार्गदर्शन / मार्गदर्शन टिप्पण जारी करना

लेखांकन मानक (एएस) 15, *कर्मचारी फायदे* (पुनरीक्षित 2005) के कार्यान्वयन में उद्योग और वृत्ति के सदस्यों के सामने आ रही कठिनाइयों को देखते हुए लेखांकन मानक बोर्ड ने एफएक्यू के रूप में अतिरिक्त मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का विनिश्चय किया । इसके परिणामस्वरूप, बोर्ड ने 'एएस 15, *कर्मचारी फायदे* (पुनरीक्षित 2005) के कार्यान्वयन पर एएसबी मार्गदर्शन' जारी किए हैं ।

पूर्वोक्त के अलावा, इस अवधि के दौरान बोर्ड ने '*रियल एस्टेट विकासकर्ताओं द्वारा राजस्व मान्यता संबंधी मार्गदर्शन टिप्पण*' जारी किए थे । यह मार्गदर्शन टिप्पण रियल एस्टेट विकासकर्ताओं को लेखांकन मानक (एएस) 9, *राजस्व मान्यता* के सिद्धांतों के उपयोग पर मार्गदर्शन उपलब्ध कराता है ।

5.1.3 लेखांकन मानकों का सीमित पुनरीक्षण

परिषद् द्वारा गठित उप समूह की सिफारिशों पर विचार करते हुए बोर्ड ने एएस 15, *कर्मचारी फायदे* (पुनरीक्षित 2005) का सीमित पुनरीक्षण करने का विनिश्चय किया , जिससे कि मानक के संपरिवर्ती उपबंधों को , मानक के प्रथम उपयोजन पर उदभूत होने वाले अतिरिक्त दायित्व को 5 वर्ष की अवधि तक एक व्यय के रूप में प्रभारित करने के विकल्प का उपबंध करने और यह उपबंध करने के

लिए भी उपांतरित किया जा सके कि कोई अस्तित्व संपरिवर्तन की तारीख से, भविष्यलक्षी रूप से प्रत्येक लेखांकन अवधि के लिए अवधारित कतिपय रकमें प्रकट कर सकेगा । मानक के सीमित पुनरीक्षण के परिणामस्वरूप मानक और तत्समान आईएएस के बीच अंतर और कम हो जाएगा ।

5.1.4 उदघोषणाएं जारी करना

बोर्ड ने इस अवधि के दौरान निम्नलिखित उदघोषणाओं की विरचना की है, जिन्हें परिषद् के प्राधिकार के अधीन जारी किया गया था :

- 'किसी पुष्ट प्रतिबद्धता या किसी उच्च संभावित अनुमान संव्यवहार के विदेशी मुद्रा जोखिम से बचने के लिए की गई किसी अग्रिम विनिमय संविदा से उदभूत होने वाले विनिमय अंतरों के लिए लेखांकन ' के संबंध में उदघोषणा को लागू करने का आस्थगन ।
- लेखांकन मानक (एएस) 15, *कर्मचारी फायदे* (पुनरीक्षित 2005) को लागू करने का आस्थगन ।

अंतरराष्ट्रीय लेखांकन बोर्ड (आईएएसबी) के क्रियाकलापों में सहयोग और अंतरराष्ट्रीय घटनाओं पर प्रतिक्रिया करना ।

बोर्ड, अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम में भाग लेने के लिए और आईएएस/आईएफआरएस को लेखांकन मानकों की विरचना का आधार बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर आईएएसबी से परस्पर क्रिया करता है, जैसे कि--

- आईएएसबी के विभिन्न प्रारूप आईएफआरएस की अन्य प्रारूप उदघोषणाओं पर टिप्पणियां भेजना ।
- विश्व मानक नियतकों और क्षेत्रीय मानक नियतकों की आईएएसबी के साथ बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लेना ।
- आईएएसबी की विभिन्न चालू परियोजनाओं संबंधी चर्चाओं में योगदान ।

आईएफआरएस के साथ समभिरूपता की प्रक्रिया का संवर्धन करने के उद्देश्य से आईएएसबी के एक दल ने, जिसमें सर डेविड टवीडी, अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड, श्री वारेन मेक्ग्रेगर और सुश्री ट्रेसिया ओमेले, सदस्य आईएएसबी और सुश्री एलिजाबेथ हिकी, तकनीकी गतिविधियों के निदेशक सम्मिलित थे, भारत में आईएफआरएस के साथ, समभिरूपता से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 13-15 फरवरी, 2007 के दौरान भारत का दौरा किया । आईएएसबी दल को आईसीएआई के आईएफआरएस के साथ समभिरूपता के प्रति रूख से, भारतीय लेखांकन मानकों में आईएफआरएस से प्रमुख विचलनों और आईएफआरएस के साथ पूर्ण समभिरूपता प्राप्त करने में विभिन्न बाधाओं, उदाहरणार्थ विधिक और विनियामक मुद्दों से अवगत कराया गया । आईएफआरएस को, उनकी प्रकृति के आधार पर वर्गीकृत करके भारत में आईएफआरएस के साथ समभिरूपण के लिए रणनीति को उपदर्शित करते हुए आईएएसबी दल के लिए प्रस्तुतिकरण किया गया था । आईएएसबी दल के साथ, आईएफआरएस को अंगीकृत करने के संबंध में विभिन्न अवधारणात्मक मुद्दों पर भी विचार किया गया था । दल ने उन क्षेत्रों पर विचार करने का वचन दिया, जिनके संबंध में सुसंगत आईएएस/आईएफआरएस में पुनरीक्षण करना अपेक्षित हो सकेगा । आईएएसबी दल ने भी आईसीएआई को 31 दिसम्बर, 2006 तक आईएएसबी कार्य परियोजनाओं से अवगत कराया, जिससे कि आईसीएआई, तदनुसार अपनी समभिरूपण योजना बना सके ।

इस दिशा में अग्रसर होते हुए, संस्थान के प्रतिनिधियों ने 28-29 जून, 2007 को लंदन में आईएएसबी और एएसबी (यूके) के साथ बैठकें की । बैंठकों में, आईएएसबी और एएसबी (यूके) को, एएसबी द्वारा कार्य बल की सिफारिशों की स्वीकृति सहित आईएफआरएस के साथ समाभिरूपण के मद्दे संस्थान द्वारा किए गए हाल ही के प्रयासों से अवगत कराया गया था । आईएएसबी के साथ बैठक में, भारतीय लेखांकन मानकों और आईआरएफएस के बीच कतिपय अवधारणात्मक अंतरों पर ब्यौरेवार चर्चा की गई थी और सहमति प्राप्त की गई थी । एएसबी (यूके) के साथ बैठक में कतिपय व्यष्टिक आईएफआरएस में मुद्दों पर परिचर्चा करने के अलावा आईएफआरएस के समाभिरूपण के यूके के अनुभव पर भी बातचीत की गई थी ।

विश्व मानक नियतकों और राष्ट्रीय मानक नियतकों की सितंबर, 2006 में लंदन में हुई बैठक में तत्कालीन संस्थान के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था । विश्व मानक नियतकों की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई जैसे कि अवधारणात्मक ढांचा, उचित मूल्य, आईएफआरएस के अंगीकरण/समभिरूपण/कार्यान्वयन के संबध में प्रगति आदि । राष्ट्रीय मानक नियतकों की बैठक में, संबंधित मानक नियतकों द्वारा प्रारंभ की गई विभिन्न परियोजनाओं पर केन्द्रित विकासों पर चर्चा की गई थी ।

संस्थान के तत्कालीन प्रतिनिधियों ने दिसंबर, 2006 में लंदन में आईएएस 37 पर गोलमेज परिचर्चा मे भाग लिया था ।

हांगकांग में मार्च, 2007 में हुई राष्ट्रीय मानक नियतकों की एक अन्य बैठक में संस्थान के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था । अन्य राष्ट्रीय मानक नियतक निकायों द्वारा चलाई जा रही अन्य परियेजनाओं के साथ एएसबी द्वारा 'दर-विनियमित अस्तित्व' के संबंध में चलाई जा रही परियोजना की प्रगति पर विचार किया गया था । यह विनिश्चय किया गया था कि आईसीएआई के एएसबी को कनाडियन चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट संस्थान के सहयोग से दर-विनियमित अस्तित्वों संबंधी अपनी परियोजना को जारी रखना चाहिए और लंदन में, सितंबर, 2007 में होने वाली राष्ट्रीय मानक नियतकों की आगामी बैठक में इस विषय पर एक पत्र प्रस्तुत करना चाहिए ।

5.1.5 लेखांकन मानकों संबंधी राष्ट्रीय सलाहकार समिति (एनएसीएएस) के साथ परस्पर क्रिया

एनएसीएएस ने संस्थान द्वारा इस अवधि के दौरान विरचित पुनरीक्षित लेखांकन मानक (एएस) 10, *संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर* पर विचार किया । बोर्ड ने एनएसीएएस द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार किया और बोर्ड के समाधानप्रद रूप में समुचित रीति से उनका समाधान किया ।

5.1.6 विनियामक निकायों के साथ परस्पर क्रिया

प्रमुख लेखांकन निकाय होने के कारण, आईसीएआई, एएसबी के माध्यम से विभिन्न लेखांकन विषयों पर अपने विचार अभिव्यक्त करने के लिए समय-समय पर विभिन्न विनियामक निकायों से परस्पर क्रिया करता है ।

पूर्वोक्त के अतिरिक्त, भारत में आईएएसबी दल के दौरे के दौरान, आईएफआरएस के साथ समभिरूपण के संबंध में आने वाली विभिन्न विधिक और विनियामक बाधाओं को दूर करने के लिए कार्पोरेट कार्य मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) सहित विभिन्न विधिक और विनियामक प्राधिकारियों के साथ बैठकें की गई थी ।

5.1.7 लेखांकन मानकों का कंपेंडियम

इस अवधि के दौरान, एक कंपेक्ट डिस्क के साथ 1 जुलाई, 2006 को यथा विद्यमान लेखांकन मानकों के कंपेंडियम के अद्यतन संस्करण को जारी किया गया था ।

5.2 स्थानीय निकायों के लिए लेखांकन संबंधी समिति

स्थानीय निकायों के बीच लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग को संगत बनाने और उनमें सुधार करने की आवश्यकता को मान्यता देते हुए, आईसीएआई ने मार्च, 2005 में स्थानीय निकायों के लिए लेखांकन मानकों संबंधी एक स्वतंत्र समिति सीएएसएलबी का गठन किया था । सीएएसएलबी की संरचना काफी व्यापक है और यह मानक नियतन प्रक्रिया में सभी हितबद्ध समूहों की भागीदारी सुनिश्चित करती है । आईसीएआई की परिषद् के सदस्यों के अलावा सीएएसएलबी में शहरी विकास मंत्रालय, भारतीय नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, लेखा महानियंत्रक, राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान, पंचायती राज मंत्रालय, प्रमुख स्थानीय निकायों के निदेशालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा विभागों के निदेशालयों, शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और आईसीएआई द्वारा सहयोजित अन्य सुविख्यात वृत्तिक सम्मिलित हैं ।

स्थानीय निकायों के लिए लेखांकन मानक विरचित करने के अलावा, समिति स्थानीय निकायों की लेखांकन पद्धतियों और प्रणालियों में सुधार करने के लिए भी उपाय करेगी और वह स्थानीय निकायों द्वारा प्रोदभवन लेखांकन अपनाने और स्थानीय निकायों के लिए लेखांकन मानकों के प्राक्कथन में यथा अधिकथित लेखांकन मानकों को लागू करने में आने वाली समस्याओं के संबंध में प्रतिक्रिया प्राप्त करने के मंच के रूप में कार्य करेगी ।

स्थानीय निकायों के लेखांकन मानक विरचित करते समय, सीएएसएलबी अंतरराष्ट्रीय लेखांकन फेडरेशन (आईएफएसी) के अंतरराष्ट्रीय पब्लिक सेक्टर लेखांकन मानक बोर्ड (आईपीएसएएसबी) द्वारा तैयार किए गए अंतरराष्ट्रीय पब्लिक सेक्टर लेखांकन मानकों पर सम्यक रूप से विचार करता है और वैश्विक संगतता को सुकर बनाने के विचार से उन्हें यथा संभव रूप से एकीकृत करने की चेष्ट करता है ।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, 'स्थानीय निकायों के लिए लेखांकन मानकों का प्राक्कथन' जारी किया गया है । यह प्राक्कथन सीएएसएलबी के उद्देश्यों और प्रचालन प्रक्रियाओं को अधिकथित करता है और स्थानीय निकायों के लिए लेखांकन मानकों के प्राधिकार विस्तार को स्पष्ट करता है । 'स्थानीय निकायों द्वारा वित्तीय रिपोर्टों को तैयार करने और प्रस्तुत करने के लिए ढाचे' के प्रारूप को, विनिर्दिष्ट बाहरी निकायों और संस्थान के परिषद् सदस्यों के बीच उसके सीमित परिचालन पर प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर लोक उद्भासन के लिए अंतिम रूप दिया जा रहा है । प्रारूप ढांचा ऐसी अवधारणाओं को अधिकथित करता है, जो वित्तीय विवरणों को तैयार और प्रस्तुत करने में आधारिक हैं और जो समिति के स्थानीय निकायों के लिए भावी लेखांकन मानकों के विकास में सहायता करेंगे । समिति ने "लागतें उधार लेना" संबंधी स्थानीय निकायों के लिए प्रस्तावित लेखांकन मानक के प्रारूप को भी अंतिम रूप दिया है और इन्हें शीघ्र ही विनिर्दिष्ट बाहरी निकायों और संस्थान के परिषद् सदस्यों के बीच परिचालित किया जाएगा । 'वित्तीय विवरणों का प्रस्तुतिकरण' संबंधी स्थानीय निकायों के लिए प्रस्तावित लेखांकन मानक के प्रारूप को विनिर्दिष्ट बाहरी निकायों और संस्थान के परिषद् सदस्यों के बीच सीमित परिचालन के लिए अंतिम रूप दिया जा रहा है । सीएएसएलबी ने अंतरराष्ट्रीय पब्लिक सेक्टर लेखांकन मानकों के तत्समान स्थानीय निकायों के लिए लेखांकन मानकों को तैयार करने के लिए अनेक अन्य परियोजनाएं भी आरंभ की हैं ।

भारत सरकार के शहरी कार्य मंत्रालय और सीएंडएजी के तत्वावधान में गठित शासकीय स्तर की तकनीकी समिति स्थानीय निकायों के लिए लेखांकन मानकों की सिफारिश करेगी, जिन्हें राज्य सरकारों की स्वीकृति के लिए आईसीएआई द्वारा जारी किया जाएगा । लेखांकन मानकों के अलावा, आईसीएआई, तकनीकी समिति को, आस्ति रजिस्टर, कार्य निष्पादन माप, बजटिंग, लागत : आंतरिक

नियंत्रण और संपरीक्षा सहित वित्तीय रिपोर्टिंग के अन्य विभिन्न पहलूओं के संबंध में उसके प्रयासों में समर्थन भी प्रदान करेगी ।

भारतीय नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सी एंड एजी) के कार्यालय ने 'शासकीय लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग के मानकों में सुधार करने और संघ तथा राज्य सरकारों के लेखाओं के लिए उत्तरदायित्व तंत्रों को विकसित करने के लिए' अगस्त, 2002 में शासकीय लेखांकन मानक सलाहकार बोर्ड (जीएएसएबी) का गठन किया था । आईसीएआई, जीएएसएबी का सदस्य है और इसे जीएएसएबी द्वारा समय-समय पर विरचित उप समितियों में भी प्रतिनिधित्व प्राप्त होता है । आईसीएआई के प्रतिनिधियों ने वर्ष के दौरान आयोजित जीएएसएबी की बैठकों में भाग लिया और बोर्ड की तकनीकी गतिविधियों में योगदान दिया । सीएएसएलबी, जीएएसएबी द्वारा तैयार विभिन्न प्रक्रमों के प्रारूपों पर टिप्पणियां तैयार करता है ।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, जीएएसएबी द्वारा अध्यक्ष, आईसीएआई के समन्वयन के अधीन, 'सरकार में प्रोदभदन लेखांकन के कार्यान्वयन के लिए प्रचालनात्मक ढांचा' को अंतिम रूप देने के लिए गठित समिति ने राज्य सरकारों के बीच इसे परिचालित करने पर प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर उपांतरित करने के पश्चात् उसे विचारार्थ जीएएसएबी को प्रस्तुत किया था । जीएएसएबी ने पुनरीक्षित प्रारूप पर विचार किया और उसे उपांतरित करने के पश्चात् उसे भारत सरकार को विचार करने और आगे कार्रवाई करने के लिए अग्रेषित किया है ।

आईसीएआई ने भारत सरकार के महालेखा नियंत्रक (सीजीए) से राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल, नई दिल्ली और केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के नई दिल्ली क्षेत्र में निर्दिष्ट प्रभागों में लेखांकन सुधार लाने की दो परियोजनाएं, जो विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित हैं, प्रारंभ की हैं । सीएएसएलबी भी इन दो प्रमुख परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन में आवश्यक समर्थन प्रदान करेगा ।

5.3 संपरीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड

सितंबर, 2007 में संपरीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड अपनी 25 वर्ष का स्वर्णिम कार्यकाल पूरा करेगा, जो निःसंदेह रूप से एक ऐसे दृढ़ और आत्मविश्वासी बोर्ड के प्रति संकेत करता है, जो बड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है । इस अवधि के दौरान बोर्ड, देश में संपरीक्षा के क्षेत्र में सकल गुणात्मक सुधार लाने के लिए सतत् प्रयास करता रहा है । इस 25 वर्ष की यात्रा में अनेक महत्वपूर्ण पड़ाव आए हैं और इनमें से प्रमुख है वर्ष 2002 में लेखांकन व्यवहार समिति को संपरीक्षा और आश्वासन बोर्ड (एएएसबी) के रूप में परिवर्तित करना, जिसने बोर्ड में विनियामकों और उद्योगों से प्रतिनिधियों की भागीदारी का रास्ता खोला और इस प्रकार बेहतर पारदर्शिता, दक्षता और लोकहित की सुरक्षा को सुनिश्चित किया ।

5.3.1 बोर्ड - आज के समय में

राष्ट्रीय मानक नियतक के रूप में बोर्ड का प्रमुख उद्देश्य, संपरीक्षा, पुनर्विलोकन, अन्य आश्वासन, क्वालिटी नियंत्रण और संबंधित सेवाओं से संबंधित उच्च क्वालिटी के मानक विरचित करना है । एएएसबी, संपरीक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्तम व्यवहारों के संहिताकरण का प्रतिनिधित्व करता है । एएएसबी, संपरीक्षा, चाहे वह प्रकृति में सामान्य हों या उद्योग विनिर्दिष्ट, से संबंधित मुद्दों पर मार्गदर्शन टिप्पण भी तैयार करता है । एएएसबी संपरीक्षा और आश्वासन मानकों से उदभूत होने वाले मुद्दों पर स्पष्टीकरण जारी करने का कार्य भी करता है । आज, यह मानक नियतक निकाय निम्नलिखित उपलब्धियों पर गर्व कर सकता है :

- 35 लेखांकन और आश्वासन मानक
- 2 विवरण और 3 साधारण स्पष्टीकरण
- लेखांकन मुद्दों पर 27 मार्गदर्शन टिप्पण
- बैंकों की संपरीक्षा, स्टॉक एक्सचेंज के सदस्यों के लेखाओं की संपरीक्षा, साधारण बीमा कारबार कर रही कंपनियों की संपरीक्षा, जीवन बीमा कारबार कर रही कंपनियों की संपरीक्षा के संबंध में 4 उद्योग विनिदिष्ट मार्गदर्शन टिप्पण ।
- धन शोधन : एक लेखाकार का परिप्रेक्ष्य पर एक अध्ययन

5.3.2 वर्ष 2006-07

वर्ष 2006-07 के दौरान लेखांकन और आश्वासन बोर्ड की पांच बैठकें हुई थी, जिनमें कुल 9 दिन की पूर्ण बोर्ड परिचर्चाएं हुई थी । इसके अतिरिक्त वर्ष के दौरान अनेक अध्ययन समूह बैठकें भी की गई थी । इस अवधि के दौरान, बोर्ड ने अनेक महत्वपूर्ण तकनीकी दस्तावेजों पर विचार किया, जिनमें से कुछ को जारी कर दिया गया है और शेष को अंतिम रूप देने के लिए प्रक्रिया की जा रही है । वर्ष के दौरान जारी किए गए दस्तावेज निम्नलिखित हैं :

कंपनी विवरणिकाओं में रिपोर्टों पर मार्गदर्शन टिप्पण (2006)

अक्तूबर, 2006 में बोर्ड ने कंपनी विवरणिकाओं में रिपोर्टो पर मार्गदर्शन टिप्पणों का एक व्यापक रूप से पुनरीक्षित संस्करण जारी किया । 1985 में जारी कंपनी विवरणिकाओं में रिपोर्टों संबंधी मूल मार्गदर्शन टिप्पण को नवीनतम सेबी (डीआईपी) मार्गदर्शनों और कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची 2 के पश्चात्वर्ती संशोधनों की रोशनी में पुनरीक्षित किया गया है । वर्ष 1996 में जारी प्रस्ताव दस्तावेजों में वित्तीय सूचना पर संपरीक्षा रिपोर्टो/प्रमाणपत्रों संबंधी मार्गदर्शन टिप्पण की अपेक्षाओं को भी इसमें सम्मिलित किया गया है ।

एएएस 35 : भावी वित्तीय सूचना की समीक्षा (2007)

इस एएएस का उद्देश्य नियोजनों के संबंध में मार्गदर्शन उपलब्ध कराना और भावी वित्तीय सूचना की समीक्षा करना और उस पर रिपोर्ट देना है । इस एएएस के अंतर्गत विनिर्दिष्ट पहलू भी आते हैं, जैसे कि सर्वोत्तम प्राक्कलनों और परिकल्पित पूर्वधारणाओं के लिए समीक्षा प्रक्रियाएं ।

- **क्वालिटी नियंत्रण, संपरीक्षा, पुनर्विलोकन, अन्य आश्वासन और संबंधित सेवाओं पर मानकों का प्राक्कथन (2007)**

- गहन रूप से पुनरीक्षित प्राक्कथन, जो मानक लेखांकन व्यवहार संबंधी विवरण (1983 में जारी) के विद्यमान प्राक्कथन को प्रतिस्थापित करता है, अंतरराष्ट्रीय संपरीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड (आईएएएसबी) द्वारा जारी अंतरराष्ट्रीय मानको की रूपरेखा पर संस्थान द्वारा जारी संपरीक्षा और आश्वासन मानकों (एएएस) की विद्यमान संरचना के संपूर्ण सुधार का रास्ता खोलता है । भविष्य में, एएएसबी द्वारा जारी किए जाने वाले नए मानक, संगृहीत रूप से नियोजन मानक हलाएंगे और इनमें संपरीक्षा संबंधी मानक (एसए), पुनर्विलोकन नियोजन संबंधी मानक (एसआरई), आश्वासन नियोजन संबंधी मानक (एसएई) और संबंधित सेवाओं संबंधी मानक (एसआरएस) अंतर्विष्ट होंगे ।

➢ **एएएसबी और इसकी सम्यक प्रक्रिया (2007)**

इसमें ऐसी ब्यौरेवार प्रक्रियाएं अंतर्विष्ट हैं, जिनके द्वारा, बोर्ड मानक/विवरण/मार्गदर्शन टिप्पण आदि जारी करेगा । ऐसी औपचारिक और ब्यौरेवार सम्यक प्रतिक्रिया का उद्देश्य पारदर्शिता को सुदृढ करना, वस्तुनिष्ठता को बढ़ाना और उत्तरदायित्व नियत करना है ।

➢ **संपरीक्षा और आश्वासन मानकों का पुनरीक्षित वर्गीकरण और संख्यांकन पैटर्न**

पुनरीक्षित प्राक्कथन ने नियोजन मानकों के लिए नया संख्यांकन पैटर्न अपनाने की आवश्यकता को अनिवार्य बनाया । यद्यपि, अभी तक संपरीक्षा मानकों को, जब कभी वे जारी किए जाते थे, क्रमानुसार संख्यांक आबंटित किए जा रहे थे, संपरीक्षा और आश्वासन मानकों के पुनरीक्षित वर्गीकरण और संख्यांकन पैटर्न के अनुसार इन मानकों को, संपरीक्षा के ऐसे विनिर्दिष्ट पहलू, जिससे वह संबंधित है, के आधार पर वर्गीकृत किया जाएगा और तदनुसार उन्हें संख्यांक आबंटित किए जाएंगे ।

➢ **आश्वासन नियोजनों (2007) के लिए ढांचा**

पुनरीक्षित ढांचा, संपरीक्षा संबंधी मानकों (एसए), पुनर्विलोकन नियोजनों संबंधी मानकों (एसआरई) और आश्वासन नियोजनों संबंधी मानकों (एसएई) को लागू करके आश्वासनों के नियोजनों के निष्पादन के लिए अवधारणाएं अधिकथित करता है ।

सम्यक प्रक्रिया सहित पुनरीक्षित प्राक्कथन और पुनरीक्षित ढांचा 1 अप्रैल, 2008 से प्रभावी होगा।

लेखांकन उदघोषणाओं की पुस्तिका - (जिल्द I और II) - (1 फरवरी, 2007 को यथा विद्यमान)

इस तथ्य को मान्यता देते हुए कि संस्थान की इन उदघोषणाओं के प्रति जागरूक होना सदस्यों के लिए अनिवार्य है और यह भी आवश्यक है कि वे तकनीकी साहित्य के इस विस्तार तक आसानी से पहुंच बनाने में समर्थ हो सकें, एएएसबी ने लेखांकन उदघोषणाओं की पुस्तिका का चौथा पुनरीक्षित संस्करण जारी किया । इस अद्यतन संस्करण में, जो दो जिल्दों मे है, 1 फरवरी, 2007 को यथा विद्यमान सभी लेखांकन और आश्वासन मानकों और लेखांकन से संबंधित मार्गदर्शन टिप्पणों का पाठ अंतर्विष्ट है । इस कंपेंडियम में, एएएसबी द्वारा समय-समय पर जारी विभिन्न प्रासंगिक उदघोषणाओं का पाठ भी अंतर्विष्ट है ।

कुछ ऐसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं, जो पूरी होने वाली हैं और जिन्हें शीघ्र जारी करने की आशा की जाती है निम्नलिखित हैं :

➢ संस्थान की परिषद ने ऐसी *फर्मों के लिए, जो संपरीक्षा करती हैं, क्वालिटी नियंत्रण और ऐतिहासिक वित्तीय सूचना का पुनर्विलोकन तथा अन्य आश्वासन और संबंधित सेवाओं के मानकों* को अनुमोदित कर दिया है और इन्हें शीघ्र ही जारी किया जाएगा । यह मानक क्वालिटी नियंत्रण के संबंध में एक सर्वव्याप्त मानक है । इसमें संपरीक्षा फर्मों और साथ ही एकमात्र व्यवसायियों के लिए भी क्वालिटी नियंत्रण पद्धति के स्थापना और उसे बनाए रखने के संबंध में व्यापक अपेक्षाएं अंतर्विष्ट हैं ।

➢ एएएसबी ने एक समय सीमा तैयार की है, जिसमें इसने अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ पूर्ण समाभिरूपण प्राप्त करने की योजना बनाई है । तदनुसार, इसने निम्नलिखित संपरीक्षा मानकों (एसए) के उदभासन प्रारूप जारी किए हैं, जिन्हें लोक टिप्पणियों के लिए इसकी स्पष्टता परियोजना के अनुसरण में आईएएएसबी द्वारा अंगीकृत नए प्ररूप की रूपरेखा पर लिखे गए हैं :

- ❖ एसए 240, वित्तीय विवरणों की किसी संपरीक्षा में कपट के संबंध में संपरीक्षक
- ❖ एसए 300, वित्तीय विवरणों की संपरीक्षा की योजना
- ❖ एसए 315, अस्तित्व और इसकी परिस्थितियों के माध्यम से सारवान मिथ्या कथन के जोखिमों की पहचान और निर्धारण करना
- ❖ एसए 330, निर्धारित जोखिमों के प्रति संपरीक्षक की प्रतिक्रिया
- ❖ एसए 570, चिंता के विषय

इनके अतिरिक्त, बोर्ड अपने वर्तमान कार्यक्रम के अधीन अनेक अन्य परियोजनाओं पर भी महत्वपूर्ण प्रगति हासिल कर रहा है ।

5.3.3 अन्य पहलें और विकास

➢ **आरबीआई परिपत्रों का संकलन**

बोर्ड ने आरबीआई द्वारा 20 अप्रैल, 2007 तक जारी ऐसे सभी परिपत्रों को, जो 31 मार्च, 2007 को समाप्त हुए वर्ष की संपरीक्षा के लिए सुसंगत हैं, आईसीएआई की वेबसाइट (http ://www.icai.org/icairoot/departments/aasb/dept_aasb_index.jsp?icaideptid=4) के एएएसबी नालेज पृष्ठ पर अपलोड किया और कुछ सुसंगत परिपत्रों को संस्थान के सभी सदस्यों को ई-मेल भी किया ।

➢ **विनियामक निकायों से परस्पर क्रिया**

बोर्ड, विभिन्न विनियामक निकायों, जैसे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), भारत का नियंत्रक और महालेखा परिक्षक (सीएंडएजी) आदि से उनके द्वारा उठाए गए लेखांकन विषयों पर प्रतिक्रिया करता है । बोर्ड ने, जनता से निक्षेप स्वीकार करने वाली गैर-बैंककारी वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और अनिगमित निकायों के विनियमन के विषय पर राज्य सरकारों और अन्य प्राधिकारियों के साथ 10वीं राज्य स्तरीय समन्वयन समिति बैठक में संस्थान का प्रतिनिधित्व भी किया ।

➢ **आईएएएसबी की गतिविधियों में सहयोग और अंतरराष्ट्रीय घटनाओं पर प्रतिक्रिया देना**

चूंकि भारत में, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, लेखांकन और आश्वासन मानक आईएएसबी दस्तावेजों के आधार पर विरचित किए जा रहे हैं, इसलिए एएएसबी विभिन्न स्तरों पर एएएसबी के साथ परस्पर क्रिया करता है । वर्ष के दौरान, एएएसबी ने आईएफएसी के अंतरराष्ट्रीय लेखांकन और आश्वासन मानक बोर्ड की राष्ट्रीय मानक नियतकों के साथ बैठक में प्रतिनिधित्व किया । एएएसबी, आईएएएसबी द्वारा टिप्पणियों के लिए जारी विभिन्न उदभासन प्रारूपों पर टिप्पणियां भी भेजता है ।

➢ **आईएएएसबी की एएएसबी के साथ परस्पर क्रिया**

श्री जान केल्लास, अध्यक्ष, आईएएएसबी और श्री जिम सिल्फ, कार्यकारी निदेशक, आईएएएसबी ने एएएसबी की एक बैठक में समभिरूपण संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए भारत का दौरा किया । बैठक में, श्री जिम सिल्फ को बोर्ड द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ समभिरूपण के लिए किए गए उपायों और इस प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न अन्य मुद्दों से भी अवगत कराया । श्री जिम सिल्फ ने बोर्ड द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और भारत में समभिरूपण की आवश्यकता पर बल दिया ।

➢ **भावी रणनीति और कार्यक्रम**

एएएसबी, अंतरराष्ट्रीय लेखाकार फेडरेशन (आईएफएसी) का संस्थापक सदस्य है और उसने सदैव इस तथ्य को मान्यता दी है कि जैसे-जैसे विश्व छोटा हो रहा है, उच्च क्वालिटी मानकों के उपयोग के फायदे, पूंजी प्रवाह को निर्बाध करेंगे और वित्तीय रिपोर्टिंग की क्वालिटी और विश्वसनीयता में वृद्धि करेंगे । अभी तक जारी एएएस यथा संभव विस्तार तक तत्समान अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित हैं । समभिरूपण और स्पष्टता के साथ परियुक्ति की प्रक्रिया अगले वर्ष और जोर शोर से चलाई जाएगी और यह बोर्ड की भावी रणनीति और कार्यक्रम में भी उपदर्शित होता है । एएएसबी ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ समभिरूपण के लिए एक ब्यौरेवार रूपरेखा तैयार कर ली है । बोर्ड नई उपलब्धियों और बड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है और नवीकृत निष्ठा के साथ उद्देश्यों की पूर्ति के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है ।

5.4 अनुसंधान

अनुसंधान, किसी भी वृत्ति के अस्तित्व और साथ ही सतत् विकास के लिए महत्वपूर्ण कृत्य है । चार्टर्ड लेखांकन की वृत्ति द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की उच्च क्वालिटी सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान क्रियाकलापों के महत्व को मान्यता देते हुए, आईसीएआई की परिषद् ने 1955 में एक गैर-स्थायी समिति के रूप में एक अनुसंधान समिति का गठन किया था । इसके प्रारंभ से ही, आईसीएआई की अनुसंधान समिति वृत्तिक हित के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषकर लेखांकन और संपरीक्षा में संस्थान के सदस्यों का मार्गदर्शन करने के लिए जोरदार कार्य कर रहा है जिससे कि संस्थान के सदस्यों द्वारा दी जा रही सेवाओं में उच्चतर परम्पराओं तथा तकनीकी सक्षमता को बनाए रखा जा सके । समिति समकालीन विषयों पर लेखांकन मार्गदर्शन करने की आवश्यकता का प्रत्युत्तर देने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है जो देश में आर्थिक प्रभारों से संबंधित विधियों तथा अन्य विकासों में संशोधन करने के कारण उद्भूत होते हैं ।

5.4.1 मिशन तथा उद्देश्य

अनुसंधान समिति का मुख्य मिशन विभिन्न तंत्रों में अनुसंधान करना है जो लेखांकन पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव डालते हैं तथा वृत्तिक अनुसंधान संस्थानों को अपेक्षित अनुसंधान सेवाएं प्रदान करना है । समिति लेखांकन पहलू संबंधी ऐसे मार्गदर्शक टिप्पणों को विरचित करती है जो आईसीएआई के परिषद् के प्राधिकार के अधीन जारी किए जाते हैं । यह वृत्तिक द्वारा दी गई सेवाओं के मूल्यों में वृद्धि करने के लिए साधारणतः स्वीकृत लेखांकन और/या लेखा संपरीक्षा सिद्धांतों तथा व्यवहारों पर तकनीकी मार्गदर्शक, अध्ययन, मोनोग्राफ आदि को प्रदर्शित करती है । समिति देश में, वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति में सुधार को बढ़ावा देने की दृष्टि से वार्षिक रूप से "वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कार" के लिए प्रतिस्पर्धा का भी आयोजन करती है ।

5.4.2 मार्गदर्शक टिप्पण तथा अन्य अनुसंधान प्रकाशन

इस अवधि के दौरान, समिति ने एएस 25 के संदर्भ में अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आयकर व्यय के माप संबंधी मार्गदर्शन टिप्पण विरचित किए थे । इन मार्गदर्शन टिप्पणों को संस्थान की परिषद् के प्राधिकार के अधीन जारी किया गया है । यह मार्गदर्शन टिप्पण अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए वर्तमान और आस्थगित आयकर के माप से संबंधित कतिपय मुद्दों पर मार्गदर्शन उपलब्ध कराते हैं ।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, समिति ने पुनरीक्षित लाभ के लिए नहीं बने संगठनों (एनपीओ)/गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) में लेखांकन और संपरीक्षा संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन (पुनरीक्षित, दूसरा संस्करण) भी जारी किया है । इस प्रकाशन में ऐसी अन्य बातों के साथ, जो पूर्ववर्ती संस्करण के जारी होने के पश्चात् हुई थी, संस्थान द्वारा जारी / पुनरीक्षित लेखांकन मानक भी सम्मिलित हैं ।

इस अवधि के दौरान क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं द्वारा प्रकाशन जारी करने के लिए पुनरीक्षित मार्गदर्शन भी आईसीएआई की परिषद् के प्राधिकार के अधीन जारी किए गए हैं ।

उपरोक्त के अतिरिक्त, समिति ने 'विशेष संपरीक्षाओं और अन्वेषणों में गैर पारंपरिक पद्धतियों पर अध्ययन' तथा 'लेखांकन मानकों के अधीन जांचसूची' को जारी किया ।

विशेष संपरीक्षाओं और अन्वेषणों में गैर पारंपरिक पद्धतियों पर अध्ययन में कुछ ऐसी अद्वितीय पद्धतियों पर चर्चा की गई है, जिन्हें लेखा परीक्षक तब अपनाने पर विचार कर सकेंगे, जब उनके सामने ऐसी परिस्थितियां आएं, जहां कपट और त्रुटियों का पता लगाना अत्यधिक कठिन है । प्रकटन जांचसूची, विभिन्न लेखांकन मानकों की प्रकटन अपेक्षाओं के लिए तुरंत निर्देश के रूप में आशयित है और साथ ही इसके अंतर्गत संस्थान द्वारा जारी लेखांकन संबंधी निर्वचन, उदघोषणाओं और मार्गदर्शन टिप्पणों की प्रकटन अपेक्षाएं भी हैं, जहां तक उनका संबंध किसी लेखांकन मानक के अंतर्गत आने वाले विषय से है।

समिति ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अनुरोध पर स्टॉक एक्सचेंजों के सदस्यों के लिए वित्तीय विवरणों का प्ररूपों को तैयार करने का कार्य आरंभ किया है । ये प्ररूप, स्टॉक एक्सचेंजों के सदस्यों को लेखांकन मानक लागू करने और अन्य बातों के साथ, तुलन पत्र, लाभ और हानि लेखा, तथा उनसे संलग्न अनुसूचियों और टिप्पणों में दी जाने वाली सूचना विहित करेंगे ।

5.4.3 प्रगति में महत्वपूर्ण परियोजनाएं

वर्ष के दौरान पूरी की गई परियोजनाओं के अलावा, अनुसंधान समिति ने उसके द्वारा इस प्रयोजन के लिए पहचाने गए प्रासंगिक कुछ नए विषयों पर अनेक परियोजनाएं आरंभ की हैं । इनका उद्देश्य लेखांकन और संबंधित क्षेत्रों में उभरते हुए विभिन्न मुद्दों पर सदस्यों को मार्गदर्शन देना है । समिति ने विगत जारी किए गए अनेक मार्गदर्शन टिप्पणों के पुनरीक्षण के लिए प्रक्रिया भी आरंभ की है ।

5.4.4 मार्गदर्शन टिप्पण का कंपेंडियम - लेखांकन (1 जुलाई, 2006 के अनुसार)

1 जुलाई, 2006 को यथाविद्यमान "मार्गदर्शन टिप्पण का कंपेंडियम - लेखांकन" के अद्यतन संस्करण की पुस्तक के साथ निःशुल्क वितरित किए जाने के लिए एक कंपेक्ट डिस्क भी जारी की गई थी ।

5.4.5 वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कार

वित्तीय जानकारी के प्रस्तुतीकरण में उत्कृष्टता को मान्यता देने तथा प्रोत्साहित करने के लिए, आईसीएआई, अपनी अनुसंधान समिति के माध्यम से "वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कार" के लिए वित्तीय प्रतिस्पर्धा का आयोजन करती रही है । यह सुविख्यात प्रतिस्पर्धा यह प्रसारित करती है कि वित्तीय रिपोर्टिंग, जवाबदेही, पारदर्शिता, एकरूपता, विश्वसनीयता, कालातीत तथा सामाजिक उत्तरदायित्वों के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता होनी चाहिए । इससे पूर्व, प्रतिस्पर्धा का आयोजन तीन प्रवर्गों में किया जाता था । वर्ष 2004-05 से प्रतिस्पर्धा विभिन्न उद्योगों के कृत्यक प्रवर्गीकरण के आधार पर सात प्रवर्गों के अधीन आयोजित की जा रही है । प्रवर्ग I के अंतर्गत विनिर्माण तथा व्यापारिक उद्यमों (जिसमें प्रसंस्करण खनन, पादपीकरण, तेल तथा गैस उद्यम सम्मिलित हैं) को सम्मिलित किया गया है । प्रवर्ग II में वित्तीय क्षेत्र (जिसमें एनबीएफसी, पारस्परिक निधि, विनिधान बैंकर, एचएफसी आदि भी सम्मिलित हैं) को सम्मिलित किया गया है तथा प्रवर्ग III में सेवा क्षेत्र (जिसमें होटल परामर्श, परिवहन, स्टाक एक्सचेंज, अनुसंधान तथा विकास, निजी अस्पताल सम्मिलित हैं) को सम्मिलित किया गया है । प्रवर्ग IV तथा V में क्रमशः बैंकिंग, बीमा तथा वित्तीय संस्थाओं तथा सूचना प्रौद्योगिकी, संचार तथा आमोद-प्रमोद उद्यम को सम्मिलित किया गया है । प्रवर्ग

VI के अंतर्गत अवसंरचना तथा सन्निर्माण क्षेत्र (जिसमें ऊर्जा उत्पादन तथा प्रदाय, पोत न्यास, सड़कें हैं) को सम्मिलित किया गया है तथा प्रवर्ग VII में अवशिष्ट प्रवर्ग को सम्मिलित किया गया है जिसमें ऐसे उद्यम सम्मिलित हैं जो अन्य छह प्रवर्गों, जैसे धारा 25 की कंपनियां, शैक्षणिक संस्थाएं, गैर-सरकारी संगठन, पूर्ण अस्पताल आदि को सम्मिलित नहीं करती हैं । वर्ष 2005-06 की प्रतिस्पर्धा के लिए विभिन्न प्रवर्गों के सतानवे उद्यमों ने भाग लिया । पुरस्कारधारियों का चयन उनकी वित्तीय स्थिति तथा प्रचालन कार्य निष्पादन को ध्यान में रखे बिना 1 अप्रैल, 2005 तथा 31 मार्च, 2006 (जिसमें दोनों दिन सम्मिलित है) के बीच किसी दिन को समाप्त होने वाली अवधि के लिए भाग लेने वाले उद्यमों द्वारा अंगीकार लेखांकन पद्धतियों के पुनर्विलोकन पर आईसीएआई द्वारा नियुक्त न्यायाधीशों के पैनल द्वारा किया गया था । तदनुसार, पुरस्कार इस बात के सूचक हैं कि वर्ष के दौरान संबंधित उद्यम द्वारा अपनाई गई लेखांकन पद्धति उन उद्यमों में सर्वोत्तम है जिन्होंने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया । इस वर्ष सात प्रवर्गों में सोने की शील्ड के पांच विजेता ये हैं, शॉपर्स स्टॉप लिमिटेड, बम्बई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक, लोम्बार्ड साधारण बीमा कंपनी लिमिटेड, इंफोसिस टेक्नोलाजीज लिमिटेड और टाटा पावर कंपनी लिमिटेड । सात प्रवर्गों में दो सिल्वर शील्ड विजता हैं, ब्लू डार्ट एक्सप्रेस लिमिटेड और एमफेसिस बीएफएल लिमिटेड । दो प्रवर्गों के लिए स्वर्ण शील्ड और पांच प्रवर्गों के लिए रजत शील्ड नहीं दी जा सकी थी क्योंकि प्रविष्टियां बेंचमार्क पूरा नहीं करती थी । 19 जनवरी, 2007 को होटल ली मीरिडियन, नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में वर्ष 2005-06 के लिए " वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कार" दिए गए । माननीय डा. एस.एस. सिद्धु, राज्यपाल, मणिपुर इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे । माननीय राज्यपाल ने पुरस्कारधारियों को पुरस्कार भी प्रदान किए ।

5.5 निगमित विधियां

5.5.1 प्रारंभ किए गए कार्य

समिति ने, (i) निगम विधियों के सरलीकरण, (ii) कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची 6 का सरलीकरण, (iii) सीमित दायित्व भागीदारी विधेयक, 2006 के उपबंधों के कारण चार्टर्ड एकाउन्टेंट अधिनियम, 1949 में परिवर्तन, (iv) विदेशी अंशदान (विनियमन) विधेयक, 2006, (v) फेमा, 1999 के अधीन चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों के लिए वृत्तिक अवसरों का विस्तार, (vi) माध्यस्थम (बातचीत, मध्यक्ता और सुलह सहित) पर एक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम को आरंभ करना और मध्यस्थों का एक पैनल तैयार करना विषयों पर मत/सुझाव देने के लिए 6 अध्ययन समूहों का गठन किया । विदेशी अंशदान (विनियमन) विधेयक, 2006 के संबंध में आगे और टिप्पणियां राज्य सभा सचिवालय को प्रस्तुत कर दी गई हैं । अन्य मतों / सुझाव को अंतिम रूप दिया जा रहा है और उन्हें शीघ्र ही मंत्रालय को अग्रेषित किया जाएगा ।

5.5.2 निगम मानकों की विरचना

समिति ने, (i) एनजीओ को शासित करने, (ii) विलयन, निर्विलयन - नैगम पुनःसंरचना, (iii) शेयरों का मूल्यांकन, (iv) श्रम विधियां और लेखांकन वृत्ति, (v) निगम विवादों का माध्यस्थम - लेखांकन वृत्ति की भूमिका, (vi) लेखांकन वृत्ति और वैश्वीकृत युग में कारबार कार्यों का प्रबंध, (vii) आस्तियों का मूल्यांकन, (viii) कंपनी और संबद्ध विधियों का अनुपालन - लेखांकन नीति की भूमिका और (ix) संपरीक्षकों की नियुक्ति, सेवानिवृत्ति और पद से हटाए जाने के संबंध में कार्पोरेट कार्य मानकों को तैयार करने के लिए उपाय आरंभ किए हैं ।

5.5.3 एमसीए - 21 ई-शासन परियोजना का ध्वजपोत

समिति, कार्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा आरंभ की गई एमसीए - 21 परियोजना से गहन रूप से सहबद्ध हुई, जिसने ऐसी रीति में, जो जनता के अलावा निगम अस्तित्वों और वृत्तिकों के सर्वोत्तम रूप से अनुकूल है, एमसीए सेवाओं तक आसान और सुनिश्चित पहुंच में समर्थ बनाया । एमसीए-21 परियोजना को लोकप्रिय बनाने के लिए सदस्यों ने अत्यधिक उत्साह से एमसीए-21 कार्यक्रमों में भाग लिया । संस्थान ने एमसीए-21 पर देश भर में कार्यशालाओं/ संगोष्ठियों/ सम्मेलनों का आयोजन किया है ।

5.5.4 एमसीए 21 ई-शासन कार्यक्रम के अधीन प्रमाणित फाइलिंग केन्द्रों के लिए स्कीम

कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ने, कार्पोरेट कार्य मंत्रालय के एमसीए - 21 ई-शासन कार्यक्रम के अधीन दस्तावेजों की ई-फाइलिंग को सुकर बनाने के लिए वृत्तिक रूप से अर्हित व्यक्तियों/फर्मों/निगम निकायों द्वारा प्रचालित किए जाने वाले प्रमाणित फाइलिंग केन्द्रों (सीएफसी) के लिए स्कीम आरंभ की थी । मंत्रालय ने 31 दिसंबर, 2006 तक प्रमाणित फाइलिंग केन्द्रों के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन स्वीकार किए थे । स्कीम के अनुसरण में, मंत्रालय ने 1258 आवेदन अनुमोदित किए थे, जिनमें से 917 आवेदन आईसीएआई के सदस्यों और फर्मों के हैं ।

5.5.5 कंपनी अधिनियम, 1956 के अधीन बनाए गए नियमों के अधीन ई-प्ररूपों का पुनरीक्षण

कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ने कंपनी अधिनियम, 1956 के अधीन बनाए गए नियमों के अंतर्गत ई-प्ररूपों का पुनरीक्षण करने संबंधी एक तकनीकी समूह का गठन किया था । संस्थान ने कार्य समूह की परिचर्चाओं में सहयोग किया और विभिन्न ई-प्ररूपों को अंतिम रूप देने में सहायता की ।

5.5.6 सीमित दायित्व भागीदारी विधेयक, 2006

सीमित दायित्व भागीदारी विधेयक, 2006 को 15 दिसंबर, 2006 को राज्य सभा में पुरःस्थापित किया गया था । वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति इस विधेयक की समीक्षा कर रही है और लोक सभा सचिवालय ने इस संबंध में संस्थान के मतों / सुझावों का अनुरोध किया था । संस्थान के मतों/सुझावों को लोक सभा सचिवालय को भेज दिया गया था ।

5.5.7 निगम विधियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सुझाव/टिप्पणियां

समिति ने, संस्थान को कार्पोरेट कार्य मंत्रालय और अन्य सरकारी विभागों, द्वारा निर्दिष्ट विभिन्न विषयों पर, जैसे कि एमसीए - 21 परियोजना, मूल्यांकन वृत्तिकों के विनियम संबंधी अवधारणा पत्र, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) और वित्तीय संस्थागत विधियां (संशोधन) विधेयक, 2005, सीमित दायित्व भागीदारी विधि संबंधी अवधारणा पत्र, कंपनी अधिनियम, 1956 के अधीन बनाए गए नियमों के अंतर्गत ई-प्ररूपों का पुनरीक्षण, प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक, 2006, विदेशी अंशदान (प्रबंध और नियंत्रण) विधेयक, 2005, विदेशी अंशदान (विनियमन) विधेयक, 2006, निधि कंपनियां, कार्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा कंपनी अधिनियम, 1956 के अधीन बनाए गए नियमों के अधीन प्ररूप 8 के साथ प्रस्तुत की जाने वाली, प्रभार का साक्ष्य देने वाली लिखत से संबंधित मुद्दे की समीक्षा करने के लिए गठित कार्यकारी समूह, निगम मूल्यों के लिए आदर्श पाठ्यचर्चा की समीक्षा करने और सुझाव देने संबंधी कार्यकारी समूह, निगम मूल्यांकनकर्ताओं के लिए संस्थागत ढांचे की अपेक्षा की समीक्षा करने के लिए एमसीए द्वारा गठित कार्यकारी समूह, सीपीएसई के लिए निगम शासन संबंधी प्रारूप मार्गदर्शन, अति लघु, लघु और मध्यम उद्यम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम, 2006 की धारा 22 की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची 6 का संशोधन करने के लिए प्रारूप अधिसूचना और मंत्रालय द्वारा संस्थान को राय के लिए निर्दिष्ट विभिन्न मामलों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए हैं ।

कंपनी अधिनयम, 1956 की धारा 81(3)(क) के अधीन एआरसी द्वारा ऋणों को साम्या में संपरिवर्तित करने संबंधी मतों/सुझावों को मंत्रालय को अग्रेषित किया गया है ।

5.5.8 निगम मूल्यांकनकर्ताओं संबंधी कार्यकारी समूह

कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ने, निगम मूल्यांकनकर्ताओं के लिए एक संस्थागत ढांचे की अपेक्षा की समीक्षा करने और सुझाव देने और निगम मूल्यांकनकर्ताओं के लिए एक आदर्श पाठ्यचर्चा का सुझाव देने के लिए दो कार्यकारी समूह गठित किए थे । दोनों समूहों ने अपनी परिचर्चाएं पूरी कर ली हैं । दोनों समूहों में संस्थान के नामनिर्देशिती हैं । समूह ने अपनी सिफारिशें मंत्रालय को प्रस्तुत कर दी थी ।

5.5.9 अर्हता पश्च पाठ्यक्रम

परिषद् ने सिद्धांत रूप में "निगम मूल्यांकन" और "ऋणदाता के अधिकारों का संरक्षण और दीवालिया विधि" पर दो अर्हता पश्च पाठ्यक्रमों का अनुमोदन किया । इनके ब्यौरे समिति के समीक्षाधीन हैं ।

5.6 राजकोषीय विधियां

5.6.1 सीबीईसी अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

राजकोषीय विधियों संबंधी समिति ने राष्ट्रीय सीमाशुल्क, उत्पाद शुल्क और स्वापक अकादमी, फरीदाबाद और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा सीमा शुल्क बोर्ड के वरिष्ठ केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सेवा कर अधिकारियों के लिए क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों के समन्वयन से सात प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया । समिति को, ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा किए गए मूल्यवर्द्धन के संबंध में भाग लेने वाले व्यक्तियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई । इस प्रयोजन के लिए, समिति ने एक प्रशिक्षण मेनुअल निकाला । श्री पी. चिदंबरम, माननीय संघ वित्त मंत्री, श्री एस. एस. पलानिमनिकम, वित्त राज्य मंत्री और श्री पवन कुमार बंसल, वित्त राज्य मंत्री (व्यय, बैंककारी और बीमा) ने आईसीआईए द्वारा राजस्व विभाग के पदधारियों में लेखांकन ज्ञान के प्रसार में किए गए कार्य की सराहना की ।

5.6.2 आईसीएआई के सुझावों को स्वीकार किया गया

वर्ष के दौरान, सरकर ने, विभिन्न मुद्दों के संबंध में समिति द्वारा दिए गए अनेक सुझावों को स्वीकार किया । प्ररूप सं. 3गघ के संशोधनों से, जिनके अंतर्गत सीमांत फायदों के मूल्यों के प्रमाणन के लिए अनुलग्नक 2 का अंतःस्थापन भी है, संबंधित समिति के सुझावों को प्ररूप 3गघ का संशोधन करने वाली अधिसूचना सं.208/2006, तारीख 10 अगस्त, 2006 को जारी करते समय स्वीकार किया गया था । नए आयकर विवरणी प्ररूपों की अधिसूचना के समय, सरकार ने आईसीएआई द्वारा दिए गए अनेक सुझावों को स्वीकार किया । कार्य संविदा पर सेवाकर के संबंध में, सीबीईसी ने इस संबंध में नियम और विनियम जारी करते समय समिति के सुझावों को स्वीकार किया था ।

5.6.3 सेवाकर छूट को आंशिक रूप से पुनः प्रदान किया गया

सरकार ने, लेखांकन और संपरीक्षा सेवाओं से भिन्न सेवाओं के संबंध में वृत्ति कर रहे चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों को दी जाने वाली छूट को वापस ले लिया था । वित्त मंत्री और विभाग के साथ गहन अनुवर्ती कार्रवाई की गई थी । इसके परिणामस्वरूप, वृत्ति कर रहे चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों, वृत्ति कर रहे लागत एकाउन्टेन्टों और वृत्ति कर रहे कंपनी सचिवों द्वारा दी जाने वाली प्रतिनिधि सेवाओं को सेवाकर के उद्ग्रहण से छूट दे दी गई है ।

5.6.4 ज्ञापन

वर्ष के दौरान समिति ने पूर्व बजट ज्ञापन - 2007 और पश्च बजट ज्ञापन - 2007 प्रस्तुत किए । कुछ सुझावों को स्वीकार किया गया था और संबंधित वित्त विधेयक में सम्मिलित किया गया था । वित्त विधेयक, 2007 के खंडों पर विख्यात सदस्यों के लेख अंतर्विष्ट करने वाले जर्नल के एक विशेष अंक का प्रकाशन किया गया था ।

5.6.5 प्रकाशन

समिति ने आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन सीमांत फायदों की संपरीक्षा संबंधी मार्गदर्शन टिप्पण जारी किए थे (कर संपरीक्षा संबंधी अनुपूरक मार्गदर्शन टिप्पणों सहित) । इन मार्गदर्शन टिप्पणों को नई दिल्ली में 3 अक्तूबर, 2006 को तत्कालीन राजस्व सचिव श्री के.एम. चंद्रशेखर द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था । राजस्व सचिव ने मार्गदर्शन टिप्पण तैयार करने में संस्थान के प्रयासों की सराहना की ।

5.6.6 अभ्यावेदन

निगमों द्वारा आयकर विवरणियों की इलैक्ट्रानिक फाइलिंग के मुद्दे पर माननीय वित्त मंत्री को एक ब्यौरेवार अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया था । निगमों द्वारा आयकर विवरणियों की आज्ञापक इलैक्ट्रानिक फाइलिंग में सदस्यों और निर्धारितियों के सामने आ रही प्रशासनिक कठिनाईयों को स्पष्ट किया गया था । इसके अतिरिक्त, आय की विवरणी के साथ कर संपरीक्षा रिपोर्ट फाइल करने की अपेक्षा को समाप्त करने के कारण राजस्व को होने वाले नुकसान को भी स्पष्ट किया गया था । इसके अलावा, धारा 40(क)(*i*) पर एक अभ्यावेदन, कर विवरणी तैयार करने वालों से संबंधित एक ब्यौरेवार संसूचना और साथ ही मध्य प्रदेश और झारखंड सरकारों को भी इस संबंध में एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया था कि केवल चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट ही राज्य स्तरीय वेट संपरीक्षा करने के लिए सर्वोत्तम क्यूं हैं।

5.6.7 अंतरराष्ट्रीय कराधान और ई-फाइलिंग सहायता केन्द्रों पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

समिति ने सदस्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय कराधान में एक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम अंतर्वस्तु को अंतिम रूप दिया । यह भी विनिश्चय किया गया था कि आयकर विवरणियों की ई-फाइलिंग में प्रक्रियाओं को समझने में सद्रस्यों की सहायता करने के लिए देश भर में क्षेत्रीय और प्रमुख शाखा कार्यालयों में सहायता केन्द्रों का गठन किया जाए ।

5.6.8 संगोष्ठियां और सम्मेलन

समिति के समन्वयन से विभिन्न शाखाओं ने देश भर में बड़ी संख्या में संगोष्ठियों, संवादों, कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था ।

5.7 वित्तीय बाजार और निवेशकों का संरक्षण

विश्व बाजार में भारतीय पूंजी बाजार की ब्रांड छवि बनाने के सतत प्रयास रंग लाए और भारतीय अर्थव्यवस्था को सारवान फायदे हुए और वह आगे विकास हेतु तैयार है । इस वर्ष बाजार, कतिपय बाधाओं के बावजूद विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और अन्य विदेशी निवेशकों से निधियों का बड़ा भाग आकर्षित करता रहा और इसे प्रमुख निवेशक स्वर्ग के रूप में देखा जा रहा है । देश में वस्तु बाजार एक अन्य प्रमुख उभरता हुआ बाजार बन गया । वित्तीय बाजारों के क्षेत्र में, वृत्तिकों के लिए वृहत विस्तार और परिधि को देखते हुए, समिति ने अपने विवेक से अपनी गतिविधियों की परिधि को पुनरीक्षित किया और चालू वर्ष के लिए एक व्यापक योजना बनाई ।

5.7.1 सेबी और कार्पोरेट कार्य मंत्रालय के साथ परस्पर क्रिया

सेबी के साथ

(क) सूचीकरण करार के खंड 49 के अनुपालन में उभरते मुद्दे : समिति द्वारा प्रकटनों जैसे कि संबंधित पक्षकार संव्यवहार, जोखिम प्रबंध, पब्लिक/ राईटस / बोनस इश्यू के आगमों से संबंधित कतिपय मुद्दों और संस्थान के उनके संबंध में दृढ़ मत को सेबी की सूचना में लाया गया था और विनियामक से उन पर निगम शासन की दृष्टि से विचार करने का अनुरोध किया गया था ।

(ख) कार्यकारी निदेशक, सेबी के साथ बैठक और बाजारों तथा निवेशकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों और संस्थान की भूमिका पर चर्चा ।

(ग) एकीकृत प्रकटन संबंधी अवधारणा पत्र पर सुझाव प्रस्तुत किए गए थे ।

(घ) प्रतिभूतियों को सूची से बाहर करने संबंधी विनियम, 2006 पर अवधारणा पत्र के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किए गए थे ।

(ङ) समिति के अध्यक्ष ने 9 से 12 अप्रैल, 2007 के दौरान मुंबई में अंतरराष्ट्रीय प्रतिभूति आयोग संगठन (आईओएससीओ) के 32 वें वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय विनियामकों के साथ परस्पर क्रियाएं की ।

(च) समिति के अध्यक्ष ने 26 जुलाई, 2007 को मुंबई में सेबी की प्रकटन और लेखांकन मानकों संबंधी समिति (एससीओडीए) की बैठक में भी भाग लिया ।

कार्पोरेट कार्य मंत्रालय के साथ

(क) **निवेशक संरक्षा की प्रभाविकता के संबध में** : समिति ने 16 मार्च, 2007 को कार्पोरेट कार्य मंत्रालय की निवेशक शिक्षा और संरक्षा निधि समिति के समक्ष एक प्रस्तुतिकरण किया । यह प्रस्तुतिकरण " एकल पटल निवेशक शिकायत समाधान तंत्र" के विषय पर किया गया था । सचिव, कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ने विशेष रूप से संस्थान के प्रस्तुतिकरण की सराहना की ।

(ख) **निवेशक संरक्षण संबंधी विशेषज्ञ समूह के संयोजक के रूप में आईसीएआई का नेतृत्व** : कार्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने, उपरोक्त विषय पर मंत्रालय को रिपोर्ट करने के प्रयोजन के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया था । मंत्रालय ने समिति के अध्यक्ष सीए सी.एस. नंदा को विशेषज्ञ समूह के संयोजक के रूप में नामनिर्दिष्ट किया है और रिपोर्ट 3 जुलाई, 2007 को प्रस्तुत की गई थी ।

(ग) **भारतीय निक्षेपागार प्राप्तियों पर सुझाव :** समिति ने, भारतीय निक्षेपगार प्राप्तियों से संबंधित नियमों के पुनर्विलोकन पर अपनी प्रतिक्रिया के रूप में ब्यौरेवार सुझाव और सिफारिशें मंत्रालय को प्रस्तुत की ।

5.7.2 निवेशक जागरूकता कार्यक्रम :

यह कार्यक्रम निम्नलिखित स्थानों पर आयोजित किया गया था :

आगरा (7 मई, 2006)

गाजियाबाद (12 अगस्त, 2006)

अंबाला (19 अगस्त, 2006)

हिसार (25 अगस्त, 2006)

भटिंडा (26 अगस्त, 2006)

पटियाला (26 अगस्त, 2006)

कालीकट (30 अगस्त, 2006)

मथुरा (2 सितंबर, 2006)

कोटा (3 सितंबर, 2006)

ग्वालियर (18 नवंबर, 2006)

समिति ने चालू वर्ष के दौरान 25 कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव किया था ।

5.7.3 एमसीए - आईसीएआई निवेशक जागरूकता कार्यक्रम :

भारत सरकार के कार्पोरेट कार्य मंत्रालय की निवेशक जागरूकता और संरक्षा निधि के तत्वावधान में, सितंबर, 2007 को निवेशक जागरूकता मास के रूप में मनाया जा रहा है । मंत्रालय ने, निवेशकों की संरक्षा और शिक्षा के लिए संस्थान को अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम समनुदेशित किया है । यह, एक ऐसे विशेषज्ञ समूह द्वारा, जिसके संयोजक वित्तीय बाजार और निवेशक संरक्षा संबंधी समिति के अध्यक्ष थें, "निवेशक संरक्षा तथा शिकायत और समाधान तंत्र और वित्तीय अखंडता की पद्धति के मुद्दे के प्रति अवधारणा" विषय पर रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के पश्चात् किया गया था । निवेशक संरक्षा और शिक्षा के मद्दे कार्य योजना की श्रृंखला के भाग रूप में, भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स संस्थान देश के क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है :

क्रम सं.	तारीख	दिवस	स्थान	क्षेत्र
1.	1 सितंबर	शनिवार	गाजियाबाद	सीआईआरसी
2.	2 सितंबर	रविवार	शिमला	एनआईआरसी
3.	6 सितंबर	गुरूवार	पुणे	डब्ल्यूआईआरसी
4.	7 सितंबर	शुक्रवार	फरीदाबाद	एनआईआरसी
5.	8 सितंबर	शनिवार	आगरा	सीआईआरसी
6.	8 सितंबर	शनिवार	गोवा	डब्ल्यूआईआरसी
7.	8 सितंबर	शनिवार	लुधियाना	एनआईआरसी
8.	9 सितंबर	रविवार	अमृतसर	एनआईआरसी
9.	11 सितंबर	सोमवार	तिरूचिरापल्ली	एसआईआरसी
10.	13 सितंबर	गुरूवार	हैदराबाद	एसआईआरसी
11.	14 सितंबर	शुक्रवार	भुवनेश्वर	ईआईआरसी
12.	14 सितंबर	शुक्रवार	विजयवाड़ा	एसआईआरसी

13.	14 सितंबर	शुक्रवार	गुंटूर	एसआईआरसी
14.	15 सितंबर	शनिवार	गोरखपुर	सीआईआरसी
15.	15 सितंबर	शनिवार	जयपुर	सीआईआरसी
16.	16 सितंबर	रविवार	इलाहाबाद	सीआईआरसी
17.	20 सितंबर	गुरूवार	कोलकाता	ईआईआरसी
18.	22 सितंबर	शनिवार	भिलाई	सीआईआरसी
19.	22 सितंबर	शनिवार	चैन्नई	एसआईआरसी
20.	22 सितंबर	शनिवार	तिरूपुर	एसआईआरसी
21.	22 सितंबर	शनिवार	अम्बाला	एनआईआरसी
22.	22 सितंबर	शनिवार	अहमदाबाद	डब्ल्यूआईआरसी
23.	22 सितंबर	शनिवार	गुवाहाटी	ईआईआरसी
24.	22 सितंबर	शनिवार	औरंगाबाद	डब्ल्यूआईआरसी
25.	22 सितंबर	शनिवार	काकीनाड़ा	एसआईआरसी
26.	23 सितंबर	रविवार	जलगांव	डब्ल्यूआईआरसी
27.	23 सितंबर	रविवार	नागपुर	डब्ल्यूआईआरसी
28.	23 सितंबर	रविवार	बैंगलोर	एसआईआरसी
29.	23 सितंबर	रविवार	सुरत	डब्ल्यूआईआरसी
30.	27 सितंबर	गुरूवार	करनाल	एनआईआरसी
31.	28 सितंबर	शुक्रवार	उदयपुर	सीआईआरसी
32.	29 सितंबर	शनिवार	कोयम्बटूर	एसआईआरसी
33.	29 सितंबर	शनिवार	सिलीगुड़ी	ईआईआरसी
34.	29 सितंबर	शनिवार	नासिक	डब्ल्यूआईआरसी
35.	29 सितंबर	शनिवार	राजकोट	डब्ल्यूआईआरसी
36.	29 सितंबर	शनिवार	चंडीगढ़	एनआईआरसी

5.7.4 पूंजी बाजार संबंधी अखिल भारतीय सम्मेलन : समिति ने, भारत वाणिज्य और उद्योग चेम्बर तथा भारत के एनएसई सदस्यों के संगम, पूर्वी क्षेत्र के सहयोग से "इंडियन केपिटल मार्किट - विजन - 2010" विषय पर पूंजी बाजार संबंधी एक अखिल भारतीय सम्मेलन का आयोजन किया था । इस सम्मेलन की मेजबानी आईसीएआई की ईआईआरसी ने की थी । यह सम्मेलन अत्यधिक सफल रहा था और इसमें 700 सदस्यों ने भाग लिया था । इस सम्मेलन को पूंजी बाजार क्षेत्र के विख्यात विशेषज्ञों द्वारा संबोधित किया गया था और कार्यक्रम का आयोजन 14 जून, 2007 को कोलकाता में किया गया था ।

5.7.5 पूंजी बाजार विनियमों संबंधी पुस्तिका

विषयवस्तु की व्यापकता और बाजार को विनियमित करने वाले विभिन्न कानूनों और संबंधित नियमों, विनयमों और मार्गदर्शनों में समय समय पर होने वाले संशोधनों को देखते हुए, समिति ने सितंबर, 2006 में एक नया प्रकाशन "हेंडबुक ऑन कैपिटल मार्किट रेगुलेशन" निकाला । इस प्रकाशन में पूंजी बाजार के क्षेत्र में चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओं पर एक अध्याय सम्मिलित किया गया था । यह प्रकाशन इस समय पुनरीक्षणाधीन है ।

5.7.6 भावी पहलें

(क) भारतीय राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज के सहयोग से **वित्तीय बाजार और सेवाओं में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम** प्रारंभ करना । इस समय चर्चाएं की जा रही हैं ।

(ख) **निवेशक संरक्षण पर वैश्विक व्यवहार संबंधी पुस्तिका ।**

(ग) दिल्ली, बैंगलोर और मुंबई में **क्षेत्रीय सम्मेलन** ।

(घ) विदेशी स्टॉक एक्सचेंजों में **वैश्विक अध्ययन दौरे** ।

5.8 विशेषज्ञ राय

इन दिनों जब पूरे विश्व में आमूलचूल परिवर्तन हो रहे हैं, भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट संस्थान ने उन परिस्थितियों में, जिनमें चार्टर्ड लेखांकन वृत्ति कार्य करती है, हो रहे व्यापक परिवर्तनों को देखतें हुए और सक्रिय रीति में कार्रवाई करने के प्रयासों में, यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे वृत्तिक मानक अंतरराष्ट्रीय व्यवहारों के अनुरूप हैं, समय समय पर नए/विद्यमान लेखांकन और संपरीक्षा मानकों तथा मार्गदर्शन टिप्पणों को जारी /पुनरीक्षित किया है । तथापि, ये मानक नए और जटिल होने के कारण, कतिपय जटिल परिस्थितियों में कार्यवाही करते समय, इनके क्रियान्वयन में व्यवहारिक कठिनाइयां आती हैं । इन परिस्थितियों में सदस्यों का मार्गदर्शन करने के विचार से संस्थान ने, संस्थान के सदस्यों के लेखांकन संपरीक्षा और संबंधित मुद्दों पर प्रश्नों का उत्तर देने के लिए विशेषज्ञ सलाहकार समिति स्थापित की । यह समिति ऐसे किन्हीं अनुमानित मामलों और मुद्दों पर विचार नहीं करती, जिनमें विभिन्न अधिनियमितियों का विधिक निर्वचन और वृत्तिक कदाचार के मामले अंतर्वलित हैं । यह किन्हीं ऐसे प्रश्नों का उत्तर भी नहीं देती, जो संस्थान की अनुशासन समिति, किसी विधि के न्यायालय, आयकर प्राधिकारियों या सरकार के किसी अन्य समुचित विभागों के समक्ष लंबित हैं । संस्थान की समिति ने सलाहकार सेवा नियम विरचित किए हैं, जिनके अनुसार समिति सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर देती है । इन नियमों को संस्थान की वेबसाइट पर देखा और नई दिल्ली स्थित इसके प्रधान कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है ।

यह समझना चाहिए कि यद्यपि विशेषज्ञ सलाहकार समिति की नियुक्ति परिषद ने की है और समिति वस्तुनिष्ठ और विशेषज्ञ राय उपलब्ध कराने के लिए सभी प्रयास करती है और उसे निर्दिष्ट विषय पर उपलब्ध राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय साहित्य पर विचार करने के पश्चात् ही राय देती है, फिर भी समिति की राय या मत, समिति की ही राय और मत है न कि संस्थान की परिषद् की राय ।

01.04.2006 से 18.8.2007 की अवधि के दौरान समिति ने व्यापक मुद्दों जैसे कि त्रैमास/वर्ष अंत पर वस्तुसूची मूल्यांकन के प्रयोजन के लिए खंड रिपोर्टिंग, उपरिशीर्ष आबंटन, आस्थगित कर दायित्व, औद्योगिक संपदाओं के रूप में औद्योगिक भूखंडों के पट्टे पर प्राप्त पट्टा प्रीमियम का लेखांकन उपचार, आंशिक रूप से संरक्षित बंधपत्रों का प्रकटन, वेल्स की साइड ट्रेकिंग लागत के संबध में

लेखांकन उपचार, संदेहास्पद अग्रिमों और संदेहास्पद छालों आदि के लिए आधिक्य प्रावधानों के संबंध में आस्थगित कर आस्तियों का उपचार, पर 42 रायों को अंतिम रूप दिया ।

किसी एक वर्ष के दौरान समिति द्वारा अंतिम रूप दी गई सभी रायों को, उन्हें जारी करने की तारीख के साथ रायों के कंपेंडियम में प्रकाशित किया जाता है । अभी तक, कंपेंडियम की चौबीस जिल्दें, जिनमें समिति द्वारा दिसंबर, 2005 तक अंतिम रूप दी गई रायें अंतर्विष्ट हैं, विक्रय के लिए जारी की गई हैं । कंपेंडियम की जिल्द 25 और 26, जिनमें क्रमशः समिति द्वारा फरवरी, 2005 से जनवरी, 2006 और फरवरी 2006 से जनवरी, 2007 तक अंतिम रूप दी गई रायें अंतर्विष्ट हैं, संकलनाधीन है । समिति, संस्थान के सदस्यों के उपयोग के लिए आसान सर्च इंजिन वाली एक सीडी जारी करने का प्रयास कर रहा है, जिसमें समिति द्वारा अभी तक जारी की गई सभी रायें अंतर्विष्ट हों ।

समिति द्वारा अंतिम रूप दी गई कुछ रायों को संस्थान के जर्नल ' द चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट' के प्रत्येक अंक में प्रकाशित किया जा रहा है । समिति की हाल ही की रायें भी संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं ।

5.9 सतत् वृत्तिक शिक्षा

5.9.1 सामान्य अवलोकन

रिपोर्टाधीन वर्ष भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट की प्रास्थिति को विश्व में केवल सर्वोत्तम के साथ तुलनीय सुयोग्य वृत्तिक के रूप में बनाए रखने के संस्थान के निरंतर प्रयास में एक ऐतिहासिक रहा है । आईसीएआई हमेशा अपने सदस्यों द्वारा दी गई वृत्तिक सेवाओं के मानक में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करता आया है । वृत्तिक सेवाओं के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखने में सदस्यों की सहायता करने के लिए हर संभव प्रयास किए गए तथा इन्हें संस्थान की सतत् वृत्तिक शिक्षा समिति द्वारा कार्यान्वित किया गया ।

अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम कार्य प्रणाली के अनुरूप, कलेंडर वर्ष, 2007 के लिए सीपीई अपेक्षाओं को पुनरीक्षित किया गया है जिससे कि :-

- प्रेक्टिस कर रहे सभी सदस्यों से जब तक कि उन्हें छूट न प्राप्त हो, एक कलेंडर वर्ष के दौरान न्यूनतम 20 सीपीई क्रेडिट घंटे अभिप्राप्त करने की अपेक्षा की जाती है । असंरचित सीपीई पठन घंटे लागू नहीं हैं । वर्ष 2006 में सीपीई क्रेडिट में अपनी किसी कमी को सदस्यों को 31 दिसम्बर, 2007 से पूर्व उस कमी से दुगना समय देकर दूर करना होगा । ऐसे 'कमी पूरा करने वाले घंटे' 2007 के लिए अपेक्षित नियमित सीपीई क्रेडिट घंटों के अतिरिक्त होंगे ।
- प्रेक्टिस के अलावा अन्य कार्यों में लगे सदस्यों से सीपीई क्रेडिट घंटों की अपेक्षा **सिफारिशात्मक** है । ऐसे सदस्यों से कलेंडर वर्ष के दौरान सीपीई क्रेडिट के न्यूनतम 10 (दस) घंटों का उपार्जन करने की सिफारिश की जाती है ।
- सीपीई क्रेडिट घंटों की अपेक्षाएं ऐसी किसी सदस्य को लागू नहीं होती हैं, जिसमें किसी विशिष्ट कलेंडर वर्ष के दौरान साठ वर्ष की आयु पूरी कर ली हो ।

5.9.2 पुनरीक्षित और जारी किए गए दस्तावेज

परिषद् ने सीपीई समिति की सिफारिशों पर विचार किया और निम्नलिखित दस्तावेजों को पुनरीक्षित और जारी किया :

- सतत वृत्तिक शिक्षा संबंधी विनियम, 2003 (अगस्त 2006 में यथा संशोधित)
- सीपीई अध्ययन क्षेत्र के लिए सन्नियम (अगस्त 2006 में यथा संशोधित)
- सीपीई अध्यायों के लिए सन्नियम (अगस्त 2006 में यथा संशोधित)
- सीपीई अध्ययन समूहों के लिए सन्नियम (अगस्त 2006 में यथा संशोधित)
- सीपीई कार्यक्रमों के संचालन के वृत्तिकरण के लिए परिषद् के निदेश

5.9.3 सीपीई पोर्टल का शुभारंभ

समिति ने संस्थान के सदस्यों द्वारा उपार्जित सीपीई घंटों की रिकार्डिंग तथा उसके अभिलेखों को बनाए रखने के लिए आन लाइन सीपीई पोर्टल (http://www.cpeicai.org.) को विकसित किया है जिसे 17 अक्तूबर, 2005 से कार्यरत बनाया गया था ।

प्रणाली सदस्यों को उनके द्वारा उपार्जित सीपीई क्रेडिट घंटों के साथ उनको नवीनतम जानकारी प्रदान करती है । सदस्य अपनी आई डी तथा पासवर्ड का उपयोग करते हुए सीपीई पोर्टल को खोलकर सीपीई घंटों की प्रास्थिति का जायजा ले सकते हैं । पोर्टल केन्द्रीय समिति, क्षेत्रीय परिषद्, विदेशी चैप्टरों, सीपीई चैप्टरों, सीपीई अध्ययन जर्नल और सीपीई अध्ययन समूहों जैसे विभिन्न पीओयू द्वारा भारत तथा विदेश में आयोजित कार्यक्रमों के संबंध में भी जानकारी प्रदान करता है ।

उक्त सीपीई पोर्टल देशभर में समाधानप्रद रूप में कृत्य कर रहा है ।

5.9.4 कार्यक्रम आयोजित करने वाले यूनिटों को सशक्त बनाना

सीपीई कार्यक्रम संयोजन यूनिट (पीओयू) द्वारा सम्मिलित किए जाने वाले विषयों में एकरूपता को बनाए रखने के दोहरे उद्देश्य से तथा संस्थान के सीपीई निदेशालय में जाए बिना, सीपीई क्रेडिट घंटों को अवधारित करने में उन्हें समर्थ बनाने के लिए, सीपीई कलेंडर को सम्यक् परामर्श प्रक्रिया के पश्चात् जारी कर दिया गया है जिसमें व्यावहारिक विषय प्रेक्टिस कर रहे सदस्यों के लिए ही सुसंगत नहीं है अपितु नौकरी कर रहे सदस्यों के लिए भी सुसंगत है । मैट्रो, बड़े तथा छोटे शहरों, मुफस्सिल तथा दूरस्थ स्थानों में सदस्यों की सीपीई अपेक्षाओं को संबोधित करने में सम्यक् सावधानी बरती गई थी । पूर्व वर्षों की तरह ही, सीपीई कलेंडर को दो भागों में अर्थात् अनिवार्य विषय और वैकल्पिक विषय में विभाजित किया गया था । वर्ष 2007-08 के लिए अनिवार्य विषयों में निम्नलिखित सम्मिलित है :-

लेखांकन तथा संपरीक्षा

1. आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानक
2. आईसीएआई द्वारा जारी संपरीक्षा, आश्वासन तथा क्वालिटी मानक
3. लेखांकन और संपरीक्षा संबंधी आईसीएआई की उद्घोषणाएं तथा अन्य दस्तावेज
4. क्षेत्रवार/उद्योगवार व्यावहारिक प्रस्तुतीकरण के साथ लेखांकन दस्तावेज
5. लेखांकन मानक तथा अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानक (आईएफआरएस)
6. यू.एस.और यू.के. जीएएपी
7. आंतरिक संपरीक्षा मानक
8. पीयर रिव्यू - प्रेक्टिस यूनिट के लिए प्रणाली, प्रक्रिया तथा दस्तावेजीकरण
9. क्वालिटी पुनर्विलोकन के अधीन तकनीकी मानक

10. सर्बेन्स आक्सले अधिनियम

11. शहरी स्थानीय निकायों का लेखांकन

12. न्यायालयिक लेखांकन तथा संपरीक्षा

13. आंतरिक लेखा तथा आंतरिक नियंत्रण

14. सेवा कर संपरीक्षा

15. वैट संपरीक्षा

16. जोखिम आधारित आंतरिक संपरीक्षा

17. अनिगमित उद्यमों और उनके संपरीक्षकों से संबंधित मुद्दे

सूचना प्रौद्योगिकी

18. निम्नलिखित पर व्यवहारिक कार्यशाला

क. बैंकों/बैंककारी उपयोजनों की आईएस संपरीक्षा

ख. सीएएटीके/साधारण संपरीक्षा साफ्टवेयर का उपयोग

ग. स्टॉक ब्रोकर सीटीसीएल प्रसुविधा की आईएस संपरीक्षा

घ. एमएस-एक्सेल-संपरीक्षा के लिए उपकरण

ङ. नेटवर्क संरक्षा संपरीक्षा/पुनर्विलोकन

च. विंडोज एक्सपी संरक्षा पुनर्विलोकन

छ. विंडोज 2000/2003 संरक्षा पुनर्विलोकन

ज. एमएसएक्सेल - वित्तीय विश्लेषण/रिपोर्टिंग के लिए उपकरण

झ. वित्तीय प्रबंधन के लिए एमएस-एक्सेल

ञ. एमएस-एक्सेल की प्रोन्नत विशिष्टियां और सुविधाएं

ट. लेखांकन/वित्तीय अपेक्षाओं के लिए आंकड़ों का निष्कर्षण/विश्लेषण

ठ. एमएस-वर्ल्ड का उपयोग करते हुए रिपोर्टिंग/दस्तावेजीकरण

ड. कोर बैंकिंग उपयोजनों (सीबीए) की आईएस संपरीक्षा/पुनर्विलोकन

ढ. सूचना प्रणाली संपरीक्षा

19. एक्सबीआरएल वित्तीय रिपोर्टिंग भाषा

20. आंतरिक नियंत्रणों का प्रमाणीकरण - खंड 49/सर्बेन्स आक्सले अधिनियम

21. लेखांकन सॉफ्टवेयर संरक्षा संपरीक्षा / पुनर्विलोकन और प्रोन्नत सुविधाएं/विशिष्टियां

22 अंकीय हस्ताक्षर और ई-फाइलिंग (आयकर/एमसीए 21)

23. इआरपी को समझना (2 दिन)

24. इआरपी कार्यान्वयन/परीक्षण/अनुरक्षण (8/21 दिन)

25. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम

26. उभरती हुई सूचना प्रौद्योगिकी चुनौतियां और अवसर

27. वीपीओ/केपीओ सनराइज क्षेत्रों में बढ़ते अवसर

28. सूचना प्रौद्योगिकी सर्वोत्तम व्यवहार - एक पुनर्विलोकन

कराधान

29. आय-कर अधिनियम के अधीन संपरीक्षा - तैयारी, प्रस्तुतीकरण और दस्तावेजीकरण

30. अवक्षयण : लेखांकन, कराधान तथा कंपनी विधि के मुद्दे

31. अप्रत्यक्ष कराधान में उभरते हुए मुद्दे

32. व्यवसाय कराधान संबंधी मुद्दे

33. अंतरराष्ट्रीय कराधान संबंधी मुद्दे

34. राष्ट्रीय कर अधिकरण सहित कर अधिकरण - चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों की भूमिका

35. प्रत्यक्ष कर विधियों संबंधी वर्तमान निर्णय

36. सेवा कर - विधि और व्यवहार

37. अनिवासी भारतीय का कराधान - हाल की घटनाएं

38. कर विधियों के अधीन स्थगन, कर वसूली तथा अन्य सहबद्ध उपबंध

39. अंतरण कीमत

40. निगमित कराधान

41. फ्रिंज बेनिफिट कर (एफबीटी)

42. मूल्य वर्धित कर (वेट)

43. सर्वेक्षण, तलाशी तथा अभिग्रहण - हाल की घटनाएं

44. डेस्क पुनर्विलोकन

निगमित विधियां

45. अनुसूची 6

46. एमसीए 21 के अधीन ई-प्ररूप

47. माध्यस्थम अधिनियम, 1996

48. मूल्यांकन तकनीकें

49. विलयन और निर्विलयन

50. कंपनी (संपरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश (सीएआरओ)

51. एनसीएलटी विधि तथा व्यवहार

52. एमसीए 21 - वृत्ति के लिए चुनौतियां तथा अवसर

53. सीमित दायित्व भागीदारी

आचार संहिता

54. आईसीएआई की नीतिगत संहिता और उभरते हुए सुसंगत मुद्दे

वित्त तथा पूंजी बाजार

55. व्युत्पत्तियां : भावी तथा विकल्प

56. रेटिंग निधि का स्रोत

57. वित्त तथा पूंजी बाजार का वर्तमान रूझान

58. अंतरराष्ट्रीय वित्त

59. एफडीआई नियम

60. परियोजना रिपोर्ट तथा मूल्य निर्धारण

निगम शासन

61. सूचीबद्ध करार

62. संपरीक्षा समिति चार्टर

63. संपरीक्षा समिति तथा स्वतंत्र निदेशक

64. निगमित शासन में हाल की घटनाएं

65. सीओएसओ, सीओबीआईटी और ईआरपी

बीमा और जोखिम प्रबंध

66. बीमा सर्वेक्षण और हानि निर्धारण

67. पेंशन निधि में विकास

68. बीमा क्षेत्र में प्रति धनशोधन

69. जोखिम प्रबंध

अन्य

70. परामर्शी और सलाहकारी सेवाएं

71. कारबार सलाहकारी सेवाएं

72. सूचना का अधिकार अधिनियम

73. छह सिगमा

74. बौद्धिक संपदा अधिकार

75. कारबार प्रक्रिया बाहरी स्रोत : चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट के लिए अवसर

76. ज्ञान प्रक्रिया बाहरी स्रोत : चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट के लिए अवसर

77. कपट अन्वेषण तथा रिपोर्टिंग

78. न्यायशास्त्र, विधि का निर्वचन तथा साक्ष्य अधिनियम

79. धन शोधन

80. सीए संशोधन अधिनियम, 2006

81. सीए फर्मों का विलय, अविलय और निर्विलयन तथा क्षमता निर्माण

व्यवहार तथा उद्योग में संस्थान के सदस्यों की प्रासंगिकता वाले वैकल्पिक विषयों में 144 विषय सम्मिलित हैं । इसके अलावा, कलेन्डर में, विषयों में 8 मुख्य शीर्ष भी सम्मिलित हैं जो विशेषकर उद्योग वाले सदस्यों के लिए प्रासंगिक हैं ।

सीपीई क्रेडिट घंटों की बढ़ी हुई मात्रा को पूरा करने के लिए सदस्यों को समर्थ बनाने हेतु, संस्थान का सीपीई कार्यक्रम आयोजक यूनिट विशेषकर क्षेत्रीय परिषद्, क्षेत्रीय परिषद् की शाखाएं, सीपीई अध्ययन सर्किल तथा सीपीई चैप्टरों को यह सलाह दी गई है कि वे ऐसे सदस्यों, जो ऐसे पीओयु में कार्य कर रहे हैं, के साथ न्यूनतम सीपीई कार्यक्रमों का संचालन करें ।

क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं को भी यह सलाह दी गई थी कि वे अन्य कार्यक्रमों के अतिरिक्त आज्ञापक रूप से प्रत्येक तिमाही में न्यूनतम दो कार्यशालाओं का आयोजन करें - इनमें से एक क्वालिटी पुनर्विलोकन के अधीन तकनीकी मानकों के अनुपालन से संबंधित होनी चाहिए और दूसरी हाल ही में जारी लेखांकन मानकों के कार्यान्वयन संबंधी गहन प्रशिक्षण कार्यशाला होनी चाहिए ।

5.9.5 सीपीई कार्यक्रमों की गुणवत्ता को बनाए रखना

सीपीई समिति ने अन्य बातों के साथ-साथ, सीपीई सीपीयू द्वारा आयोजित किए जाने वाले सीपीई कार्यक्रम की गुणवत्ता को मानीटर करने के लिए क्षेत्रीय सीपीई मानटरिंग समितियां बनाई है । जैसा कि सीपीई एडवाइजरी आन मानिटर्स एंड सुपरवाइजर्स के अंतर्गत अपेक्षित है, ऊपर कथित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सीपीई कार्यक्रम आयोजक यूनिटों के लिए मानीटर तथा सुपरवाइजर नामनिर्दिष्ट किए जा रहे हैं ।

5.9.6 सीपीई समिति की अन्य पहलें

सीपीई समिति निम्नलिखित रणनीति संबंधी पहलों पर भी कार्य कर रही है :

- ऐसे स्थानों पर, जहां भारत से बाहर चैप्टर का सृजन नहीं किया जा सकता सीपीई कार्यक्रम आयोजित करने के सीमित प्रयोजन के लिए भारत से बाहर सीपीई अध्ययन सर्कलों के सृजन और कार्यकरण के लिए सन्नियम तैयार करना ।
- संस्थान के सदस्यों के तकनीकी और वृत्तिक कौशल में सुधार करने हेतु उन्हें गहन जानकारी उपलब्ध कराने के विचार से अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों, एसओएक्स, निवेश बैंककारी, बीएएससीएल II, सम्यक् अभ्यास, भावी और वित्तीय सूचना का पूर्वानुमान, सेवाकर और क्वालिटी नियंत्रण जैसे विषयों पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों का संचालन ।
- सभी पांच क्षेत्रों में भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स संस्थान के सीपीई संसाधन व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षक कार्यशालाओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित करना ।
- लेखांकन मानकों/संपरीक्षा और आश्वासन मानकों/ क्वालिटी पुनर्विलोकन मानकों पर कार्यशालाओं/ प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना जिससे कि संस्थान के सदस्यों को सीपीई पद्धति के माध्यम से गहन अध्ययन और अनुकूलन प्रदान किया जा सके ।
- उद्योग में लगे सदस्यों के फायदे के लिए और अधिक घरेलू कार्यपालक विकास कार्यक्रमों का आयोजन करना ।

- प्रबंध लेखांकन, कर प्रबंध और निगम प्रबंध विषयों पर पश्च-अर्हता पाठ्यक्रमों की पाठ्यक्रम अंतर्वस्तु का पुनरीक्षण करना और सदस्यों के बीच उन विषयों को लोकप्रिय बनाने के लिए रणनीति तैयार करना ।
- सदस्यों के लिए ई-पठन समाधानों को कार्यान्वित करना ।
- सदस्यों के लिए स्मार्ट कार्ड समाधान कार्यान्वित करना ।
- संस्थान के सदस्यों के सॉफ्ट कौशलों को विकसित करने के संबंध में उनके लिए स्पीच क्राफ्ट कार्यक्रम तैयार करना ।
- संस्थान के कार्यक्रम संचालन यूनिटों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों/सम्मेलनों में भाग लेने के लिए विख्यात व्यक्तियों (प्रभावपूर्ण पदों पर तैनात चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों, केन्द्रीय / राज्य स्तरीय मंत्रियों और साथ ही केन्द्रीय/ राज्य स्तरीय पदधारियों / नौकरशाहों) को आमंत्रित करने के लिए मार्गदर्शन तैयार करना ।

5.10 वृत्तिक विकास समिति

वृत्तिक विकास समिति ने अपने मिशन, अर्थात् कारबार, व्यापार और वाणिज्य, सेवा, अवसंरचना विश्व, शासन और पूर्णरूपेण सोसाइटी के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों की वृत्तिक योग्यता और कौशल के उपयोग हेतु अवसरों की खोज करने, उन्हें व्युत्पन्न करने, विकसित करने, सुनिश्चित करने तथा उपलब्ध कराने और यह सुनिश्चित करने कि ऐसे अवसर सभी चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों को, उनके वृत्तिक सामर्थ्य और गुणों को सम्यक् रूप से ध्यान में रखते हुए, समान रूप से उपलब्ध है, के उद्देश्य की पूर्ति के सदे प्रयास जारी रखे । समिति, अपनी कार्य योजना के भाग रूप में निरंतर विभिन्न विनियामक/पैनलबद्ध करने वाले प्राधिकारियों तथा वृत्तिकों की सेवाओं के उपयोक्ताओं के साथ परस्पर क्रिया कर रही है ।

वर्ष के दौरान समिति की प्रमुख उपलब्धियां/प्रयास नीचे सूचीबद्ध हैं :

- वर्ष 2006-07 से बैंकों की कानूनी संपरीक्षा के लिए संपरीक्षा पारिश्रमिक में वृद्धि ।
- सदस्यों/फर्मों को, वर्ष 2006-07 के लिए बहु प्रयोजन पैनलबद्ध आवेदन प्ररूप को डाउन लोड करने के पश्चात् ऑफ लाइन रूप से प्ररूप को भरने तथा पुनः इंटरनेट से जुड़ने के पश्चात् फिर से अपलोड करने में समर्थ बनाने के लिए उस प्ररूप को www.meficai.org पर रखा गया था ।
- ऐसे सदस्यों/फर्मों का, जिनके विचार, उद्देश्य और भविष्य की रणनीति एक समान हैं, और जो नेटवर्क में भाग लेने वालों की दृढता को संपूरित करते हैं, संगम स्थापित करने के लिए एक नया अद्वितीय 'नेटवर्किंग पोर्टल' प्रारंभ किया गया है जो www.canet.co.in लिंक पर उपलब्ध है ।
- वृत्तिक विकास ज्ञान पोर्टल www.pdicai.org सदस्यों को निरंतर समय पर अपनी सेवाएं दे रहा है तथा सदस्यों को व्यवहार विकास और वृत्तिक अवसरों के संबंध में आवश्यक जानकारी दे रहा है ।
- संपरीक्षकों की नियुक्ति के संबंध में संयुक्त सचिव, बैंककारी विभाग द्वारा सभी पब्लिक सेक्टर बैंकों के मुख्य प्रबंध निदेशकों को जारी पत्र के संबंध में संघ के माननीय वित्त मंत्री और वित्त राज्य मंत्री से बैठक ।

- पंजाब के उत्पाद शुल्क और कराधान विभाग के अधिकारियों से बैठक ।
- बैंकों की संपरीक्षा से संबंधित विभिन्न मामलों पर भारतीय रिजर्व बैंक के पदधारियों से चर्चाएं ।
- भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के कार्यालय से सदस्यों के प्रत्यक्ष हित से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की गई थी ।
- परस्पर हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए नाबार्ड के पदाधिकारियों के साथ बैठक ।
- परस्पर हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैंककारी विभाग, वित्त मंत्रालय के पदाधिकारियों के साथ बैठक ।
- खादी और ग्रामोद्योग आयोग के पदाधिकारियों के साथ बैठक ।
- वर्ष 2006-07 के लिए बैंक शाखा संपरीक्षा हेतु आबंटन स्थिति के संबंध में सूचना को संस्थान की वेबसाइट पर रखा गया था ।

उपरोक्त के अलावा, समिति निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है:

- सभी उपलब्ध तथा संभावित अवसरों की खोज तथा उपयोग ताकि संस्थान के सदस्यों के लिए वृत्तिक विकास तथा वृद्धि कि नए अवसर सुनिश्चित किए जा सकें ।
- वृत्ति प्रभावित करने वाले मामलों पर उपयोगकर्ताओं को शिक्षित करना ।
- ऐसे विभिन्न विषयों पर जो समिति के मुख्य मिशन से संबंधित हैं, पाठ्यक्रम, संगोष्ठियां, कार्यशालाएं आयोजित करना ।
- चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों के लिए विकसित संभाव्य क्षेत्रों के संबंध में उन्हें दिए जाने वाले मार्गदर्शन की रीति और प्ररूप अवधारित करना ।
- वृत्ति की सेवाओं के उपयोगकर्ताओं के प्रतिनिधि निकायों के साथ संसूचना प्रक्रिया में सुधार करना जिससे कि वृत्ति के सभी सदस्यों को उनकी योग्यता और विशेषज्ञता के अनुरूप वृत्ति के सभी सदस्यों को समान अवसर प्राप्त हों ।
- सदस्यों के कौशल तथा योग्यता में सुधार करने में विनिर्दिष्ट सहायता देने के लिए उपायों तथा साधनों पर विचार करना (साधारणतया यह संस्थान के अन्य समिति के सिफारिशों के रूप में होगी)।
- अंत में, यह सुनिश्चित करना कि वृत्तिक विकास के विद्यमान अवसरों को न्यायसंगत और वृद्धि उन्मुख स्तरों पर पूर्णतया उपयोग और उन्हें बनाए रखा जाए ।

समिति का यह दृढ मत है कि "हम केवल वह प्राप्त करते हैं, जिसकी हम योजना बनाते हैं" इस मत के अनुसरण में तथा पूर्वोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए समिति वृत्ति के नये क्षेत्रों की पहचान करने और उन्हें सुदृढ़ करने को पूर्विक्ता दे रही है और इसे वर्ष 2006-07 से वृत्तिक विकास के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों के रूप में निम्नलिखित क्षेत्रों को अंगीकृत करके प्राप्त किए जाने का प्रस्ताव किया गया है :-

वृत्तिक विकास समिति ने सदस्यों के वृत्तिक विकास के लिए निम्नलिखित गतिविधियां प्रारंभ करने का विनिश्चय किया है :

- अगले पांच वर्ष में सीए के लिए मांग के प्राक्कलन हेतु अध्ययन प्रारंभ करना - वृत्ति के क्षेत्रवार और भौगोलिक रूप से - अध्ययन करने के लिए अभिकरणों की पहचान करना और अध्ययन के

निष्कर्षों, विशेष रूप से भावी सदस्यों की शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर पुनःध्यान देने की आवश्यकता के आधार पर कार्य योजना तैयार करना ।

- इस क्षेत्र में सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सदस्यों की साध्यता हेतु आईसीएआई केपीओ केन्द्र की स्थापना करना - इस केन्द्र के लिए सीईओ/सीओओ की भर्ती पर विचार करना तथा भर्ती और अवस्थान अवधारण करने के लिए अभिकरण की पहचान करना - केन्द्र के कार्यकरण के लिए व्यापक पैरामीटरों/पद्धतियों को तैयार करना ।

- भारत में और भारत से बाहर - विभिन्न सरकारी/पब्लिक सेक्टर निकायों के लिए चालू आधार पर उच्च क्वालिटी के विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए आईसीएआई प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करना - इस केन्द्र के लिए सीईओ/सीओओ की भर्ती पर विचार करना तथा इसके लिए व्यापक पैरामीटरों/पद्धतियों को तैयार करना ।

- वृत्तिकों के लिए अवसरों/उद्योग की आवश्यकताओं की पहचान करने तथा अपेक्षित दक्षता सेटों को विकसित करने के लिए नियमित परस्पर क्रिया (उद्योग के सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से) के लिए आईसीएआई - उद्योग नेटवर्क स्थापित करना - इस बात पर विचार करना कि क्या ऐसे नेटवर्क - प्रत्येक क्षेत्र में एक या अधिक होने चाहिए, उनका गठन, बैठकों की आवर्तिता और अन्य पद्धतियां ।

समिति अपने इस दायित्व के प्रति भी सचेत है कि वह वृत्तिक अवसरों के नए पहलुओं से संबंधित क्षेत्रों में सदस्यों को शिक्षित करे, इस दृष्टि से समिति ने नागपुर में 'वृत्तिक अवसरों' विषय पर एक अखिल भारतीय सम्मेलन का आयोजन किया था ।

5.11 पियर रिव्यू बोर्ड

देश में आईसीएआई द्वारा प्रारंभ - इस संबंध में एक अग्रणी - प्राप्त फीड बैक के अनुसार, - पियर रिव्यू तंत्र का बहुत बड़ी संख्या में वृत्ति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया ।

वर्ष 2002 में आईसीएआई की परिषद् द्वारा गठित पियर रिव्यू बोर्ड, जिसमें कारपोरेट कार्य मंत्रालय, सीएंडएजी, उद्योग तथा आरबीआई जैसे निकायों से परिषद् के सदस्य तथा परिषद् सम्मिलित हैं, यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से आगे बढ़ रहा है कि बेहतर ग्लोबल प्रेक्टिस के अनुसार पुनर्विलोकन किया जाता है ।

इस क्रम में कि पुनर्विलोकनकर्ताओं द्वारा सुसंगता और एकरूपता के साथ पुनर्विलोकन किया जाता है, बोर्ड पुनर्विलोकनकर्ताओं को प्रेक्टिस यूनिटों को पुनर्विलोकन के लिए उनको समनुदेशित करने से पूर्व प्रशिक्षण प्रदान करता है । प्रशिक्षण माड्यूल जो " ट्रेनिंग माडयूल फॉर पियर रिव्यूअरस" नामक पुस्तक के रूप में इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से विकसित किया गया है, पुनर्विलोकनकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करता है तथा प्रशिक्षण सुसाध्यक के लिए मार्गदर्शन भी देता है कि पुनर्विलोकनकर्ताओं का प्रशिक्षण कैसे दिया जाता है ।

प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम के दौरान, पियर रिव्यू प्रक्रिया, प्रेक्टिस यूनिटों की बाध्यताएं, पुनर्विलोकनकर्ता की भूमिका, बोर्ड की शक्तियां, अनुशासनिक अधिकारिता आदि से संबंधी असंख्य प्रश्न उठाए गए थे । जबकि प्रशिक्षकों ने अपनी सर्वोत्तम योग्यता से इन प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास किया था । बोर्ड इन प्रश्नों को बुकलेट रूप में संकलित करना उपयुक्त समझता है तथा तदनुसार, एफएक्यू संबंधी प्रकाशन को भी जारी किया गया था ।

पियर रिव्यू प्रक्रिया का उद्देश्य तीन चरणों में क्रमबद्ध रीति से चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों की सभी फर्मों को सम्मिलित करना है । पीयू का चयन विशेष रूप से विकसित साफ्टवेयर के माध्यम से रेन्डम आधार पर किया जाता है । चरण 1 में सम्मिलित पी.यू. का तीन क्रमबद्ध रीति से चयन किया गया है तथा जो अभी प्रक्रम 2 के अंतर्गत सम्मिलित है, उनका 4 चरणों के लिए चयन किया गया है । प्रक्रम 3 के अधीन पीयू का चयन उसके फेज 1 के अधीन भी किया गया है ।

समिति ने प्रकटन और लेखांकन मानकों संबंधी सेबी समिति के इस अनुरोध को स्वीकार किया है कि अंतर्वलित लोक निधियों को देखते हुए, सूचीबद्ध कंपनियों की संपरीक्षा केवल ऐसे संपरीक्षकों द्वारा की जानी चाहिए जिन्होंने पियर रिव्यू सीखा है और जिन्हें पियर रिव्यू बोर्ड द्वारा पियर रिव्यू प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं ।

पियर रिव्यू बोर्ड ने, संस्थान द्वारा प्रारंभ की गई पियर रिव्यू प्रक्रिया और पियर रिव्यू बोर्ड द्वारा अभी तक प्राप्त किए गए अनुभव के संबंध में भी विनियामकों और उद्योग के प्रतिनिधियों को अवगत कराने के लिए मुंबई में 27 जुलाई, 2007 को " पियर रिव्यू पर निर्वाचिका सभा" का आयोजन किया था । इस सभा में, (i) आरबीआई, सेबी, आईआरडीए, एएमएफआई, एनएसई, बीएसई, एबीसी, अग्रिम बाजार आयोग (एफएमसी) आदि जैसे विभिन्न विनियामक निकायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था ।

5.12 उद्योग में सदस्यों के लिए समिति

5.12.1 अवलोकन

उद्योग में लगे सदस्यों के लिए समिति आईसीएआई तथा विभिन्न हैसियत से उद्योगों में कार्य कर रहे चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों के बीच निकट संपर्क बढ़ाने में लगी हुई है जिससे कि सरकारी संगठनों तथा अभिकरणों के साथ गहन तथा व्यापक नातेदारी के विकास के माध्यम से ज्ञान, विशेषज्ञता, कौशल तथा व्यष्टिक कैरियर विकास में सहायता दी जा सके ताकि उन्हें नियोजन के अधिकतम अवसर प्रदान करने के लक्ष्य को साथ-साथ पूरा करते समय व्यापार, वाणिज्य, उद्योग जगत तथा शासन को हर संभव अधिकतम अपावरण प्रदान किया जा सके ।

समिति, उद्योग में अवसरों का पता लगाने में संस्थान के सदस्यों को सहायता प्रदान करती है । इस संबंध में, समिति संस्थान के सदस्यों तथा छात्रों के निम्नलिखित तीन प्रवर्गों के संबंध में सेवाएं प्रदान करने में लगी है :

(i) कैम्पस नियोजन कार्यक्रम के माध्यम से नए अर्हित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट ।

(ii) अर्द्ध अर्हित लेखांकन वृत्तिक (ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अपनी चार्टर्ड एकाउंटेंसी पाठ्यक्रम की आर्टिकलशिप पूरी कर ली है) ।

(iii) अर्हित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट - जो वर्तमान में उद्योग में सेवा कर रहे हैं ।

सभी उपरोक्त सेवाएं प्लेसमेंट पोर्टल www.placements-icai.org. के माध्यम से प्रशासित की जा रही हैं । आईसीएआई प्लेसमेंट पोर्टल वृत्तिकों को वित्त तथा उद्योग में अंतरराष्ट्रीय बेहतर पद्धति ओरिएंटेड वित्त तथा लेखांकन संस्कृति और भारतीय उद्योग के लिए क्षमता निर्माण के उद्देश्यों के साथ विचार विमर्श करने का अवसर प्रदान करता है ।

5.12.2 कैम्पस साक्षात्कार

समिति वर्ष में दो बार कैम्पस नियोजन कार्यक्रम का आयोजन करती है, फरवरी-मार्च और अगस्त-सितंबर में, क्रमशः नवंबर और मई के प्रयासों में अर्हित सदस्यों के नियोजन के लिए अगस्त-

सितंबर, 2006 में आयोजित कैम्पस साक्षात्कार में 1345 और फरवरी-मार्च, 2007 में आयोजित कैम्पस साक्षात्कार में 1842 चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों को नियोजित किया गया था ।

फरवरी-मार्च, 2007 के कैम्पस नियोजन कार्यक्रम की प्रमुख विशिष्टियां

कुल मिलाकर 4296 अभ्यर्थियों को इस सेवा का लाभ लेने का अवसर प्राप्त हुआ । इन वृत्तिकों के बायोडाटा को केन्द्रवार वर्गीकृत किया गया था और उन्हें चौदह केन्द्रों पर 118 संगठनों के 278 साक्षात्कार बोर्डों से मिलने का अवसर दिया गया था ।

वेतन पैकेज के रूझान

फरवरी-मार्च, 2007 के दौरान प्रस्ताव किया गया अधिकतम वेतन :

(क) कैम्पस नियोजन कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय पद के लिए अभ्यर्थियों को 38.25 लाख रुपए (85,000 अमरीकी डालर #) का वेतन संदत्त किया गया था ।

(ख) कैम्पस नियोजन कार्यक्रम में भारतीय पद के लिए अभ्यर्थियों को 10 लाख रुपए का वेतन संदत्त किया गया था ।

(ग) संस्थान द्वारा कैम्पस नियोजन सेवा प्रारंभ करने के पश्चात् से किसी एक कैम्पस नियोजन कार्यक्रम में नियोजित किए गए अभ्यर्थियों की संख्या 1840 है ।

(घ) ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या 800 थी, जिन्हें 5.00 लाख रुपए या अधिक के वेतन का प्रस्ताव दिया गया था । + 1यूएसडी = 45आईएनआर

5.12.3 वृत्ति से अन्यथा नियोजित सदस्यों के लिए सीपीई अपेक्षाएं

वृत्ति से अन्यथा नियोजित सदस्यों के लिए सीपीई प्रत्यक्ष घंटों की अपेक्षा को सिफारिशात्मक बनाने का विनिश्चय किया गया है । यह सिफारिश की जाती है कि ऐसे सदस्य किसी एक कलेंडर वर्ष में न्यूनतम 10 (दस) घंटे का सीपीई प्रत्यय अर्जित करें । यह 1.1.2006 से प्रभावी हुआ है ।

तथापि, 1.1.2008 से उद्योग में लगे सदस्यों के लिए सीपीई अपेक्षाओं को आज्ञापक बनाया जा रहा है । सदस्यों से कलेंडर वर्ष 2008 में 10 (दस) घंटे का सीपीई प्रत्यय अनिवार्य रूप से अर्जित करने की अपेक्षा की जाएगी ।

5.12.4 नए कैम्पस साक्षात्कार केन्द्रों को खोलना

समिति ने चंडीगढ़, एरनाकुलम, नागपुर और सूरत में चार नए कैम्पस साक्षात्कार केन्द्र खोले हैं ।

5.12.5 वस्त्र कोड

नए अर्हित चार्टर्ड एकाउन्टेंटों को बेहतर तरीके से कार्पोरेट जगत में प्रवेश करने के लिए तैयार करने और सकल रूप में वृत्ति की एक बेहतर ब्रांड छवि बनाने के लिए, समिति ने, परिषद् द्वारा निश्चित सिफारिशात्मक वस्त्र कोड को आगामी कैम्पस नियोजन कार्यक्रम में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए आज्ञापक बनाने का विनिश्चय किया है ।

5.12.6 अनुकूलन कार्यक्रम में उपस्थित होना - आज्ञापक

समिति ने अपने आगामी कैम्पस नियोजन कार्यक्रम के लिए अनुकूलन कार्यक्रम में उपस्थित होना सभी पात्र अभ्यर्थियों के लिए आज्ञापक बनाने का विनिश्चय किया है ।

5.12.7 नियोजन - पूर्व बातचीत में भाग लेना - आज्ञापक

अभ्यर्थियों के उन्हें सूचीबद्ध करने वाली कंपनियों के संबंध में प्रोफाइल, पद, वेतन आदि से संबंधित प्रश्नों का समाधान करने के लिए आगामी कैम्पस नियोजन कार्यक्रम से नियोजन-पूर्व बातचीत में भाग लेना आज्ञापक बनाया गया है ।

5.12.8 सीएफओ का संघ (निगम एकाउन्टेन्ट संघ)

उद्योग में लगे सदस्यों से संबंधित समिति एक सीएफओ संघ को बनाए रखती है । यह संघ आईसीएआई के ऐसे सदस्यों के लिए है जो उद्योग में वरिष्ठ पदों पर हैं । ऐसे संघ को स्थापित करने का प्रमुख उद्देश्य एक ऐसा प्लेटफार्म विकसित करना है, जहां विभिन्न संगठनों के उच्च कोटि के बुद्धिजीवी और प्रतिभाशाली व्यक्ति साधारणतया वृत्ति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर सकें और यह विशेष रूप से उद्योग में लगे सदस्यों के लिए है । वे उद्योग की दृष्टि मे चार्टर्ड एकाउन्टेंटों की छवि सुधारने के लिए योजनाएं, नीतियां और रणनीति बना सकते हैं । उद्योग से संबंधित विषयों पर चर्चा करने और उन्हें वृत्ति का ब्रांड राजदूत बनाने के लिए उद्योग विनिर्दिष्ट संगोष्ठियां/सम्मेलन/गोलमेज बैठकों की भी योजना बनाई जाती है । 18 अगस्त, 2007 को सीएफओ संघ की सदस्य संख्या 1848 है ।

5.12.9 उद्योग संघ में सदस्य

पूर्वोक्त के अतिरिक्त, समिति ने उद्योग में काम कर रहे सदस्यों के लिए एक संघ विकसित किया है । ऐसे संघ को स्थापित करने का प्रमुख उद्देश्य उद्योग में सेवा कर रहे संस्थान के सदस्यों का एक उद्योग-वार डाटाबेस विकसित करना और उसे बनाए रखना है । इसके अतिरिक्त, यह संघ एक ऐसे मंच के रूप में कार्य करेगा, जहां वृत्ति और विशेष रूप से उद्योग में लगे सदस्यों पर चर्चा की जा सकती है ।

उद्योग से संबंधित विषयों पर चर्चा करने के लिए और उन्हें वृत्ति का ब्रांड राजदूत बनाने के लिए उद्योग विनिर्दिष्ट संगोष्ठियों/ सम्मेलनों/ गोलमेज बैठकों का आयोजन भी किया जा सकता है । सदस्यों को समय-समय पर संस्थान की विभिन्न घटनाओं और संबंधित क्षेत्रों की अद्यतन जानकारी से भी अवगत कराया जाएगा । 18 अगस्त, 2007 को संघ के सदस्यों की संख्या 137 है ।

5.12.10 आयोजित किए गए कार्यक्रम / संगोष्ठियां / सम्मेलन :

समिति ने उद्योग में लगे सदस्यों के फायदे के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों/संगोष्ठियों/सम्मेलनों का आयोजन किया :

1. 20 मई, 2006 को चैन्नई में सीएफओ बैठक
2. 2 जून, 2006 को नई दिल्ली में निदेशक (वित्त)/सीएफओ बैठक
3. 14 और 15 जुलाई, 2006 को कोलकाता में प्रोफेशलन एनरिचमेंट एंड एक्सीलेंस वाइडनिंग होराइजन पर अखिल भारतीय सम्मेलन
4. 4 अगस्त, 2006 को गुड़गांव में सीएफओ /सीईओ बैठक
5. 17 से 20 अगस्त, 2006 को मुंबई में आईएफआरएस और यूएस जीएएपी पर 3री आवासीय कार्यशाला
6. 25 अगस्त, 2006 को पुणे में सीइओ/सीएफओ बैठक
7. 2 सितंबर, 2006 को बैंगलोर में सीइओ/सीएफओ बैठक

8. 14 अप्रैल, 2007 को मुंबई में चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट /सीईओ/सीएफओ बैठक

9. 19 से 22 अप्रैल, 2007 को मुंबई में आईएफआरएस और यूएस जीएएपी पर 4थी आवासीय कार्यशाला

10. 25 और 26 मई, 2007 को बैंगलोर में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन

11. 22 जून, 2007 को इन्दौर में निगम एकाउन्टेन्ट बैठक

12. 22-24 जून, 2007 को मुंबई में बैंककारी सेक्टर में प्रणाली संपरीक्षा पर राष्ट्रीय कार्यशाला

13. माउंट आबू, राजस्थान में ' निगम वृत्ति में उत्कृष्टता - आधुनिक अवधारणा' विषय पर अखिल भारतीय आवासीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

14. 28 और 29 जुलाई, 2007 को मुंबई में आंतरिक संपरीक्षा संबंधी समिति के साथ संयुक्त रूप से आंतरिक संपरीक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था ।

15. 10 और 12 अगस्त, 2007 को गोवा में 'वृत्तिक उत्कृष्टता' पर कार्यक्रम

5.12.11 समिति के प्रकाशन

उद्योग में सदस्यों के फायदे के लिए निम्नलिखित प्रकाशन निकाले गए हैं :-

नए अर्हित चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों के लिए " साक्षात्कार बोर्ड का सामना कैसे करें" जो उन्हें अभिविन्यास कार्यक्रम के समय निःशुल्क वितरित किया जाएगा ।

- त्वरित पुनर्विलोकन प्रश्न
- कारबार योजना

समिति निम्नलिखित रणनीति संबंधी पहलों पर कार्य कर रही है :

- नए अर्हित चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों के अंतिम नियोजन में और सुधार करने के लिए नियोजन सेवाओं का विपणन ।
- प्लेसमेंट पोर्टल को लोकप्रिय बनाना ।
- सदस्यों और निगमों के बीच अनुभवी चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों के लिए प्लेसमेंट पोर्टल को लोकप्रिय बनाना ।
- उद्योगों में कार्य कर रहे सदस्यों का एक उद्योग-वार डाटाबेस विकसित करना और उसे बनाए रखना ।
- उद्योग में लगे सदस्यों के लिए संगत सामग्री का प्रकाशन ।
- विख्यात सदस्यों और उद्योग में उच्च पदस्थ सदस्यों के डाटाबेस का सृजन ।
- उद्योग में लगे सदस्यों की संस्थान की गतिविधियों में भागीदारी में वृद्धि करने के लिए मार्गों और उपायों पर विचार करना ।
- उद्योग विनिर्दिष्ट कार्यक्रमों का आयोजन करना ।

- समिति कैम्पस साक्षात्कार से संबंधित विभिन्न विषय क्षेत्रों पर बड़ी संख्या में नियमित मेलिंग कर रही है और उसे संस्थान के पीडीसी पोर्टल के माध्यम से भी भेज रही है ।
- समिति सर्वोत्तम चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट /सीईओ/सीएफओ (निगम एकाउन्टेन्ट) का पुरस्कार देने के लिए पैरामीटर बनाने का कार्य कर रही है ।
- आर्टीकल प्रशिक्षण को औद्योगिक प्रशिक्षण के समतुल्य माना जाना ।

5.13 सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति

5.13.1 पर्यवलोकन

सूचना प्रौद्योगिकी, कारबार प्रक्रियाओं और प्रदाय पद्धतियों में क्रांति ला रही है । वाणिज्यिक संगठन और सरकारी विभाग अपने प्रचालनों का प्रबंध करने, उन्हें सरल और कारगर बनाने और मूल्य वर्धित सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकाधिक आईटी का उपयोग कर रहे हैं । सुदृढीकरण और केन्द्रीयकरण के प्रति रूझान बढ रहा है । ई-सेवा आज एक सामान्य चीज हो गई है - होम बैंकिंग, आईसीएआई द्वारा वर्चुअल संस्थान परियोजना, एमसीए/आयकर/विदेशी व्यापार द्वारा ई-शासन, पोर्टलस, ऑन लाइन विक्रय, भारतीय रेल/ एअर लाइनों द्वारा आरक्षण, उपयोक्ताओं के सूचना के अधिकार को पूरा करना और उनके घर तक सेवाएं उपलब्ध कराना । आज कारबार की गाड़ी का पहिया सूचना प्रौद्योगिकी पर घूम रहा है ।

इसी दौरान, व्यापार सीमाएं समाप्त होने और विश्व के एक वैश्विक गांव में परिवर्तन के साथ भारतीय कारबार परिदृश्य में अधिकाधिक आईटी समर्थ सेवाएं (आईटीईएस) सम्मिलित हो रही हैं, जैसे कि ईआरपी, कारबार प्रक्रिया बाहरी स्त्रोत (बी.पी.ओ)/सूचना प्रक्रिया बाहरी स्त्रोत (केपीओ) ।

बढ़ती प्रतिस्पर्धा के साथ, एकाउन्टेन्टों के लिए यह आवश्यक है कि वे संपरीक्षा /विशलेषण के लिए एक उपकरण के रूप में कंप्यूटरों का अधिकाधिक उपयोग करके संपरीक्षाओं/प्रचालनों की दक्षता और प्रभाविकता पर ध्यान केन्द्रित करें ।

संस्थान की परिषद् ने चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों के लिए आईटी चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करने के लिए, जिससे कि न केवल वे वृत्ति में बने रहें अपितु अपने प्रचालनों की दक्षता और प्रभाविकता में वृद्धि करके विकासशील अर्थव्यवस्था के साथ विकास भी करें और उन्हें ऐसी मूल्यवर्धित सेवाएं उपलब्ध कराने में समर्थ बनाने के लिए जिनकी विकासशील अर्थव्यवस्था में मांग बढ़ रही है, वृत्ति को बेहतर रूप से तैयार करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति का गठन किया है । इस समिति की कुछ महत्वपूर्ण पहलों को निम्नलिखित खंडों में स्पष्ट किया गया है ।

5.13.2 सूचना प्रणाली संपरीक्षा पर पश्च अर्हता पाठ्यक्रम

यद्यपि कारबार और सरकारी विभागों द्वारा आईटी उपायों के अपनाए जाने से अनेक फायदे और मूल्यवर्धित सेवाएं प्राप्त हुई हैं, किन्तु यह पाया गया है कि दक्षता और प्रभाविकता, समुचित प्रणालियों, प्रक्रियाओं, नियंत्रणों, जांचों और संतुलनों के संबंध में अनेकों कमियां विद्यमान हैं, जो न केवल उनके लाभों पर गंभीर प्रभाव डाल सकती हैं अपितु उन्हें कारबार से बाहर भी कर सकती हैं । हाल ही के विधान और विनियामक अपेक्षाएं (एसओएक्स और खंड 49) अधिकाधिक रूप से आंतरिक नियंत्रणों के प्रमाणन की अपेक्षा कर रही हैं । कारबार और विनियामक कृत्यों के प्रबंध के लिए आईटी पर अत्यधिक निर्भरता को देखते हुए विनियामक, कारबारी और सरकारी विभाग अपनी सूचना प्रणालियों की संपरीक्षा करा रहे है ।

आईएस संपरीक्षा/ प्रणाली और प्रक्रिया आश्वासन की बढ़ती आवश्यकता पर विचार करते हुए, समिति ने सदस्यों के लिए सूचना प्रणाली संपरीक्षा पर एक पश्च अर्हता पाठ्यक्रम आरंभ किया । इसकी पाठ्यचर्या और पृष्ठभूमि सामग्रियों में अंतिम पुनरीक्षण जनवरी, 2006 में किया गया था । इस वर्ष एक बार फिर पाठ्यचर्या और पृष्ठभूमि सामग्रियों की समीक्षा करने का कार्य किया गया था, जिसके लिए पाठ्यक्रम को विश्व में सर्वोत्तम बनाने के विचार से चैन्नई में एक संकाय बैठक का आयोजन किया गया था ।

5.13.3 कंप्यूटर से सहायता प्राप्त तकनीकों (सीएएटी/साधारण संपरीक्षा सॉफ्टवेयर) - सीएएटी संसाधन सीडी(वी2.1) पर प्रशिक्षण संसाधन

इलैक्ट्रानिक रूप से किए गए अनकों वित्तीय संव्यवहारों की बढ़ती संख्या के संबंध में कार्यवाही करने के लिए कंप्यूटर से सहायता प्राप्त संपरीक्षा तकनीकों /साधारण संपरीक्षा सॉफ्टवेयर के उपयोग की आवश्यकता बढ रही है । इस आवश्यकता को मान्यता देते हुए, समिति ने, सदस्यों के लिए कंप्यूटर से सहायता प्राप्त संपरीक्षा तकनीकी (सीएएटी)/साधारण संपरीक्षा सॉफ्टवेयर (जीएएस) का उपयोग करने के लिए साफ्ट दक्षता विकसित करना सुकर बनाने के लिए एक सीएएटी संसाधन सीडी (वी2.1) जारी की है । इस सीडी में वॉकथ्रूस (श्रव्य स्पष्टीकरणों के साथ प्रक्रम-वार प्रक्रियाएं), उपयोक्ता मार्गदर्शक, प्रस्तुतीकरण, मामला अध्ययन और अनेकों सीएएटी/जीएएस उपकरणों की कार्यकरण प्रतियां अंतर्विष्ट हैं ।

5.13.4 " कंप्यूटर लेखांकन और संपरीक्षा तकनीकों" पर सीपीई पाठ्यक्रम

समिति ने कंप्यूटर लेखांकन और संपरीक्षा तकनीकों पर सीपीई पाठ्यक्रम का प्रस्ताव करने के लिए पहल की । पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या को प्रौद्योगिकी के विकास के साथ अद्यतन बनाए रखने के लिए समय-समय पर पुनरीक्षित किया जाता है । यह पाठ्यक्रम सदस्यों के लिए अब संस्थान की क्षेत्रीय परिषदों/ कार्यालयों/ शाखाओं/सीपीई चैप्टरों के माध्यम से उपलब्ध है ।

5.13.5 आई एस संपरीक्षा संबंधी तकनीकी गाइड

समिति ने सदस्यों के उपयोग के लिए आईएस संपरीक्षा का ढांचा उपलब्ध कराने के लिए आईएस संपरीक्षा संबंधी एक तकनीकी गाइड का प्रकाशन किया है ।

5.13.6 आईएसए पोर्टल

समिति ने, पाठ्यक्रम जानकारी, ऑन लाइन रजिस्ट्रीकरण के लिए सुविधा, ऑनलाइन ईटी और सदस्यों के फायदे के लिए समिति की गतिविधियों के ब्यौरे, जैसी सेवाओं को प्रस्थापित करने के लिए www.isaicai.org आईएसए पोर्टल स्थापित किया है । आईएसए पोर्टल, आईएसए और सीएएटी पाठ्यक्रमों में भाग लेने वाले सदस्यों के साथ संवाद करने का प्रमुख साधन है ।

5.13.7 आरओएसएम और ओएलपीटी की दोहरी सेवाएं उपलब्ध कराने वाली आईएसए कॉम साइट

समिति ने, ऑनलाइन प्रेक्टिस टेस्ट (ओएलपीटी) और रिसर्चड ऑनलाइन स्टडी मैटीरियल (आरओएसएम) की दोहरी सेवाओं की प्रस्थापना करते हुए एक अद्वितीय पठन और परीक्षण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आईएसए कॉम साइट की स्थापना की है । ओएलपीटी सुविधा, अभ्यर्थियों को परीक्षाओं के लिए अपने ज्ञान/तैयारी के स्तर का पुनर्विलोकन करने में समर्थ बनाती है और आरओएसएम सुविधा, सदस्यों को अवधारणाएं स्पष्ट रूप से समझने में समर्थ बनाने के लिए पूछे गए प्रश्नों के संबंध में पूरे एक पृष्ठ के ब्यौरे प्रदान करती है ।

5.13.8 आई टी समर्थ सेवाएं (आईटीईएस)

समिति ने, आईटीईएस की, सदस्यों के प्रशिक्षण और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में पहचान की है । समिति ने ईआरपी पहलों के भाग रूप में "प्रबंधन संबंधी और वित्तीय लेखांकन (एफआईसीओ)" मोडयूल पर एसएपी प्रमाणित ईआरपी पाठ्यक्रम प्रारंभ किया है और माइक्रोसॉफ्ट ओरेकल और अन्यों से अन्य ईआरपी पाठ्यक्रम आरंभ करने पर विचार कर रही है ।

5.13.9 ई-लर्निंग

समिति, आईएसए के लिए वृति-पूर्व प्रशिक्षण के माध्यम से एक समुचित ई-लर्निंग मोड्यूल कार्यान्वित करने पर विचार कर रही है । आशा की जाती है कि यह मांग किए जाने पर पठन उपलब्ध कराएगा और पाठ्यक्रम के भाग रूप में वृत्तिक प्रशिक्षण अपेक्षाओं को भी कम करेगा ।

5.13.10 स्टॉक ब्रोकरों की प्रणाली संपरीक्षा पर तकनीकी गाइड और प्रशिक्षण कार्यक्रम

समिति स्टॉक ब्रोकरों की प्रणाली संपरीक्षा पर एक तकनीकी गाइड का प्रकाशन करने और साथ ही इस क्षेत्र में सदस्यों के फायदे के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए भी कार्यवाही कर रही है ।

5.13.11 आईटी लेबोरेट्री /सूचना प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता के केन्द्र (सीईआईटी)

समिति ने, आईटी क्षेत्र में सदस्यों के विकास और प्रशिक्षण के लिए संकेंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रस्थापना करके उन्हें महत्वपूर्ण आईटी क्षेत्रों में व्यावहारिक हेंड्स ऑन प्रशिक्षण और अपावरण प्रदान करने के लिए चैन्नई में एक प्रमुख आईटी लेबोरेट्री स्थापित की है । शीघ्र ही दिल्ली में भी ऐसी आईटी लेबोरेट्री स्थापित की जाएगी ।

5.13.12 आईटी सम्मेलन, संगोष्ठियां, व्यावहारिक कार्यशालाएं

समिति, सदस्यों को देश-विदेश में अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम प्रेक्टिसों से अवगत कराने के लिए समय-समय पर उन्हें ये अवसर बड़े-बड़े शहरों में आईटी सम्मेलन/संगोष्ठियां/कार्यशालाएं आयोजित करके प्रदान करती रहती है । व्यावहारिक कार्यशालाओं का आयोजन आईटी लेबोरेट्री चैन्नई, मुंबई कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र और दिल्ली में किया गया था । ऐसी लोकप्रिय व्यावहारिक कार्यशालाओं की एक संक्षिप्त सूची निम्नानुसार है :-

- सीएएटी का उपयोग करना
- बैंकों की प्रणाली संपरीक्षा
- एमएस एक्सेल को संपरीक्षा उपकरण के रूप में उपयोग करना
- एक्सेल को समझना, एमएस एक्सेल और मेक्रोस की आधुनिक विशिष्टियां
- समुन्नत एक्सेल और मेक्रो
- सर्बानेस ऑक्सले अधिनियम और उसका आईटी संपरीक्षा पर प्रभाव
- स्प्रेडशीट संपरीक्षा
- लीनेक्स ओएस संपरीक्षा
- आफिस 2007 नई विशिष्टियां

- सीए कार्यालय के लिए कार्यालय स्वचालन : विंडोज/लीनेक्स, एमएस वर्ल्ड / एमएस एक्सेल/एमएस पॉवर प्वाइंट, टैली
- सूचना संरक्षा प्रबंध, आईएएओ-27001 को प्रारंभ करना और जागरूकता
- साइबर न्यायालयीय अन्वेषण उपकरण
- वित्तीय लेखांकन
- रिपोर्टिंग और दस्तावेजीकरण
- मांगे जाने पर ईआरपी
- एमएस-विंडो संरक्षा
- नेटवर्क संरक्षा संपरीक्षा/ पुनिर्वलोकन
- नमूना लेना और एमएस एक्सेस का उपयोग करते हुए डाटाबेस संपरीक्षा
- लेखा परीक्षकों के एमएस-एक्सेस और एमएस एसक्यूएल के लिए डाटाबेस

5.13.13 नेपाल चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट संस्थान (आईसीएएन) के सहयोग से नेपाल में आईसीएआई सदस्यों के लिए आईएसए पाठ्यक्रम

समिति ने दिसंबर, 2006 में नेपाल चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट संस्थान (आईसीएएन) के सहयोग से नेपाल में आईसीएआई के सदस्यों के फायदे के लिए दूसरे आईएसए पीटी बैच का आयोजन किया ।

5.14 आरंभ की गई जनसंपर्क गतिविधियां

संस्थान की गतिविधियों में जन संपर्क गतिविधियों ने अपना प्रमुख स्थान बनाए रखा जिससे कि घरेलू और वैश्विक रूप से वृत्ति का ब्रांड बनाया जा सके । की गई प्रमुख गतिविधियों में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :

- चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट दिवस, अर्थात् 1 जुलाई, 2007 को माननीय संघ कार्पोरेट कार्य मंत्री श्री पी.सी.गुप्ता को हाथों एक सीए लोगो का विमोचन किया गया था, जिसका उपयोग सदस्यों/ फर्मों द्वारा अपने परिचय कार्डों और अन्य सामग्रियों पर किया जाना है, जिससे कि विश्व को उनके विशिष्ट चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट व्यवसाय के संबंध में जानकारी मिल सके ।
- निरंतर परस्पर क्रिया के माध्यम से वृत्ति के उभरते विकासशील रूझानों से प्रेस और मीडिया को अवगत कराया जाता रहा, विशेषकर परिषद् की प्रत्येक बैठक के पश्चात् ।
- लेखांकन और संपरीक्षा परिस्थितियों में सुधारों के लिए भारत का दौरा करने वाले विदेशी प्रतिनिधिमंडलों को सम्यक कवरेज प्रदान की गई थी ।
- भारतीय चार्टर्ड लेखांकन वृत्ति में हो रही घटनाओं की विश्व को सूचना देने के लिए आईसीएआई पत्रिका एक सक्रिय माध्यम बनी रही ।
- संस्थान और सदस्यों के बीच, उनकी प्रतिक्रिया के लिए संपर्क विकसित करने के विचार से, संस्थान, इसके क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में वृत्ति से संबंधित लोक चर्चाओं में समकालीन मुद्दों पर जोर दिया गया था ।

- राष्ट्रीय और साथ ही क्षेत्रीय समाचार पत्रों में संरचित लेखों और टी वी चैनलों पर प्रभावी बैठकों के माध्यम से सीए पाठ्यचर्या का संवर्धन किया गया था ।
- भारत सरकार द्वारा कार्पोरेट कार्य मंत्रालय के अधीन गठित समितियों को लॉजिस्टिक समर्थन प्रदान किया गया ।
- संस्थान की, वृत्तिक और सामाजिक दोनों रूप से, छवि का निर्माण और टी वी पर स्पॉटों की श्रृंखला के माध्यम से साधारण जागरूकता का शीघ्र ही सृजन किया जाएगा ।
- सामाजिक आर्थिक विकास में वृत्ति द्वारा निभाई जा रही अति सक्रिय भूमिका के संबंध में समाचार पत्रों में विशेष विज्ञापन जारी किए गए थे ।
- लेखांकन सूचना के तकनीकी पहलूओं के संबंध में प्रेस और मीडिया से जुड़े व्यक्तियों के लिए एक अनुकूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिससे कि उनके प्रेस लेखनों को और अधिक वास्तविक और प्रमाणिक बनाया जा सके ।
- जन संपर्क कार्य के रूप में विभिन्न समितियों द्वारा आयोजित संस्थान की विभिन्न संगोष्ठियों / कार्यक्रमों/ आयोजनों को मुद्रण और इलैक्ट्रानिक मीडिया में सम्यक कवरेज उपलब्ध कराई गई थी ।
- आईसीएआई अभिलेखागार स्थापित करने के लिए उपाय आरंभ किए गए हैं ।
- वर्ष के दौरान आईसीएआई प्रोफाइल और कैटालॉग ऑफ द प्रोफेशन नामक दो सूची पत्र निकाले गए थे ।
- ऐसे क्षेत्रों को अभिनिश्चित करने के लिए, जिन पर ध्यान दिया जाना अपेक्षित है, छात्रों और सदस्यों की दी गई सेवाओं के लिए सेवा प्रतिक्रिया से संबधित एक प्रतिक्रिया प्रश्नोत्तर को भी अंतिम रूप दिया गया था ।

5.15 व्यापार विधि और विश्व व्यापार संगठन

व्यापार विधि और विश्व व्यापार संगठन संबंधी समिति, व्यापार से संबंधित विधि, जिसमें विशिष्ट रूप से माल और सेवाओं में व्यापार सम्मिलित हैं, तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था, जिसमें साधारणतया राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों रूप से विश्व व्यापार संगठन व्यवस्था भी सम्मिलित है, से संबंधित सभी विषयों में सुविज्ञता और प्राधिकार स्थापित करने और उसे सुनिश्चित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने और संस्थान की सदस्यता के बीच इन विषयों में ऐसे साधनों और युक्तियों के माध्यम से, जो अधिक प्रभावकारी साधन समझे जाते हों, विशेषज्ञता के आधार को सृजित और बढ़ाने के लिए गठित की गई थी जिससे कि इस संबंध में निश्चित और अनिश्चित राष्ट्रीय आकांक्षाओं, चिंता और आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके ।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान अपने लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए, समिति, चुनौतियों का सामना करने तथा नई विश्व व्यापार व्यवस्था में उनकी विशेषज्ञता की परिधि को व्यापक बनाने के फायदों को प्राप्त करने के लिए संस्थान के सदस्यों को तकनीकी रूप से लैस करने की दृष्टि से बदलते हुए विश्व परिप्रेक्ष्य में सदस्यों की क्षमता निर्माण के लिए तथा भारत के आर्थिक विकास में उनकी भागीदारी के लिए निरंतर प्रयास करती रही है ।

5.15.1 प्रकाशनों को जारी करना

समिति ने, इस अवधि के दौरान वृत्ति कर रहे और सेवारत चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों और अन्य संबंधित व्यक्तियों का विभिन्न क्षेत्रों तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार विधियों और विश्व व्यापार संगठन से सुसंगत विषयों पर जानकारी प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के आधारिक उद्देश्य से निम्नलिखित प्रकाशन जारी किए हैं :-

- ए हैंडबुक ऑन एंटी-डंपिग, एंटी-सब्सिडी और सेफगार्ड मेजर्स
- ए हैंडबुक ऑन लॉज रिलेटिंग टू इंटैलेक्चुअल प्रोपर्टी राइटस इन इंडिया
- ए हैंडबुक ऑन वेल्यूशन ऑफ इंटैलेक्चुअल प्रोपर्टी इन एमर्जिंग कन्ट्रीज लाइक इंडिया - एकाउंटिंग टू टेक लीड रोल नाउ
- ए हैंडबुक ऑन स्पेशल इकोनोमिक जोनस
- स्टडी ऑन टेक्स हेवन्स

5.15.2 अंतरराष्ट्रीय व्यापार विधि और विश्व व्यापार संगठन में अर्हतोत्तर पाठ्यक्रम

- नवंबर, 2004 में अंतरराष्ट्रीय व्यापार विधि और विश्व व्यापार संगठन (आईटीएल एंड डब्ल्यूटीओ) में अर्हतोत्तर पाठ्यक्रम में सफल प्रारंभ के पश्चात्, देश भर से 265 से अधिक सदस्यों ने पाठ्यक्रम में रजिस्ट्रीकरण कराया है ।
- आईटीएल और डब्ल्यूटीओ में अर्हतोत्तर पाठ्यक्रम के लिए 30 दिन के वैयक्तिक संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) के दो बैचों का सफल संचालन इस अवधि के दौरान नई दिल्ली में किया गया । वाणिज्य मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, कृषि मंत्रालय, पर्यावरण और वन मंत्रालय जैसे विभिन्न मंत्रालयों, भारत का प्रतिस्पर्धा आयोग, भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद, प्रतिलिप्याधिकार बोर्ड में वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारियों, प्रसिद्ध विधि फर्मों, जेएनयू, दिल्ली विश्वविद्यालय के संकाय, आईआईएफटी, व्यापार और उद्योग के लोगों, वृत्तिकों और डब्ल्यूटीओ क्षेत्र में अनुसंधान आधारित अन्य संगठनों से मिलकर बने संकाय ने पी.सी.पी. के दौरान प्रस्तुतियां दीं और व्याख्यान प्रस्तुत किए ।
- पाठ्यक्रम के विभिन्न पहलुओं के संबंध में अंतरराष्ट्रीय व्यापार विधि और डब्ल्यूटीओ अर्हतोत्तर पाठ्यक्रम में रजिस्ट्रीकृत सदस्यों के साथ विभिन्न शहरों में परस्पर क्रियाएं की गई ।

5.15.3 संगोष्ठियां/सम्मेलन/जागरूकता कार्यक्रम/ अध्ययन दौरे

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान समिति ने निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया :-

- 29 अप्रैल, 2006 को विदेशी व्यापार नीति संबंधी एक संगोष्ठी का आयोजन होटल ली रॉयल मेरिडियन, मुंबई में किया गया था जिसके मेजबानी आईसीएआई की डब्ल्यू आईआरसी द्वारा की गई थी ।
- 26 मई, 2006 को ' नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग - ओपोरचुनिटीस फॉर चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन बैंगलोर में किया गया था, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की एसआईआरसी बैंगलोर शाखा ने की थी ।

- 24 अगस्त, 2006 को नई दिल्ली में डब्ल्यूटीओ-एमर्जिंग ओपोरचुनिटीस विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया था ।
- 2 सितंबर, 2006 को जयपुर में एफडीआई इन इंडिया संबंधी एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया था, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की सीआईआरसी की जयपुर शाखा ने की थी ।
- 18 जनवरी, 2007 को कोलकाता में इंटैलेक्चुअल प्रोपटी राइटस -एमर्जिंग ओपोरचुनिटीस विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया था, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की ईआईआरसी ने की थी ।
- प्रतिस्पर्धा विधियों और नीतियों, प्रति पाटन और प्रति सहायिकी/ प्रतिशुल्क, अंतरराष्ट्रीय व्यापार विधियों और डब्ल्यूटीओ जैसे समकालीन विषयों पर हाल ही की घटनाओं पर चर्चा करने के लिए दिल्ली, मुंबई, चैन्नई, कानपुर, कोलकाता, बैंगलोर और अहमदाबाद में स्थित सदस्यों के साथ परस्परिक क्रियाशील टेलीकान्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया था ।
- क्षमता संवर्धन पहल के रूप में मल्टी-लेटरल और अन्य अभिकरणों के साथ प्रथम प्रत्यक्ष परस्पर क्रिया का लाभ उठाने के लिए 17-25 जुलाई, 2006 के दौरान सदस्यों के लिए एक यूरोपीय अध्ययन दौरे का आयोजन किया गया था ।
- सदस्यों के लिए वृत्तिक अवसरों का सृजन करने के लिए भारत में विभिन्न दूतावासों के व्यापार परामर्शियों /प्रतिनिधियों के साथ नई दिल्ली में परस्पर क्रियाओं का आयोजन किया गया था । इसमें आयरलैंड, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका और स्विटजरलैंड के पदधारियों ने भाग लिया था ।
- समिति के उद्देश्यों को पूरा/उनका संवर्धन करने के लिए भारत आने वाले सभी प्रमुख कारबार प्रतिनिधिमंडलों से बातचीत आरंभ की गई थी ।

5.15.4 अनुसंधान क्रियाकलाप

समिति ने निम्नलिखित देशों के लिए देश विशिष्ट अनुसंधान अध्ययन भी प्रारंभ किए हैं । इन अनुसंधान अध्ययनों का प्राथमिक उद्देश्य चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों और व्यापार विधि /नियमों में रूचि रखने वाले ऐसे व्यक्तियों को मार्गदर्शन प्रदान करना है जो बड़े भागीदार के रूप में (क) इन देशों में अपना कारबार स्थापित करना चाहते हैं ; और (ख) इन देशों में वृत्तिक लेखाकार के रूप में काम करना चाहते हैं :-

आस्ट्रेलिया	जापान	दक्षिणी अफ्रीका
बहरेन	कोरिया गणराज्य	स्वीडन
ब्राजील	कुवैत	स्विटजरलैंड
कनाडा	मारीशस	थाइलैंड
चीन लोक गणराज्य	ओमान	टर्की
हांग कांग	रूस	यूनाइटेड किंगडम
इंडोनेशिया	साउदी अरब	यूनाइटेड अरब अमीरात
आयरलैंड	सिंगापुर	संयुक्त राज्य अमेरिका
इजराइल		

5.15.6 विभिन्न प्राधिकारियों को अभ्यावेदन

- समिति ने व्यापार नीति के वार्षिक परिशिष्ट, 2006 के लिए संस्थान की सिफारिशें केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री माननीय श्री कमल नाथ को इस प्राथमिक उद्देश्य के साथ अग्रेषित की हैं कि सेवा व्यापार के निर्यात को बढ़ावा मिले ।
- रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान समिति ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार विधि और डब्ल्यूटीओ क्षेत्र में सदस्यों के लिए अवसरों का पता लगाने हेतु अपने अभ्यावेदन निर्यात संवर्धन परिषद्, एसईजेड और अन्य सरकारी निकायों के समक्ष प्रस्तुत किए हैं ।
- समिति ने प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक, 2006 के संबंध में अपने सुझाव भी दिए थे ।
- संस्थान ने 26 अप्रैल, 2007 को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस को समारोहों में सम्मिलित होते हुए, विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा पहचान किए गए अनुसार वर्ष की विषयवस्तु के अनुरूप ही सृजन को प्रोत्साहित करने में संस्थान की भूमिका को विशिष्ट रूप से बताने वाली प्रेस विज्ञप्ति जारी की थी ।

5.15.7 ज्ञान साझेदारी

समिति ने ज्ञान साझेदारी पृष्ठ विकसित किया है जिसे संस्थान की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है और यह निरंतर डब्ल्यूटीओ की बुनियादी समझ संबंधी उपयोगी और सुसंगत जानकारी प्रदान करता है । यह पृष्ठ विश्व व्यापार के परिप्रेक्ष्य में तेजी से होने वाले नवीनतम विकास के बारे में सदस्यों को परिचित करता है ।

5.15.8 गेट्स के अधीन आरंभिक प्रस्तावों का निर्धारण

समिति वर्तमान गेट्स बातचीत के अंतर्गत आरंभिक और पुनरीक्षित प्रस्तावों का निर्धारण कर रही है और ऐसे सेवा क्षेत्रों में विभिन्न डब्ल्यूटीओ सदस्य देशों द्वारा सेक्टर विनिर्दिष्ट/समान सीमाएं अंकित की गई हैं, जिनमें चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, लेखांकन, संपरीक्षा, बुक कीपिंग, कराधान, कंप्यूटर संबंधित सेवाएं, जिनमें साफ्टवेयर, डाटा प्रसंस्करण और डाटा बेस सेवाओं को सम्मिलित किया जाना है, प्रबंध परामर्शी, विधिक तथा वित्तीय सेवाओं जैसी सेवाएं प्रदान कर सकते हैं, जिससे कि उनसे तुलनात्मक फायदे प्राप्त करने के लिए संभावित रणनीतियों का सुझाव देने के लिए अनुसंधान अध्ययन किया जा सके ।

5.16 बीमा और पेंशन संबंधी समिति

5.16.1 सीए के लिए वृत्तिक अवसरों का विकास करना

- संस्थान के सदस्यों को भारतीय सर्वेक्षक और हानि निर्धारक संस्थान (आईआईएसएलए) का सदस्य बनने की अनुमति दी गई है ।
- आईआरडीए को अभ्यावेदन किए गए हैं कि चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों को आईआईएसएलए का सदस्य बनने के लिए अनिवार्य 12 मास के प्रशिक्षण और भारतीय बीमा संस्थान की परीक्षा से छूट दी जाए और सर्वेक्षण तथा हानि निर्धारकों के वर्गीकरण में सीए अर्हता को प्वाइंट प्रदान किए जाएं ।

- आईसीएआई के सदस्यों की सेवाओं का उपयोग करने के लिए आईआरडीए, पीएफआरडीए और इएसआई निगम को अभ्यावेदन किए गए हैं ।
- सभी बीमा कंपनियों, आईआरडीए रजिस्ट्रीकृत बीमा ब्रोकरों और आईआरडीए रजिस्ट्रीकृत टीपीए से बीमा और जोखिम प्रबंध क्षेत्रों में डीआईआरएम अर्हित सदस्यों की सेवाओं का उपयोग करने का अनुरोध किया गया था ।
- समिति ने निम्नलिखित निर्यात संवर्धन परिषदों के सदस्यों को बीमा और जोखिम प्रबंध में डीआईआरएम अर्हित सदस्यों की सेवाओं का उपयोग करने के लिए ई-मेल भेजी हैं :

  1. खेलकूद सामान निर्यात संवर्धन परिषद्
  2. भारतीय काजू निर्यात संवर्धन परिषद्
  3. प्लास्टिक निर्यात संवर्धन परिषद्
  4. भारतीय सिल निर्यात संवर्धन परिषद्
  5. सूती वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद्

5.16.2 बीमा और जोखिम प्रबंध तथा पेंशन के क्षेत्रों में सीए के बीच डोमेन विशेषज्ञता विकसित करना

प्रकाशन

- 'ए स्टडी ऑन एंटी-मनी लॉंडरिंग एंड इंश्योरेंस सेक्टर' शीर्षक वाली एक पुस्तक का प्रकाशन किया गया है, जिसमें बीमा क्षेत्र में धन शोधन से संबंधित प्रमुख मुद्दों को सम्मिलित किया गया है, जो ऐसा महत्वपूर्ण वृहत मुद्दा बन गया है, और जिसका समुचित प्रबंध अपेक्षित है ।
- 'रिस्क मेनेजमेंट' शीर्षक वाली एक पुस्तक जारी की गई है । यह प्रकाशन जोखिम की पहचान, विश्लेषण, अंतरण और प्रतिधारण, उससे बचने और उसे कम करने से संबधित सभी पहलुओं और जोखिम प्रबंध के लिए उपलब्ध विभिन्न उपकरणों को सम्मिलित करता है ।
- समिति ने सदस्यों और अन्य संबंधित व्यक्तियों के फायदे के लिए प्रकाशने निकालने हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों की पहचान की है :

  1. कृषि बीमा
  2. बीमा कपट की पहचान करना और रोकना
  3. जीवन बीमा कारबार में सम्मिलित अस्तित्वों के लिए लेखांकन मुद्दे
  4. साधारण बीमा कारबार में सम्मिलित अस्तित्वों के लिए लेखांकन मुद्दे
  5. आतंकवाद जोखिम बीमा
  6. निम्नलिखित को सम्मिलित करने वाला पुनःबीमा :

     (क) पुनःबीमा बाजार, पुनःबीमा के विशेष को

     (ख) अंतर्मुखी पुनःबीमा

     (ग) पुनःबीमा व्यवहार

     (घ) पुनःबीमा प्रशासन

7. बीमा दलाली पर एक अध्ययन

8. बीमा कारबार में बीपीओ

9. बीमा कारबार में आस्ति दायित्व प्रबंध

10. बीमा कंपनियों के निवेश कृत्य पर तकनीक गाइड (पुनरीक्षण)

11. बीमा सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों पर एक अध्ययन (पुनरीक्षण)

12. जीवन बीमा कारबार कर रही कंपनियों की संपरीक्षा संबंधी मार्गदर्शन टिप्पण (पुनरीक्षण)

13. साधारण बीमा कारबार कर रही कंपनियों की संपरीक्षा संबंधी मार्गदर्शन टिप्पण (पुनरीक्षण)

14. बीमा कंपनियों के निवेशों की जांच संबंधी तकनीकी गाइड (पुनरीक्षण)

कार्यक्रम :

- बीमा और जोखिम प्रबंध के क्षेत्रों में सदस्यों की सक्षमता विकसित करने के लिए क्षेत्रीय परिषदों और चयनित शाखाओं को इन क्षेत्रों पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विशेष वित्तीय सहायता दी जा रही थी ।

- 25 अगस्त, 2006 को मुंबई में " प्रति धन-शोधन और बीमा क्षेत्र" विषय पर एक गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया था । इस सम्मेलन की मेजबानी डब्ल्यूआईआरसी ने की थी ।

- 2 सितंबर, 2006 को गाजियाबाद में " भारतीय बीमा और पेंशन क्षेत्र का रूपांतरण -चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों की भूमिका और अवसर" विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था । इस संगोष्ठी की मेजबानी गाजियाबाद शाखा ने की थी । इसमें 259 व्यक्तियों ने भाग लिया था ।

- हैदराबाद में 7 जुलाई, 2007 को तथा कोलकाता में 28 जुलाई, 2007 को भारतीय बीमा क्षेत्र का रूपांतरण - चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों की भूमिका विषय पर संगोष्ठियों का आयोजन किया गया था । इन संगोष्ठियों की मेजबानी क्रमशः आईसीएआई की हैदराबाद शाखा और ईआईआरसी द्वारा की गई थी ।

- सीपीई समिति को, वर्ष 2007-2008 के सीपीई कलेंडर में सम्मिलित किए जाने के लिए बीमा और जोखिम प्रबंध से संबंधित मुद्दों की सूची उपलब्ध कराई गई है । सीपीई पीओयू से बीमा और पेंशन क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया गया है ।

- बीमा और संबंधित क्षत्रों के प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों, जैसे कि राष्ट्रीय बीमा अकादमी, बीमा और जोखिम प्रबंध संस्थान आदि से बीमा और जोखिम प्रबंध के क्षेत्रों में संस्थान की प्रकाशन परियोजनाओं से सहबद्ध होने और बीमा तथा पेंशन क्षेत्रों से संबंधित विषयों पर संयुक्त प्रशिक्षण और वृत्तिक शिक्षा कार्यक्रम आयोजन करने का अनुरोध किया गया है ।

5.16.3 पश्च अर्हता पाठ्यक्रमों और अन्य शैक्षिक पाठ्यक्रमों की प्रस्थापना करके बीमा और पेंशन क्षेत्रों में सदस्यों को प्रशिक्षित और सुसज्जित करना

- डीआईआरएम पाठ्यक्रम को और अधिक गहन बनाने और बीमा तथा पेंशन क्षेत्रों के विकास को उसमें सम्मिलित करने के विचार से डीआईआरएम की पुनरीक्षित पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या को अंतिम रूप दिया गया है और आवश्यक अनुमोदन मांगे जा रहे हैं ।

- मई, 2004 से मई, 2006 के बीच आयोजित डीआईआरएम तकनीकी परीक्षाओं (पांच परीक्षाएं) के सुझाव दिए गए उत्तरों को तैयार किया गया और संस्थान की वेबसाइट पर और साथ ही समिति के पोर्टल पर भी रखा गया । समिति ने मई, 2004 से मई, 2006 के दौरान आयोजित डीआईआरएम तकनीकी परीक्षाओं (कुल पांच परीक्षाएं) के सुझाव दिए गए उत्तरों के मुद्रित पाठ को भी जारी किया है ।

- ऐसे अभ्यर्थियों के लिए, जिन्होंने आईआरएम तकनीकी परीक्षा उत्तीर्ण की थी, हैदराबाद, नई दिल्ली और अहमदाबाद में क्रमशः 11-16 सितंबर, 2006, 6-11 नवंबर, 2006 और 19-24 फरवरी, 2007 के दौरान तीन अनुकूलन पाठ्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था ।

- समिति, सदस्यों के बीच डीआईआरएम पाठ्यक्रम को लोकप्रिय बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और उपयुक्त उपाय कर रही है । इसके परिणामस्वरूप 18 अगस्त, 2007 तक रजिस्ट्रीकरणों की संख्या 3206 तक पहुंच गई थी । क्षेत्रवार संख्या निम्नानुसार है :

18 अगस्त, 2007 तक रजिस्ट्रीकृत अभ्यर्थी :



क्षेत्र	पूर्वी	पश्चिमी	उत्तरी	दक्षिणी	मध्य
18 अगस्त, 2007 तक रजिस्ट्रीकृत अभ्यर्थी	360	656	466	1083	641

- 1 अप्रैल, 2006 से 18 अगस्त, 2007, 2007 की अवधि के दौरान आयोजित डीआईआरएम तकनीकी परीक्षाओं में सफल हुए अभ्यर्थियों की संख्या

मास और वर्ष	उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या
मई, 2006	109
नवंबर, 2006	51
मई, 2007	68

5.16.4 बीमा और जोखिम प्रबंध

पोर्टल समिति का एक पृथक वेब पोर्टल आरंभ किया गया है । इसे इसमें ज्ञान का प्रसार और ऐसे सदस्यों की पहचान करने के लिए, जो बीमा और पेंशन क्षेत्रों में विशेषज्ञता विकसित करना चाहते हैं पणधारियों के लिए एकल पटल समाधान जैसी सुविधाओं को सम्मिलित करने के लिए प्रोन्नत किया गया है ।

5.17 निगम शासन संबंधी समिति :

संस्थान ने, निगम शासन के महत्व और सभी पणधारियों के हित में उसके योगदान को मान्यता प्रदान करते हुए, सक्रिय रूप से निगम शासन संबंधी समिति का गठन किया । इसका प्रमुख जोर स्वतंत्र निदेशकों संबंधी यथा संभव प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की व्यवस्था करने और उसे सौंपे गए कृत्यों के अनुरूप अन्य क्षेत्रों के संबध में कार्यवाही करने पर था । समिति ने, अब तक की गई प्रगति को ध्यान में रखते हुए और उसे सौंपे गए कृत्यों के अनुसार कार्य करते हुए, वर्ष 2007-08 के दौरान किए जाने के लिए निम्नलिखित नवीन उपाय आरंभ किए हैं ।

5.17.1 आयोजित किए गए सम्मेलन/संगोष्ठियां :

- वर्ष के दौरान, समिति ने हैदराबाद, कोलकाता, धनबाद, अमृतसर, नई दिल्ली, आगरा और लुधियाना जैसे स्थानों पर " स्वतंत्र निदेशकों" से संबंधित 7 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया था । लगभग 400 व्यक्तियों ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया । मई, 2007 में कोलकाता में भी इसी कार्यक्रम की पुनरावृत्ति की गई थी ।
- 7-8 जुलाई, 2006 को कोलकाता में - " कार्पोरेट गवर्नेंस - मिथ टू रियलेटी - ए वे फारवर्ड" विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर सम्मेलन का आयोजन किया गया था ।

5.17.2 पहलें

संस्थान भारत में कार्पोरेट शासन को सुदृढ़ बनाने के लिए मुख्य भूमिका अदा करेगा । ऐसे उपाय के भाग रूप में यह निम्नलिखित करने का प्रस्ताव करता है :

उद्योग के लिए :

- भारत में कार्पोरेट शासन को मजबूत करना
- सदस्यों/उद्योग को उनके कार्पोरेट शासन मानकों का मूल्यांकन करने में सहायता देना
- जोखिम निर्धारण और कर्पोरेट शासन में समर्थन प्रदान करना

- कार्पोरेट शासन में प्रौद्योगिकी का प्रभाव

हमारी वृत्ति के सदस्यों के लिए :

- स्वतंत्र निदेशकों के लिए दीर्घ और अल्पकालिक पाठ्यक्रम आयोजित करना
- कार्पोरेट शासन संबंधी पाठ्यक्रम आरंभ करना

विनियामकों के लिए :

- सेबी और एनएफसीजी को आवश्यक समर्थन उपलब्ध कराना
- भारत में कार्पोरेट शासन संबंधी अनुसंधान प्रकाशन निकालने का प्रस्ताव

सभी क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए विभिन्न स्थानों पर 5 राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों की योजना बनाई और कार्पोरेट शासन में सर्वोत्तम व्यवहार का पालन करने वाली कंपनियों के अध्यक्षों को इन संगोष्ठियों के उदघाटन सत्र में आमंत्रित किए जाने की संभावना है ।

कार्पोरेट शासन व्यवहारों में सुधार के महत्व पर ध्यान केंद्रित करते हुए गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के बीच जागरूकता का सृजन करने के लिए एनएफसीजी के साथ् संयुक्त रूप से अनेक गोष्ठियों/परिसंवादों के आयोजन की संभवना का पता चलाना और एक ऐसे संयुक्त कार्यक्रम "कार्पोरेट गवर्नेन्स थ्रू ऑडिट कमेटी" का आयोजन 27 जून, 2007 को किया गया था ।

5.17.3 आगामी प्रकाशन

- बीमा कंपनियों के लिए कार्पोरेट शासन संहिता
- स्वतंत्र निदेशकों और संपरीक्षा समिति की भूमिका और उत्तरदायित्व

6. अंतरराष्ट्रीय कार्य समिति

6.1 अन्य लेखांकन निकायों द्वारा भारतीय अर्हता को मान्यता

चयनित विदेशी लेखांकन निकायों द्वारा संस्थान की अर्हताओं के मूल्याकंन के लिए उनके साथ निरंतर संवाद की प्रक्रिया का तेजी से चलते रहना ताकि विदेशी निकायों की अर्हता का भाग बनने वाले प्रशिक्षण और परीक्षा से आईसीएआई के सदस्यों को छूट प्राप्त हो जाए । लंबी प्रक्रिया होने के कारण, जिसमें अर्हता, प्रशिक्षण, सतत वृत्तिक शिक्षा और अनुशासनात्मक अपेक्षाओं का मूल्यांकन और साथ ही साथ जीएटीएस (गेट्स) के अधीन बातचीत की वर्तमान स्थिति तथा देशीय संवेदनशीलताएं भी अंतर्वलित हैं, प्रक्रिया के परिणाम धीमे हैं, फिर भी संस्थान अपने प्रयासों से शीघ्र ही समाप्त करने के लिए सक्रिय है । अर्हता मान्यता की प्रक्रिया यूएसए, कनाडा, आस्ट्रेलिया, यूके, सिंगापुर आदि के लेखांकन निकायों के साथ चर्चा के विभिन्न प्रक्रमों पर है ।

6.2 अंतरराष्ट्रीय मंचों में संस्थान का प्रतिनिधित्व

संस्थान द्वारा अदा की गई महत्वपूर्ण भूमिका का प्रमाण उसके अंतरराष्ट्रीय लेखांकन निकायों अर्थात् इंटरनेशनल फेडरेशन आफ एकाउन्टेन्ट्स (आईएफएसी), कन्फडरेशन ऑफ एशियन एंड पेसिफिक एकाउन्टेन्ट्स (सीएपीए) और साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ एकाउन्टेन्ट्स (एसएएफए) की विभिन्न कृत्यकारी समितियों के अलावा उनके शासन बोर्डों में नामनिर्देशन से मिलता है । इस समय आईसीएआई का प्रतिनिधि एसएएफए के अध्यक्ष का पद धारित किए हुए है । निम्नलिखित में इसके नामनिर्देशिती प्रतिनिधित्व करते हैं :-

आईएफएसी की समितियां

- अंतरराष्ट्रीय लेखांकन शिक्षा मानक बोर्ड
- लघु और मध्यम प्रेक्टीशनर समिति
- विकासशील राष्ट्र समिति
- अंतरराष्ट्रीय पब्लिक सेक्टर लेखांकन मानक बोर्ड
- कारबार समिति में वृत्तिक लेखाकार
- अनुपालन सलाहकार पेनल
- निष्कर्षणीय उद्योग परियोजना पर आईएएसबी सलाहकारी पेनल

सीएपीए

सीएपीए की कंफेडरेशन ऑफ एशियन एंड पेसिफिक एकाउन्टेन्ट्स एंड स्ट्रेटेजिक समिति के उपाध्यक्ष के रूप में ।

एसएएफए

- पारदर्शिता, जवाबदेही और शासन में सुधार संबंधी समिति
- लेखांकन और लेखांकन मानकों संबंधी समिति
- शिक्षा, प्रशिक्षण और सीपीडी संबंधी समिति
- वृत्तिक आचार संहिता और स्वतंत्रता संबंधी समिति
- क्वालिटी नियंत्रण पुनर्विलोकन (क्यूसीआर) संबंधी समिति
- कारबार में वृत्तिक एकाउन्टेन्टों संबंधी समिति
- सार्क देशों में प्रमुख उत्पादों के लागत सूचकांक के अध्ययन संबंधी कार्य समूह
- एसएमई के लिए लेखांकन मानकों संबंधी आईएएसबी कार्य समूह
- सचिव, आईसीएआई स्थायी सचिव के रूप में
- पूर्व अध्यक्ष, आईसीएआई, एसएएफए सलाहकार के रूप में

आईएएसबी

एसएमई के लिए लेखांकन मानकों संबंधी कार्यकारी समूह ।

6.3 एमओयू

इंस्टीट्यूट ऑफ सर्टिफाइड पब्लिक एकाउन्टेन्ट्स ऑफ सिंगापुर के साथ एमओयू पर बातचीत चल रही है । यह संभावना की जाती है कि शीघ्र ही दोनों संस्थान एक दूसरे की शिक्षा, प्रशिक्षण, परीक्षा और अन्य विनियमित ढांचे के अपने मूल्यांकन को एक दूसरे को बताएंगे ।

सीपीए आस्ट्रेलिया की अर्हताओं और आईसीएआई की वृत्तिक अर्हताओं को समतुल्य बनाने संबंधी प्रगति संतोषप्रद है । दोनों पक्षों ने शिक्षा, प्रशिक्षण, सीपीडी और अन्य संघटकों से संबंधित सूचना

का आदान-प्रदान किया है और दिल्ली में कुछ बैठकें भी की हैं । यह बातचीत अक्तूबर, 2007 तक पूरी हो जाने की संभावना है ।

जब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने जीएफओए बैठक के लिए यूएसए का दौरा किया था, तब 12 जून, 2007 को शासकीय वित्त अधिकारी संगम के साथ करार पर हस्ताक्षर किए गए थे । यह करार लोक वित्तीय प्रबंध व्यवहारों के संबंध में सूचना के आदान-प्रदान का संवर्धन करने और आईसीएआई को नगरपालिक लेखांकन और वित्त के क्षेत्र में उसके चालू कार्यक्रम पर समर्थन दिए जाने पर बल देता है ।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट इन इंग्लैंड एंड वेल्स (आईसीएईडब्ल्यू) के साथ परस्पर मान्यता करार करने संबंधी प्रक्रिया की जा रही है और इसके अतिरिक्त इस संबंध में कार्य योजना बनाने और दोनों निकायों के बीच एमआरए के लिए दूरी कम करने वाला तंत्र तैयार करने के लिए जुलाई, 2007 में आईसीएईडब्ल्यू के एक दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आईसीएआई, दिल्ली का दौरा किया ।

6.4 विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के दौरे और भारतीय प्रतिनिधिमंडलों के विदेशी दौरे

उप महासचिव, द नेशनल ऑफिस ऑफ रेक्टीफिकेशन एंड स्टेन्डर्डाइजेशन ऑफ मार्केट इकोनोमिक आर्डर, वाणिज्य मंत्रालय, चीन गणराज्य की अध्यक्षता में चीन के एक 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 7 अगस्त, 2006 को संस्थान का दौरा किया और संस्थान की गतिविधियों, विशेषकर अनुशासनात्मक तंत्र प्रवृत्त करने की उसकी भूमिका के संबंध में ब्यौरेवार परस्पर क्रिया की ।

भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट संस्थान से एक 3 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगोलिया का दौरा किया और वहां एक एकदिवसीय सम्मेलन को संबोधित किया । इस अवसर पर, मंगोलिया सीपीए संस्थान को, अन्य बातों के साथ, सूचना प्रौद्योगिकी और अंग्रेजी संसूचना पर सहायता देने के लिए एक चर्चा ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए थे । मंगोलिया से, उनके अध्यक्ष की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल के प्रत्युत्तर में जनवरी, 2007 में भारत का दौरा किया और चैन्नई में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया और तत्पश्चात् आईसीएआई के प्रतिनिधियों से विचार-विमर्श किए ।

भूटान के महा संपरीक्षक के कार्यालय से भूटान के महा संपरीक्षक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने 12 दिसंबर, 2006 को संस्थान का दौरा किया और भूटान किंगडम में लेखांकन अवसंरचना को सुदृढ़ करने और संबद्ध सक्षमता बनाने संबंधी मुद्दों पर संस्थान से सहायता का अनुरोध किया । संस्थान ने उक्त प्रतिनिधिमंडल के दौरे पर, संस्थान की भूटान में लेखांकन वृत्ति की स्थापना करने और उसके लिए आईसीएआई के तकनीकी सहयोग में दिलचस्पी को महा संपरीक्षक के कार्यालय को अग्रेषित किया था और उस पर अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है ।

टोक्यो सर्टिफाइड पब्लिक टैक्स एकान्टेन्टस एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों की समाजिक भूमिका, लेखांकन मानकों (एएस) और अंतरराष्ट्रीय लेखांकन मानक (आईएएस) के बीच संबंध और लेखांकन की स्वतंत्रता से संबंधित विषय पर 13.12.2006 को संस्थान के साथ परस्पर बातचीत की थी । प्रतिनिधिमंडल ने दोनों देशों में संबंधित वृत्तियों की संरचना और दोनों निकायों के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की थी ।

सर डेविड टवीडी की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड के एक प्रतिनिधिमंडल ने 13 से 15 फरवरी, 2007 के दौरान भारत का दौरा किया और इस दौरे के दौरान उसने विनियामकों, अर्थात् कार्पोरेट कार्य मंत्रालय के मंत्री और सचिव, उप राज्यपाल, भारतीय रिजर्व बैंक, अध्यक्ष, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, सचिव, व्यय, वित्त मंत्रालय और सचिव (बैंकिंग), वित्त मंत्रालय के साथ बैठकें कीं । इस अवसर पर आईसीएआई के कार्यालय में विभिन्न विनियामकों के साथ एक गोलमेज

बैठक का भी आयोजन किया गया था । इन बैठकों के दौरान, आईएएसबी की भूमिका और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों के साथ समाभिरूपण संबंधी उनके कार्यक्रम की विशिष्टियां बताई गई थी । इस अवसर पर, फिक्की के साथ भी एक संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें मानकों के समाभिरूपण के मुद्दे पर सर डेविड टवीडी के साथ परस्पर क्रिया के लिए प्रमुख निगमों के सीएफओ को आमंत्रित किया गया था । इस अवसर ने समाभिरूपण पर भारतीय संदर्भ में विचारों के आदान प्रदान का मौका दिया ।

श्री पॉल मीकल जोन, अध्यक्ष, सीपीए आस्ट्रेलिया और श्री पॉल वाप्पेट, महाप्रबंधक, (विकास), सीपीए, आस्ट्रेलिया से युक्त एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली स्थित संस्थान के कार्यालय का दौरा किया और एक दूसरे की अर्हताओं को परस्पर मान्यता देने से संबंधित बातचीत को सुदृढ़ करने के लिए 1 मार्च, 2007 को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव से परिचर्चा की ।

जनवरी, 2007 में संपरीक्षा कार्यालय से एक अफगानिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के दौरे के परिणामस्वरूप संस्थान ने इस विषय पर अफगानिस्तान के उप महासंपरीक्षक से बातचीत की है, जिसमें संस्थान ने अफगानिस्तान में लेखांकन वृत्ति की अवसंरचना विकसित करने में अपनी दिलचस्पी जाहिर की है ।

श्री जोन कैलस, अध्यक्ष आईएएएसबी और श्री जिम सिल्फ, कार्यकारी निदेशक, आईएएएसबी ने 17-18 मार्च, 2007 के दौरान अपने नई दिल्ली के दौरे में परस्पर दिलचस्पी के विषयों पर संस्थान से चर्चा की थी ।

लंदन के लार्ड मेयर की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने, जो भारत दौरे पर था, 22 मई, 2007 को आईसीएआई कार्यालय का दौरा किया । लार्ड मेयर ने दोनों देशों में लेखांकन निकायों के बीच सहयोग पर बल देने वाला एक संक्षिप्त संबोधन किया । इस बैठक में श्री ग्राहम वार्ड, पूर्व अध्यक्ष, आईएफएसी, यूके और ब्रिटिश उच्च आयोग, दिल्ली के कुछ पदधारियों ने भी भाग लिया । इस बैठक में दोनों देशों के लेखांकन वृत्तिकों द्वारा सीमा पार सेवाओं के आदान प्रदान पर और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए मार्ग खोजने पर ध्यान केन्द्रित किया गया था । बैठक में एक दूसरे की अर्हता को मान्यता देने पर भी बातचीत की गई थी, जिससे कि दोनों देशों में बड़ी संख्या में सेवा प्रदाताओं से व्यापार और उद्योग जगत को फायदा प्राप्त हो ।

आईसीएआई प्रतिनिधिमंडल द्वारा फ्रांसिसी लेखांकन वृत्ति के प्रतिनिधियों के साथ टर्की, इस्ताम्बुल में नवंबर, 2006 की बैठक के दौरान हुई चर्चा के परिणामस्वरूप स्वःवितपोषण के आधार पर आईसीएआई सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल को फ्रांस ले जाने पर सहमति हुई थी । प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य, अन्य बातों के साथ, बैंककारी, पूंजी बाजार, कारबार परिस्थितियों, चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के क्षेत्र में फ्रांसिसी विनियामक ढांचे को बेहतर रूप से समझना और सदस्य-दर-सदस्य नेटवर्क की स्थापना की संभावना की तलाश करना था । इस अध्ययन दौरे में, जिसकी अध्यक्षता, अध्यक्ष, आईसीएआई द्वारा की गई थी और जिसमें चौदह सदस्यों ने भाग लिया था, फ्रांस स्थित भारतीय राजदूत के अलावा विनियामक निकायों और अन्य पणधारियों से ब्यौरेवार परस्पर क्रिया की गई थी । इस अध्ययन दौरे से यह संभावना है कि इससे, दोनों देशों में सदस्यों के, दोनों जगह कारबार स्थापित करने, संसाधनों के अंशभाजन और जानकारी के आदान-प्रदान और उसकी विभिन्न अभिव्यक्तियों में बी-2-बी के संबंध में प्रश्नों का समाधान करने के लिए तकनीकी पटल स्थापित करने के निबंधनों में द्विपक्षीय सहयोग में वृद्धि को सुकर बनाएगा ।

संस्थान, आईसीएआई सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल को अक्तूबर, 2007 में विनियामकों और अन्य पणधारियों के साथ बैठक करने के लिए इटली ले जाने की योजना बना रहा है । चूंकि अक्तूबर,

2007 में, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ बैठकों का आयोजन करने के लिए एक अन्य प्रतिनिधिमंडल स्विटजरलैंड और बेल्जियम भेजने की योजना बनाई जा रही है, इसलिए इन दो प्रतिनिधिमंडलों को जोड़ने की संभावना पर विचार किया जा रहा है ।

6.5 सम्मेलन

- संस्थान ने 30 सितंबर, 2006 को चैन्नई में " एकाउन्टिग प्रोफेशन इन साउथ एशियन रीजन वेल्यूस एंड प्रस्पेक्टिव" विषय पर एक एसएएफए सम्मेलन का आयोजन किया था । इस सम्मेलन के साथ एसएएफए उत्कृष्टता केन्द्र और विभिन्न कार्यसमूहों तथा एसएएफए सभा के बीच बैठकें भी कराई गई थी ।

- आईसीएआई ने 3 अप्रैल, 2007 को नई दिल्ली में एसएएफए (दक्षिण एशिया एकाउन्टेन्ट फेडरेशन) बोर्ड की पहली बैठक का आयोजन किया था । एसएएफए बोर्ड बैठक के साथ "एसएएफए को आईएफएसी और सार्क का उत्कृष्टता केन्द्र बनाना - मुद्दे और परिप्रेक्ष्य" विषय पर 4 अप्रैल, 2007 को एक गोलमेज सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था । एसएएफए बोर्ड सदस्यों के अलावा, अनेक केन्द्रीय परिषद् सदस्यों, क्षेत्रीय परिषद् के सदस्यों और आईसीएआई और आईसीडब्ल्यूएआई के पूर्व अध्यक्ष भी इस अवसर पर उपस्थित हुए थे ।

- एसएएफए के पदधारियों के साथ आईसीएआई के अध्यक्ष और सचिव ने नई दिल्ली में 3 अप्रैल, 2007 को आयोजित सार्क शीर्ष सम्मेलन में भाग लिया था । यह पहली बार था, जब एसएएफए पदधारियों को, मेजबान निकाय के अध्यक्ष के साथ सार्क मंत्रालयीय में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था ।

- चैन्नई में 11-13 जनवरी, 2007 के दौरान " नई सहस्राब्दी में वृत्ति की भूमिका" विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था । इस सम्मेलन का उदघाटन माननीय श्री के. रहमान खान, उप सभापति, राज्य सभा द्वारा किया गया था और इसमें विदेशी प्रतिनिधिमंडलों सहित लगभग 1500 प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया था ।

6.6 अन्य

समिति ने, आईएफएसी नॉलेज नेट नामक एक संसाधन केन्द्र को सहयोग और समर्थन के संबंध में आईएफएसी से प्रस्ताव पर विचार किया । उक्त संसाधन, आईसीएआई की वेबसाइट पर एक इंटरनेट सर्च इंजन उपलब्ध कराने का आशय रखता है, जिसके द्वारा आईसीएआई वेबसाइट और आईएफएसी नॉलेज नेट पर सर्च करना सुकर हो जाएगा । संसाधन ऐसी क्षेत्र सूचना के निबंधनों में नमनीयता उपलब्ध कराता है, जिस तक संदाय सहित या रहित पहुंच उपलब्ध कराई जाती है ।

संस्थान ने विभिन्न देशों की व्यापार नीति पुनर्विलोकन पर और कोरिया, जापान, थाईलैंड और ऐसे ही अन्य देशों के साथ प्रारंभ किए जाने वाले विभिन्न एफटीए से संबंधित विषयों पर अंतर्निवेश उपलब्ध कराना जारी रखा ।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा भारत और यूके के बीच द्विपक्षीय सहयोग और भारतीय लेखांकन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए गठित इंडो-यूके लेखांकन कार्य बल ने बहुविध परस्पर क्रियाएं की थीं और वह इस दिशा में भारत और युके के समतुलनीय निकायों के बीच दूरी कम करने के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण, परीक्षा और अन्य विनियामक ढांचे की समीक्षा कर रहा है । यह कार्य चल रहा है ।

विभिन्न देशों में संपर्क कार्यालय खोलने के मामले में, ऐसे सभी स्थानों पर संपर्क कार्यालय खोलने पर विचार किया जा रहा है, जहां इस समय कोई चैप्टर या कार्यालय नहीं है और जहां संस्थान

के सदस्यों की संख्या 175 से अधिक है । समिति ने जर्नल/वेबसाइट में संसूचना द्वारा विदेशों में स्थित अपने सदस्यों से हित अभिव्यक्ति को आमंत्रित किया है ।

एक पब्लिक सेक्टर सक्षमता निर्माण कार्यक्रम समर्थन परियोजना के लिए इथोपिया फेडरल लोकतांत्रिक गणराज्य को संस्थान की हित अभिव्यक्ति को आगे और कार्यवाही के लिए सूचीबद्ध किया गया है ।

संस्थान ने, जीबूटी सरकार को, उन्हें लेखांकन वृत्ति की अवसंरचना के सृजन की प्रक्रिया में सहायता करने के लिए एक प्रारंभिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है ।

7. अन्य गतिविधियां

7.1 मानव संसाधन विकास

7.1.1 एचआरडी प्रशिक्षण कार्यक्रम

इस तथ्य को मान्यता प्रदान करते हुए कि प्रशिक्षण, सक्षमता के स्तर में वृद्धि और व्यक्तित्व के विकास के लिए रीढ़ की हड्डी के समान है, आईआईएम, एएससीआई, एमडीआई आदि जैसे विख्यात संस्थाओं द्वारा आयोजित विनिर्दिष्ट प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों में भाग लिए जाने के लिए उपाय किए गए हैं । ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रभाव को देखते हुए, अधिकाधिक कर्मचारियों ने इन कार्यक्रमों में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की है । यह आशा की जाती है कि ऐसे व्यवहार संबंधी परिवर्तन, आईसीएआई को, एक उच्च स्तरीय एचआर समूह द्वारा मधुर मुस्कान के साथ समय पर और प्रभावी सेवाएं प्रदान किए जाने के इसके उद्देश्य की पूर्ति में सहायता करेंगे ।

पूर्वोक्त के अतिरिक्त, आईसीएआई ने सदस्यों और छात्रों तथा अन्य संबद्ध व्यक्तियों की जानकारी और कौशल का विकास करने और संवर्धित और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उनकी मनोवृत्ति में परिवर्तन लाने के लिए निम्नलिखित क्षेत्रों/विषयों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया :

- सदस्यों और छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं में सुधार, भावनात्मक प्रभाव, सकल दक्षता और नीतिशास्त्र में सुधार करने की नई नीति, उच्च भावनात्मक तत्व-संगठनात्मक सफलता के उपाय, आत्मविश्वास तनाव और उच्च रक्तचाप अपने भीतर उर्जा को जागृत करने और कार्य में लगे प्रबंधन व्यक्ति : भविष्य की रणनीतियां के क्षेत्रों में संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारिवृंद के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाएं ।
- प्रबंधकों और नेतृत्व के लिए प्रबंधकीय प्रभाविकता, संपर्क कौशल पर विभिन्न विख्यात संस्थानों में नियमित आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा दल निर्माण ।
- मध्यम, वरिष्ठ और उच्च स्तरीय कार्यपालकों के लिए प्रबंधकीय प्रभाविकता/कार्यपालक विकास कार्यक्रमों की एक विशेष रूप से डिजाइन की गई श्रृंखला ।
- ज्ञान के आदान-प्रदान पर आवधिक/सतत् सत्र, चिंता/पूर्विक्ता के क्षेत्रों में अनुभव और उनकी पहचान, अस्थायी समितियों के सचिव ।
- नए व्यक्तियों के लिए जागरूकता और परस्पर सक्रिय सत्र
- अधिकारियों के लिए आवधिक परस्पर सक्रिय अनुकूलन पाठ्यक्रम
- विभिन्न स्तरों के कर्मचारियों के लिए आवधिक परस्पर सक्रिय अनुकूलन सत्र
- कंप्यूटर प्रशिक्षण की श्रृंखला ।

इसके अतिरिक्त, शिकायत समाधान सम्यक परामर्श, प्रोन्नत प्रसुविधा प्रबंध आदि के उद्देश्य से मानव संसाधन पहलें निम्नलिखित हैं :

- मास की शुरूआत शिकायत समाधान और कठिनाई को कम करने वाली प्रक्रिया/उपायों से करना ।
- विभागीय सोमवार बैठकें ।
- कर्मचारियों के अतिरिक्त/केन्द्रित ध्यान की अपेक्षा करने वाले क्षेत्रों में आवधिक कर्मचारी परामर्शी सेवाएं ।
- साप्ताहिक (अर्थात्, शुक्रवार को) प्रशिक्षण कार्यक्रम ।
- कार्य निष्पादन को समुन्नत करके और प्रदाय स्तरों को अपेक्षित मानदंडों पर लाकर निचले स्तर के कर्मचारियों को मुख्यधारा में लाने के लिए निरंतर समर्थन देना ।

इस प्रकार, मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय स्तरों पर 3,989 कर्मचारी घंटों से अधिक के नियमित मानव संसाधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे ।

7.1.2 मानव संसाधन - कल्याण उपाय

आईसीएआई ने सदैव इस बात को मान्यता दी है कि मानव संसाधन इसकी पूर्व की तमाम सफलताओं की सबसे महत्वपूर्ण, आस्ति है । इसका यह भी दृढ़ विश्वास है कि यह आस्ति आने वाले समय की सभी कठिनाइयों का समाधान है और यह आईसीएआई को एक 'मार्गदर्शक तारा' बनाएगी । वर्ष के दौरान भी इसने अपने कर्मचारियों के लिए और अधिक कल्याणकारी उपाय करना जारी रखा ।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सहायता देने के इसके प्रयास के भाग रूप में, पेंशन की दरों में 25% वृद्धि की गई है ।

7.1.3 त्वरित प्रोन्नति स्कीम आरंभ करना

आईसीएआई ने विद्यमान योग्यताओं को अपने पास बनाए रखने तथा नई योग्यताओं को आमंत्रित करने के लिए तारीख 1.2.2007 से प्रभावी एक महत्वाकांक्षी त्वरित प्रोन्नति स्कीम आरंभ की । स्कीम के अधीन निम्नतम स्तर से आरंभ करके विभिन्न पदों को लागू वेतनमानों और साथ ही विभिन्न स्तर के कर्मचारियों को लागू तत्कालीन प्रोन्नति नीति के अधीन प्रोन्नति के लिए विनिर्दिष्ट अवधि के साथ उनके पदनामों को उपांतरित किया गया था । कैरियर विकास को बढ़ावा देने के विचार से नए / मध्यवर्ती वेतनमान प्रारंभ किए गए हैं । विभिन्न स्तरों पर कर्मचारियों की प्रोन्नति में तेजी लाने के लिए पद में न्यूनतम अर्हक सेवा की अवधि को कम किया गया है । नए पदनाम प्रारंभ किए गए हैं । पूर्वोक्त के अलावा, स्कीम आचार के स्तर और प्रदर्शित कार्य निष्पादन के आधार पर, त्वरित कैरियर विकास का भी उपबंध करती है ।

7.2 संपरीक्षा समिति

7.2.1 महत्वपूर्ण उपलब्धियां

- विभिन्न शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों, विकेन्द्रीकृत कार्यालयों और प्रधान कार्यालय में कानूनी और आंतरिक संपरीक्षकों की नियुक्ति के संबंध में पुनरीक्षित मानदंडों का कार्यान्वयन ।
- 3000 से अधिक सदस्य संख्या वाली शाखाओं और डीसीओ के आंतरिक संपरीक्षकों की नियुक्ति ।
- लेखाओं को अंतिम रूप दिए जाने से पूर्व कानूनी और आंतरिक संपरीक्षकों के साथ चर्चा की गई ।

- विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त रिपोर्टों का पुनर्विलोकन और आंतरिक संपरीक्षकों के संप्रेषणों को आईसीएआई की अधिकथित नीतियों के पालन के लिए नोट किया गया ।
- सुसंगतता और अद्यतन बनाने को सुनिश्चित करने के लिए आईसीएआई की पिछले दस वर्षों की वार्षिक रिपोर्टों में यथा उल्लिखित महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का व्यापक पुनर्विलोकन ।
- विभिन्न विभागों/गैर-स्थायी समितियों के लिए आंतरिक संपरीक्षकों के कार्य के विस्तार और उनकी रिपोर्टिंग संरचना का पुनर्विलोकन ।
- आंतरिक नियंत्रण तंत्र को मजबूत करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करना ।
- आधुनिक आईटी परिस्थितियों के संदर्भ में आईटी प्रणाली संरक्षा को और मजबूत करने के लिए उपाय किए जा रहे हैं ।

7.2.2 पहलें

- आईसीएआई के आंतरिक नियंत्रण तंत्र को और सरल तथा कारगर बनाने तथा उसे मजबूत करने के लिए एक परिचर्चा पत्र तैयार किया गया था और उसे सभी उपयोक्ता विभागों/गैर-स्थायी समितियों, क्षेत्रीय कार्यालयों और विकेन्द्रीकृत कार्यालयों को, उनकी टिप्पणियों/विचार जानने के लिए परिचालित किया गया था ।
- शाखाओं के कर्मचारियों को प्रशिक्षण मोड्यूल के संबंध में प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए पहल की गई है ।
- नियत आस्तियों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है ।
- प्राधिकार के समुचित प्रत्यायोजन के प्रयोजन के लिए प्रमुख विभागों की पहचान करने की कार्यवाही की जा रही है ।
- सभी क्षेत्रीय परिषदों की संपरीक्षा के विस्तार क्षेत्र के संबंध में दिशानिर्देश जारी करने के लिए कार्यवाही की जा रही है ।

7.3 वित्तीय रिपोर्टिंग पुनर्विलोकन बोर्ड

संस्थान ने, अन्य बातों के साथ, लागू विभिन्न कानूनों की रिपोर्टिंग अपेक्षाओं, संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानकों और संपरीक्षा तथा आश्वासन मानकों के अनुपालन का पुनर्विलोकन करने के उद्देश्य से वित्तीय रिपोर्टिंग पुनर्विलोकन बोर्ड का गठन किया था । बोर्ड, यों ही चयनित कतिपय उद्यमों के साधारण प्रयोजन वित्तीय विवरणों का और उन पर संपरीक्षक की रिपोर्टों का यथासंभव रूप में निम्नलिखित का अवधारण करने के विचार से पुनर्विलोकन करता है :

(क) वित्तीय विवरणों को तैयार करने और उन्हें प्रस्तुत करने में साधारणतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों का अनुपालन ;

(ख) विनियामक निकायों द्वारा विहित प्रकटन अपेक्षाओं, कानूनों, नियमों और उद्यम के लिए सुसंगत विनियमों का अनुपालन ; और

(ग) संपरीक्षकों की रिपोर्टिंग बाध्यता का अनुपालन ।

बोर्ड के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत उद्यमों में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :

(क) ऐसे उद्यम, जिनके ऋण या साम्या प्रतिभूतियां, भारत में मान्यताप्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध हैं ;

(ख) लोक वित्तीय संस्थाएं और बैंक ;

(ग) 50 करोड़ या अधिक की आवर्त वाले गैर-सूचीबद्ध और अन्य वाणिज्यिक उद्यम, और

(घ) उद्यमों का ऐसा अन्य प्रवर्ग, जो बोर्ड की राय में, वित्तीय विवरण तैयार और प्रस्तुत करने में साधारणतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अननुपालन विनियामक निकायों द्वारा विहित प्रकटन अपेक्षाओं, कानूनों और नियमों तथा उद्यम के लिए सुसंगत विनियमों के अननुपालन और उद्यम तथा संपरीक्षक की रिपोर्टिंग बाध्यताओं के अननुपालन की संभावना के कारण लोकहित को जोखिम में डाल सकते हैं ।

बोर्ड ने, तकनीकी पुनर्विलोककों द्वारा बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत प्रारंभिक पुनर्विलोकन रिपोर्टों पर विचार करने और उन्हें अंतिम रूप देने के लिए वर्ष 2007-08 में सात वित्तीय रिपोर्टिंग पुनर्विलोकन समूहों का गठन किया है ।

संस्थान के सदस्यों और अन्य संबंधित व्यक्तियों को पुनर्विलोकन के दौरान देखे गए अननुपालन से अवगत कराने के विचार से, बोर्ड समय-समय पर ऐसे अननुपालनों का संकलन करता है और उसे जर्नल में प्रकाशित करता है । पूर्व व्यवहार के अनुसार ही, ऐसे अननुपालनों से संबंधित एक टिप्पण को संस्थान के जर्नल के मार्च, 2007 के अंक में प्रकाशित किया गया है । बोर्ड, सदस्यों की जानकारी के लिए, संस्थान की वेबसाइट पर साधारण संप्रेक्षणों को रखने की योजना बना रहा है ।

बोर्ड ने, कतिपय ऐसे मामलों को, जो साधारण प्रयोजन वित्तीय विवरणों और उन पर संपरीक्षकों की रिपोर्टों के पुनर्विलोकन के दौरान बोर्ड के सामने आए, सदस्यों और अन्य संबंधित व्यक्तियों को मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए संबधित समितियों को निर्दिष्ट किया है ।

7.3.1 वर्ष 2004 - 05 के लिए साधारण प्रयोजन वित्तीय विवरणों का पुनर्विलोकन

बोर्ड ने, वर्ष 2004-05 के पुनर्विलोकन के लिए 53 कंपनियों के साधारण प्रयोजन वित्तीय विवरणों और उन पर संपरीक्षकों की रिपोर्टों का चयन किया है । इन 53 कंपनियों में से, 50 कंपनियों का यों ही चयन किया गया था और 3 कंपनियों का चयन, उसकी सूचना में लाई गई जानकारी का संज्ञान लेते हुए किया गया था । इन 53 कंपनियों में से 43 कंपनियों का पुनर्विलोकन चल रहा है ।

7.3.2 परिषद् वर्ष 2007-2008 के दौरान साधारण प्रयेजन वित्तीय विवरणों का पुनर्विलोकन

बोर्ड ने, परिषद् वर्ष 2007-08 के पुनर्विलोकन के लिए 60 कंपनियों का चयन किया है और इन 60 कंपनियों में से, 57 कंपनियों का पुनर्विलोकन चल रहा है ।

7.3.3 साधारण प्रयोजन वित्तीय विवरणों के तकनीकी पुनर्विलोककों को सीपीई प्रत्यय प्रदान करना

बोर्ड ने, सतत् वृत्तिक शिक्षा समिति से तकनीकी पुनर्विलोककों को उपयुक्त सीपीई प्रत्यय घंटे प्रदान करने पर विचार करने की सिफारिश की है ।

7.3.4 पब्लिक सेक्टर उद्यमों के साधारण प्रयोजन वित्तीय विवरणों का पुनर्विलोकन

पब्लिक सेक्टर उद्यमों के साधारण प्रयोजन वित्तीय विवरणों का पुनर्विलोकन कार्य प्रारंभ करने के लिए सी एंड एजी कार्यालय से उपयुक्त समन्वयन किया जा रहा है ।

7.4 आंतरिक संपरीक्षा संबंधी समिति

मिशन

निगम विश्व के लिए आंतरिक संपरीक्षा का सदैव ही अत्यधिक महत्व रहा है । आंतरिक संपरीक्षा, जो कई वर्षों तक किसी संगठन के लेखाओं की जांच का साधन थी, अब प्रगति करके अस्तित्व के कार्यों को प्रभावी और दक्ष रूप से चलाने के लिए प्रबंधन के हाथों एक अनिवार्य नियंत्रण उपकरण बन गया है । आंतरिक संपरीक्षा, आंतरिक नियंत्रणों की पर्याप्तता का मूल्यांकन करने और लागू विधियों और विनियमों, नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन के विस्तारण का निर्धारण करने तथा लागतों को कम करने और दक्षता का संवर्धन करने के लिए सुझाव देने में महत्वपूर्ण और क्रान्तिक भूमिका निभा रही है । संस्थान ने आंतरिक संपरीक्षा के बढ़ते महत्व को मान्यता देते हुए, 5 फरवरी, 2005 को आंतरिक संपरीक्षा संबंधी समिति (सीआईए) का गठन किया । समिति का प्रमुख मिशन, आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक, दिशानिर्देश और उद्योग विनिर्दिष्ट तकनीकी मार्गदर्शन जारी करके इसके सदस्यों को उद्योग की आंतरिक संपरीक्षा के संबंध में अधिक प्रभावी और दक्ष मूल्यवर्धित सेवाओं को उपलब्ध कराने में समर्थ बनाना है ।

उद्देश्य

समिति का उद्देश्य भारत में विद्यमान संपरीक्षा व्यवहार का पुनर्विलोकन तथा आंतरिक संपरीक्षा (एसआईए) संबंधी विकास मानकों को विकसित करना, मार्गदर्शक टिप्पणों को विकसित करना तथा एसएएस से उद्भूत मुद्दों पर स्पष्टीकरण जारी करना है जिससे कि इनको आईसीएआई की परिषद् के प्राधिकार के अधीन जारी किया जा सके ।

7.4.1 आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक

अवधि के दौरान पूरी की गई परियोजनाएं

- **आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक और मार्गदर्शन टिप्पणों का प्राक्कथन (2007 संस्करण)**

प्राक्कथन, आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानकों और मार्गदर्शन टिप्पणों से संबंधित कतिपय मूल मुद्दों को स्पष्ट करता है, जैसे कि आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानकों और मार्गदर्शन टिप्पणों का विस्तार और उनकी प्रास्थिति तथा साथ ही आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानकों से विचलन की दशा में विवक्षाएं और आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानकों और मार्गदर्शन टिप्पणों को जारी करने के लिए आधारिक प्रक्रिया

- **एसआईए 1, एक आंतिरक संपरीक्षा की योजना बनाना**

यह एसआईए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि संपरीक्षा के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर उपयुक्त ध्यान दिया जाता है, संभावी समस्याओं की पहचान की जाती है और यह कि कर्मचारिवृंद के कौशल और समय का उपयुक्त रूप से उपयोग किया जाता है, आंतरिक संपरीक्षा की योजना के संबंध में मानक स्थापित करता है और मार्गदर्शन उपलब्ध कराता है ।

- **एसआईए 2, आंतरिक संपरीक्षा के आधारिक सिद्धांत**

यह एसआईए, ऐसे आधारिक सिद्धांतों को अधिकथित करने और उन्हें संक्षिप्त रूप में स्पष्ट करने के लिए है, जो आंतरिक संपरीक्षा, अर्थात् ईमानदारी, विषयनिष्ठता तथा स्वतंत्रता, गोपनीयता, कौशल और सक्षमता, अन्य व्यक्तियों द्वारा किए गए कार्य, दस्तावेजीकरण, योजना, संपरीक्षा साक्ष्य, आंतरिक नियंत्रण तथा जोखिम प्रबंध प्रणालियों और रिपोर्टिंग को शासित करता है ।

- **एसआईए 3, दस्तावेजीकरण**

इस एसआईए का प्रयोजन किसी आंतरिक संपरीक्षा में दस्तावेजीकरण अपेक्षाओं के संबंध में मानक स्थापित करना और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है । आंतरिक संपरीक्षा दस्तावेजीकरण, आंतरिक संपरीक्षा, पुनर्विलोकन और कार्य के पर्यवेक्षण की योजना और निष्पादन में भी सहायता करता है और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि यह, उसके निष्कर्षों, राय या रिपोर्टों के समर्थन में किए गए कार्य का साक्ष्य उपलब्ध कराता है ।

7.4.2 उद्योग विनिर्दिष्ट मार्गदर्शन

अवधि के दौरान पूरी की गई परियोजनाएं

- **एल्युमिनियम उद्योग में आंतरिक संपरीक्षा पर तकनीकी मार्गदर्शन**

इस तकनीकी मार्गदर्शन को, एल्युमिनियम उद्योग के प्रचालनों और महत्वपूर्ण क्षेत्रों और एल्युमिनियम उद्योग के सुसंगत क्षेत्रों के संबंध में आंतरिक संपरीक्षक की प्रक्रियाओं के संबंध में व्यापक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए जारी किया गया है ।

- **तेल और गैस (अनुप्रवाह) उद्यमों में आंतरिक संपरीक्षा पर तकनीकी मार्गदर्शन**

इस तकनीकी मार्गदर्शन का आधारिक उद्देश्य किसी परिष्करण और विपणन (अनुप्रवाह) तेल और गैस कंपनी में प्रारंभ किए गए आधारिक प्रचालनों को समझने में सहायता करना है । यह विनिर्दिष्ट क्षेत्रों के संबंध में आंतरिक संपरीक्षक द्वारा अपनाई जाने वाली ब्यौरेवार प्रक्रिया को भी वर्णित करता है ।

- **आंतरिक संपरीक्षा संबंधी साधारण मार्गदर्शन (2007 संस्करण)**

इस मार्गदर्शन में, आंतरिक संपरीक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलूओं पर साहित्य अंतर्विष्ट है, जैसे कि आंतरिक संपरीक्षा की योजना बनाना, कर्मचारिवृंद संबंधी अपेक्षाएं और विचार, किसी आंतरिक संपरीक्षक के लिए महत्वपूर्ण कौशल, आंतरिक संपरीक्षा रिपोर्ट का प्रारूपण आदि ।

- **अपस्ट्रीम तेल और गैस कंपनियों में आंतरिक संपरीक्षा संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन**

इस मार्गदर्शन में, अपस्ट्रीम उद्योग के आधारिक प्रचालनों, विशिष्टियों, विकास और गतिविधियों के विनियमन के संबंध में व्यापक जानकारी अंतर्विष्ट है । यह तेल और गैस उद्योगों में आंतरिक संपरीक्षा करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराता है ।

7.4.3 चालू परियोजनाएं

समिति दो प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम - एक, आंतरिक संपरीक्षा और दूसरा सम्यक् अभ्यास पुनर्विलोकन, प्रारंभ करने का भी प्रस्ताव कर रही है ।

- आगरूकता/प्रशिक्षण कार्यक्रम
- आंतरिक संपरीक्षा के क्षेत्र में नवीनतम विकासों के बारे में जागरूकता बनाने के विचार से, समिति अनेक संगोष्ठियों/कार्यशालाओं के आयोजन की परिकल्पना करती है । इस प्रयोजन के लिए समिति, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में संगतता सुनिश्चित करने के लिए एकसमान पृष्ठभूमि सामग्री उपलब्ध कराकर तकनीकी समर्थन प्रदान करती है ।
- चालू अन्य परियोजनाएं

- वर्ष के दौरान पूरी की गई परियोजनाओं के अलावा समिति ने अनेकों परियोजनाएं आरंभ की है । आंतरिक संपरीक्षा संबंधी समिति की चालू परियोजनाओं की सूची इस रिपोर्ट के अनुलग्नक क में दी गई है ।

8. अन्य मामले

8.1 आईसीआई का वार्षिक समारोह

आईसीएआई का 57वां वार्षिक समारोह 4 फरवरी, 2007 को नई दिल्ली में मनाया गया था । लोक सभा के अध्यक्ष माननीय श्री सोमनाथ चटर्जी मुख्य अतिथि थे । समारोह में आईसीएआई द्वारा संचालित परीक्षाओं में मेधावी छात्रों को पुरस्कार तथा मेडल और आईसीएआई की उत्कृष्ट क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं को शील्ड तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए थे । समारोह में सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, सदस्यों, छात्रों, आईसीएआई के अधिकारियों तथा कर्मचारियों सहित बहुत बडी संख्या में आमंत्रितियों ने भाग लिया । मुख्य अतिथि ने चार्टर्ड एकाउंटेंट्स वृत्ति पर प्रशंसा की बौछार लगा दी ।

8.2 चार्टर्ड एकाउंटेंट्स दिवस

चार्टर्ड एकाउंटेंट्स दिवस की याद में 1 जुलाई, 2007 को नई दिल्ली में एक समारोह का आयोजन किया गया था । इस दिन के उपलक्ष्य में पूरे राष्ट्र में संगोष्ठियों और सम्मेलनों की श्रृंखला का आयोजन किया गया था । मुख्य समारोह नई दिल्ली में आयोजित किया गया था । कार्पोरेट कार्य मंत्री माननीय श्री प्रेम चंद गुप्ता इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे । इस अवसर पर बहुत बड़ी संख्या में और उत्साहित उपस्थित व्यक्तियों की मौजूदगी में बहुप्रतीक्षित सीए लोगो का अनावरण किया गया था और आईसीआईसीआई - आईसीएआई के सह-ब्रांड वाले क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ किया गया था । उपरोक्त के अलावा, अनेक स्थानों पर प्रादेशिक परिषदों और उनकी शाखाओं द्वारा भी स्थानीय रूप से भव्य समारोह आयोजित किए गए थे ।

8.3 चार्टर्ड एकाउंटेंट अधिनियम, 1949 और चार्टर्ड एकाउंटेंट विनियम, 1988 में संशोधन

8.3.1 चार्टर्ड एकाउंटेंट अधिनियम, 1949 का संशोधन

मार्च, 2006 में, केन्द्रीय सरकार द्वारा चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स (संशोधन) अधिनियम, 2006 की अधिसूचना के पश्चात्, उक्त अधिनियम की धारा 1 में यथाअंतर्विष्ट उपबंधों के निबंधनानुसार, केन्द्रीय सरकार ने उसे दी गई सशक्तता के निबंधनों में चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स (संशोधन) अधिनियम, 2006 के सुसंगत उपबंधों को नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार प्रभावी किया है :-

